# हरिभूमि

जबलपुर
बुधवार, 14 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष-11
वर्ष : 20, अंक : 256
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 25
न्यून. 11

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





**आवारा कुत्तों का मामला**

कोर्ट ने कहा-जो लोग आवारा कुत्तों पर एक्शन को लेकर चिंतित हैं, उन्हें इनको अपने घरों में ले जाना चाहिए

# सुप्रीम कोर्ट बोला: डॉग बाइट पर तय कर सकते हैं सरकार और खाना खिलाने वाले की 'जवाबदेही'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के मामले पर अहम सुनवाई करते हुए कड़ी टिप्पणी की है।

सुप्रीम कोर्ट में रिहायशी इलाकों में आवारा कुत्तों के आतंक पर संकेत दिया कि वह आवारा कुत्तों के हमलों से होने वाली किसी भी चोट या मौत के लिए नागरिक अधिकारियों और कुत्ते पालने वालों दोनों को उत्तरदायी ठहरा सकता है। शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की है कि जो लोग आवारा कुत्तों को लेकर चिंतित हैं, उन्हें इनकोअपने घरों में ले जाना चाहिए, बजाए इसके कि उन्हें इधर-उधर घूमने, काटने और जनता को डराने दिया जाए। यह मौखिक टिप्पणी तब आई जब न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ आवारा कुत्तों के मुद्दे से संबंधित स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा कि कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए कुत्ते प्रेमियों और उन्हें खाना खिलाने वालों को भी जिम्मेदार और जवाबदेह ठहराया जाएगा।

**सुप्रीम कोर्ट पिछले साल 28 जुलाई को शुरू किए गए एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रहा**


फाइल फोटो

**हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा वसूलने की मांग करेंगे**

न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि कुत्तों के काटने से बच्चों या बुजुर्गों की मृत्यु या चोट के हर मामले के लिए हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा वसूलने की मांग करेंगे, क्योंकि उन्होंने पिछले पांच वर्षों में नियमों के कार्यान्वयन के संबंध में कुछ नहीं किया है। साथ ही इन आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों पर भी जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की जाएगी। न्यायमूर्ति मेहता ने न्यायमूर्ति नाथ के विचारों से सहमति जताते हुए कहा कि जब कुत्ते 9 साल के बच्चे पर हमला करते हैं तो किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए? क्या उस संगठन को जो उन्हें खाना खिला रहा है? आप चाहते हैं कि हम इस समस्या से आंखें मूंद लें।

**छिंदवाड़ा में चाइनीज मांझा बना जानलेवा**

## युवक का कटा गला, कंधे की हड्डी और एक पसली भी टूटी

*युवक आईसीयू में गले पर 14 टांके आए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के गुरैया बायपास पर चाइनीज मांझे की चपेट में आने से 24 वर्षीय युवक राहुल बट्टी गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक का गला बुरी तरह मांझे से कट गया। मांझे में फंसने के बाद बाइक सवार युवक सड़क पर बुरी तरह गिर गया, जिससे उसके कंधे की हड्डी और एक पसली भी टूट गई। बेहद गंभीर हालत में युवक को प्राइवेट हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। उसके गले में 14 टांके आए हैं।


राहुल बट्टी






**एक लाख 10 हजार से अधिक शिक्षकों को मोहन सरकार की सौगात**

**कैबिनेट बैठक : 35 वर्ष की सेवा पूरी करने पर मिलेगा चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान**

# प्राइमरी और मिडिल स्कूल के शिक्षकों के वेतन में होगा 7 हजार तक का इजाफा

- जिनको यह लाभ मिलेगा उनमें प्राथमिक शिक्षकों की संख्या 80,416 तथा माध्यमिक शिक्षकों की संख्या 29,950
- मप्र में अब तक के इतिहास में मुख्यमंत्री सहित कैबिनेट के सभी सदस्य बैठक में टैबलेट के साथ शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार प्रदेश के एक लाख 10 हजार से अधिक प्राइमरी व मिडिल स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को एक बड़ी सौगात देने जा रही है। इसके तहत सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक तथा नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों को एक जुलाई 2023 अथवा उसके बाद की तिथि से 35 वर्ष की सेवा पूरी करने पर चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान दिया जाएगा।

इस वेतनमान के बाद शिक्षकों के वेतन में 4 से लेकर 7 हजार रुपए तक का इजाफा हो जाएगा। कैबिनेट की मंगलवार को हुई बैठक में शिक्षकों के चतुर्थ वेतनमान देने के मसौदे को मंजूरी दे दी गई। इससे सरकार पर करीब 322.34 करोड़ रुपए का वित्तीय भार आएगा। इसमें 111 करोड़ एरियर तथा 210 करोड़ रुपए वेतन पर वित्तीय भार आएगा।

**सरकार पर करीब 322.34 करोड़ रुपए का वित्तीय भार आएगा**


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंत्रिमंडल के साथ कैबिनेट बैठक में

***ग्वालियर व्यापार एवं उज्जैन विक्रमोत्सव व्यापार मेला-2026 में ऑटोमोबाइल विक्रय पर मोटरयान कर में 50% छूट दिए जाने की स्वीकृति***

**मध्यप्रदेश स्पेस टेक नीति 2026 लागू किए जाने की स्वीकृति**

**मप्र स्पेसटेक नीति-2026 में होगा हजार करोड़ का निवेश**

कैबिनेट ने प्रदेश में उपलब्ध 322 औद्योगिक पार्क, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर और 31 गीगावाट की बिजली आपूर्ति, उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थानों आदि संसाधनों एवं अनुकूल वातावरण के दृष्टिगत अंतरिक्ष-ग्रेड विनिर्माण की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य में मप्र स्पेसटेक नीति-2026 लागू की जाने की स्वीकृति दी।

**मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना में 3 वर्षों के लिए 5 हजार करोड़ स्वीकृत**

प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में अधोसंरचना विकास के लिए मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना पंचम चरण को 3 वर्षों (वित्तीय वर्ष 2026-27 एवं 2028-29) के लिए, 5 हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के तहत मास्टर प्लान की सड़कें जिले की प्रमुख एवं अन्य रोड तथा शहर की प्रमुख सड़कों का निर्माण तथा अनुषांगिक कार्य, सडक सुरक्षा एवं शहरी यातायात सुधार, शत-प्रतिशत पेयजल आपूर्ति, सीवरेज, अन्य परियोजनाओं में गैप कवरेज से संबंधित कार्य, इंटरसेप्शन एवं डायवर्जन ड्रेन तथा एसटीपी निर्माण संबंधी कार्य एवं राज्य शासन की प्राथमिकता के कार्य किए जा सकेंगे।

**क्विक कॉमर्स पर सरकार की सख्ती**

## 10 मिनट की डिलीवरी डेडलाइन खत्म, मकसद पार्टनर्स की सुरक्षा

**सोशल सिक्योरिटी कोड 2020 21 नवंबर 2025 से प्रभावी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


फाइल फोटो


भारत के तेजी से बढ़ते क्विक कॉमर्स सेक्टर में एक बड़े नीतिगत बदलाव के तहत केंद्र सरकार ने 10 मिनट की डिलीवरी की अनिवार्य समय सीमा को समाप्त करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया के हस्तक्षेप के बाद, ब्लिंकिट, जेप्टो, जोमैटो और स्विगी जैसे प्रमुख एग्रीगेटर्स ने इस दबावपूर्ण डेडलाइन को हटाने पर सहमति व्यक्त की है।

**स्कूल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही**

## खुले सेप्टिक टैंक में गिरा 18 माह का बच्चा, मौत

**स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश की धज्जियां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना


अनुराग निषाद (मृतक)

अंबाह क्षेत्र के मल्हन कर पुरा गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें 18 माह के छोटे बच्चे की सरकारी स्कूल परिसर में खुले सेप्टिक टैंक में गिरने से मौत हो गई। यह घटना शासकीय माध्यमिक विद्यालय के परिसर में हुई। मृतक बच्चे की पहचान अनुराग निषाद के रूप में हुई है। बच्चे के चाचा भोलू निषाद ने बताया कि अनुराग घर के बाहर खेल रहा था। जब वह काफी देर तक दिखाई नहीं दिया, तो परिजनों ने करीब एक घंटे तक पड़ोसियों के घरों और आसपास के इलाके में उसकी तलाश की।

**खबर संक्षेप**

### पीएम मोदी बनेंगे प्रस्तावक 19 को नामांकन भरेंगे नितिन

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन 19 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस कार्यक्रम की सबसे खास बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं उनके प्रस्तावक के रूप में मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति नबीन के नेतृत्व पर शीर्ष नेतृत्व के अटूट विश्वास को दर्शाती है।



### ट्रक के नीचे दबने से तीन लोगों की दर्दनाक मौत

**रतलाम।** बिलपांक थाना क्षेत्र के उंडवा गांव के पास बीती रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। कोयला घाटी की चढ़ाई चढ़ते समय टाइल्स से लदा एक अनियंत्रित ट्रक अचानक रिवर्स हो गया और पीछे आ रहे लोडिंग वाहन पर पलट गया। इस हादसे में लोडिंग वाहन में सवार तीनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई।



### इंडिगो की 'सेल इंटू 2026' शुरू: 1,499 में हवाई यात्रा

**नई दिल्ली।** साल 2026 में यात्रा की योजना बना रहे यात्रियों के लिए इंडिगो एयरलाइंस धमाकेदार ऑफर लेकर आई है। कंपनी ने अपनी 'सेल इंटू 2026' की घोषणा की है, जिसमें घरेलू उड़ानों का किराया मात्र 1,499 और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का 4,499 रुपए से शुरू हो रहा है। यह सेल 13 से 16 जनवरी तक बुकिंग के लिए खुली है।



**शाजापुर कोतवाली में मामला दर्ज**

### टेलीग्राम पर फर्जी जॉब ऑफर, 21.23 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाजापुर

यहां टेलीग्राम के माध्यम से ऑनलाइन नौकरी का झांसा देकर एक युवक से 21 लाख 23 हजार 79 रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर शाजापुर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादी प्रदीप साहू (37), निवासी कर्नलगंज, गुना, वर्तमान में राजनगर शाजापुर में किराए से रहते हैं और इंडो स्टार कैपिटल फाइनेंस लिमिटेड में ब्रांच क्रेडिट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 23 दिसंबर 2025 को उनके टेलीग्राम आईडी पर महक मिश्रा नामक आईडी से संपर्क हुआ, जिसने नौकरी के बारे में पूछा।


- ऑनलाइन प्रोजेक्ट का दिया झांसा

**दिग्विजय सिंह की बड़ी घोषणा**

### मैं अपनी राज्यसभा की सीट खाली कर रहा हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कहा कि वह अपनी राज्यसभा की सीट खाली कर रहे हैं। वे तीसरी बार राज्यसभा में नहीं जाएंगे। दिग्विजय सिंह का कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 को पूरा हो रहा है। दिग्विजय की घोषणा के बाद मना जा रहा है कि कांग्रेस किसी बड़े चेहरे को राज्यसभा भेज सकती है। दिग्विजयने कहा कि कई फैसले व्यक्तिगत नियंत्रण में नहीं होते, लेकिन अपनी भूमिका को लेकर वह इतना जरूर कह सकते हैं कि वह राज्यसभा की सीट छोड़ रहे हैं। दिग्विजय सिंह ने दिल्ली में एक प्रजेंटेशन दिया है जिसमें उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश की सत्ता में कांग्रेस की वापसी कैसे हो सकती है।


- कांग्रेस की सत्ता बहाली मिशन पर जुटेंगे

**संघ के दफ्तर पहुंचा चीनी दल**

### सरकार्यवाह होसबाले से की मुलाकात, घंटे भर बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। चीनी दल ने आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय दत्तात्रेय होसबाले से उनके दफ्तर में भेंट की। चीनी प्रतिनिधिमंडल सुबह करीब 11 बजे संघ के कार्यालय पहुंचा। वहां दोनों पक्षों के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। बताया जा रहा है कि यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। खास बात यह है कि इस बैठक का अनुरोध खुद चीनी पक्ष की ओर से किया गया था।


- मुलाकात अनुरोध खुद चीनी पक्ष की ओर से किया गया

**भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए पर सुप्रीम कोर्ट का खंडित फैसला**

## 1 जस्टिस नागरत्ना : ऐसी धाराओं से 'भ्रष्ट लोगों' को मिलता है संरक्षण

## 2 जस्टिस विश्वनाथन : इससे ईमानदार अधिकारियों की ज्यादा सुरक्षा होती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार विरोधी कानून के 2018 के एक प्रावधान की संवैधानिक वैधता पर खंडित फैसला सुनाया है, जिसमें भ्रष्टाचार के मामले में किसी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ जांच शुरू करने से पहले मंजूरी लेना जरूरी है। भ्रष्टाचार निवारण कानून 1988 से जुड़े इस मामले में न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए असांविधानिक है।


बीवी नागरत्ना


केवी विश्वनाथन

**इस अधिनियम में भ्रष्टाचार के मामले में किसी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ जांच शुरू करने से पहले मंजूरी लेना जरूरी है**




**अब मामले की बड़ी बेंच करेगी सुनवाई**

एक तरफ जहां जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए असंवैधानिक है और इसे खत्म किया जाना चाहिए, तो वहीं जस्टिस केवी विश्वनाथन ने इस प्रावधान को संवैधानिक बताया और ईमानदार अधिकारियों की सुरक्षा की जरूरत पर जोर दिया। ऐसे में अब इस मामले को भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के सामने रखा जाएगा ताकि अंतिम फैसले के लिए मामले की दोबारा सुनवाई के लिए एक बड़ी बेंच बनाई जा सकें।

**मंजूरी के बिना किसी भी पूछताछ या जांच पर रोक**


भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए, जिसे जुलाई 2018 में पेश किया गया था, किसी भी लोक सेवक के खिलाफ आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन में की गई सिफारिशों के लिए सक्षम प्राधिकारी से पहले मंजूरी के बिना किसी भी पूछताछ या जांच पर रोक लगाती है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला एनजीओ 'सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन' द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संशोधित धारा 17ए की वैधता के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका पर आया है।

## खबर संक्षेप

### बंगाल में फैला जानलेवा संक्रामक रोग

**कोलकाता।** कुछ वर्षों के आंकड़े देखें तो पता चलता है कि देश के विभिन्न हिस्सों में संक्रामक



बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ा है। पिछले साल कई तरह के संक्रामक रोग अक्सर सुर्खियों में रहे। केरल में निपाह वायरस के मामलों ने खूब परेशान किया। अब पश्चिम बंगाल में भी निपाह का संक्रमण है। 70 फीसदी रोगियों की मौत होती है।

### अब पॉलीट्रॉमा आईसीयू में पानी, 14 को निकाला

**जयपुर।** यहां के सवाई मानसिंह अस्पताल के पॉलीट्रॉमा आईसीयू के पास सोमवार देर रात को पाइप से पानी का रिसाव हो गया, जिससे पूरे आईसीयू में पानी भर गया।



कर्मचारियों ने सूचना प्रशासन को दी। प्रशासन ने 14 गंभीर मरीजों को दूसरी जगह ट्रांसफर किया। इस अस्पताल में 3 महीने पहले न्यूरो आईसीयू में आग से 6 लोगों की मौत हो गई थी।

### उपराष्ट्रपति ने नशामुक्त परिसर की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने नशीले पदार्थों के इस्तेमाल से बचाने,विकसित तथा



आत्मनिर्भर भारत दृष्टियोजना साकार करने के निरंतर सामूहिक प्रयास की जरूरत पर जोर देते हुए मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में नशामुक्त परिसर अभियान आरंभ किया। साथ ही ई-संकल्प मंच और मोबाइल एप्लिकेशन का भी शुभारंभ किया।

### राज ठाकरे के बयान पर भड़के अयोध्यावासी

**अयोध्या।** यहां के साधु-संत और स्थानीय लोगों ने बताया कि राज ठाकरे को ऐसी भाषा का प्रयोग



नहीं करना चाहिए। पूरे देश में हिंदी भाषा बोली जाती है। जबरदस्ती किसी भी भाषा को नहीं बुलवाया जा सकता है। राज का बयान बेहद ही निंदनीय है और उनको माफी मांगनी चाहिए। अगर राज ऐसा करेंगे, तोमहाराष्ट्र के लोगों के साथ भी ऐसा होगा।

### सलेम अंतरराष्ट्रीय अपराधी, 2 दिन पैरोल दें

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को बंबई हाई कोर्ट को बताया कि



1993 के मुंबई बम धमाका मामले में दोषी गैंगस्टर अबू सलेम एक अंतरराष्ट्रीय अपराधी है। उसे पुलिस सुरक्षा के साथ केवल दो दिन की आपातकालीन पैरोल दी जा सकती है। सलेम ने अपने बड़े भाई की मृत्यु का हवाला देकर 14 दिन की पैरोल मांगी थी। इसी पर सवाल उठा है।

---

### मराठी अस्मिता और गठबंधन के मुद्दे पर यहां गरमाई सियासत

# प्रचार समाप्त, राजनीतिक पार्टियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप सातवें आसमान पर पहुंचे, सभी बता रहे अपनी दावेदारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में नगर निगम चुनाव इस बार सत्ता की कठिन परीक्षा बन गया है। 15 जनवरी को राज्य की 29 नगर निगमों में मतदान होना है, जिसे लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं। मराठी अस्मिता, गठबंधन की मजबूती और बीएमसी की कुर्सी समेत कई मुद्दों को लेकर राजनीतिक पार्टियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप सातवें आसमान पर पहुंच गया है। आज यानी मंगलवार को इस चुनावी अभियान के प्रचार-प्रसार का आखिरी दिन है। ऐसे में राजनीतिक पार्टियां चुनावी रण में अपनी-अपनी दावेदारी प्रबल बताने में लगी हुई हैं। प्रचार के आखिरी दौर में भी कई बड़े नेता मैदान में उतर चुके हैं, जिसके चलते सियासी तापमान अपने चरम पर है। बता दें कि मतदान को देखते हुए राज्य सरकार ने 15 जनवरी यानी गुरुवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। वोटिंग सुबह 7:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक होगी और नतीजे 16 जनवरी को आएंगे।

*15 को मतदान 29 नगर निगमों में चुनाव*

*227 वार्डों में बीएमसी में मतदान, 1,700 उम्मीदवार मैदान में*

*7.30 बजे सुबह से होगी वोटिंग*



बीएमसी

**बीएमसी में बड़ी लड़ाई**

पहले महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई की बात करें तो मुंबई की सबसे बड़ी नगर निकाय बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के लिए मुकाबला काफी दिलचस्प है। यहां 227 वार्डों के लिए करीब 1,700 उम्मीदवार मैदान में हैं। बीएमसी चुनाव को सत्ता की सेमीफाइनल लड़ाई माना जा रहा है।

#### नागपुर में सीएम फडणवीस ने किया रोड शो

चुनाव प्रचार प्रसार के आखिरी दिन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में जबरदस्त रोड शो किया। वे बुलेट बाइक पर सवार होकर रैली में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि चुनाव के बाद मुंबई में महायुति का मेयर बनेगा। सीएम फडणवीस ने साफ कहा कि बीएमसी की कमान मराठी हाथों में ही रहेगी। उन्होंने विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि मराठी समाज खतरे में नहीं है, बल्कि कुछ राजनीतिक दलों का अस्तित्व खतरे में है। उनका कहना था कि महाराष्ट्र किसी एक पार्टी का नहीं, बल्कि सभी मराठियों का है।

#### मराठी लोगों पर खतराः राउत

दूसरी ओर शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने फडणवीस



पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा की वजह से ही मराठी लोग खतरे में है। राउत ने कहा कि ठाकरे परिवार किसी भी चुनौती से निपटने में सक्षम है और उन्हें डराने की जरूरत नहीं।

#### पुणे में शिवसेना अकेले मैदान में

पुणे नगर निगम चुनाव में एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना



भाजपा से सीटों पर सहमति नहीं बनने के कारण अकेले चुनाव लड़ रही है। पार्टी नेता नीलम गोर्हे ने दावा किया कि शिवसेना इतनी सीटें जीतेगी कि नगर निगम के फैसलों में उसकी अहम भूमिका होगी।

---

### शाह ने गांधीनगर में 267 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

# सनातन धर्म को मिटाना आसान नहीं, ये सूरज और चांद की तरह सदैव अमर रहेगा

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति, लोगों की आस्था को खत्म करना आसान नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने सोमनाथ मंदिर के बीती सदियों में बार-बार तोड़े जाने और 16 बार पुनर्निर्माण का हवाला दिया। शाह ने कहा कि जिन लोगों ने सोमनाथ मंदिर पर हमले किए, वो मिट गए, लेकिन मंदिर आज भी उसी जगह पर पूरे गर्व के साथ खड़ा है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह गुजरात दौरे पर हैं। मंगलवार को अमित शाह ने गांधीनगर में 267 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि 16 बार तबाह किए जाने के बावजूद सोमनाथ मंदिर 1000 साल बाद भी पूरे गर्व और सम्मान के साथ खड़ा है और इसके शीर्ष पर धर्मध्वजा लहरा रही है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि ये पूरी दुनिया के लिए संदेश है कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति और लोगों की आस्था को मिटाना आसान नहीं है। यह चांद और सूरज की तरह शाश्वत और अमर है। सोमनाथ मंदिर भारत की आस्था, विश्वास और गर्व का प्रतीक है।

#### *पीएम ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ किया था*



*बीती 11 जनवरी को पीएम मोदी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ किया था। यह पर्व सोमनाथ मंदिर पर महमूद गजनी के हमले और मंदिर के पुनर्निर्माण के 1000 हजार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। महमूद गजनी ने साल 1026 में सोमनाथ मंदिर पर हमला किया था। केंद्रीय गृह मंत्री ने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सोमनाथ मंदिर के भव्य कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पूरे सालभर देश में मनाया जाएगा। इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और लोगों को जागरूक किया जाएगा।*

#### *मंदिर पर नहीं हमारी आस्था पर किया था हमला*

शाह ने कहा कि एक हजार साल पहले महमूद गजनी ने सोमनाथ मंदिर पर हमला किया और इसे तोड़ा। उसके बाद अन्य हमलावरों जैसे अलाउद्दीन खिलजी, अहमद शाह, महमूद बेगड़ा और औरंगजेब ने भी हमले किए, लेकिन हर हमले के बाद मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया। हमलावर तबाही में विश्वास रखते थे और मंदिर बनाने वालों का विश्वास रचना में। आज 1000 साल बाद हमलावर मिट गए हैं, लेकिन सोमनाथ मंदिर अभी भी पूरे गर्व के साथ खड़ा है। शाह ने कहा कि सोमनाथ मंदिर पर हमला सिर्फ एक मंदिर पर हमला नहीं था बल्कि ये हमारी आस्था, विश्वास और आत्म सम्मान पर हमला था। हमले का जवाब दूसरा हमला नहीं हो सकता। इसका उत्तर आत्म-सम्मान में छिपा है।

#### यहां पर विश्वस्तरीय व्यवस्था होगी,अध्ययन की सुविधा भी

शाह ने कहा कि दुनिया भर की बीएसएल लैब्स का अध्ययन करके यह तैयार की जा रही है। यहां पशुओं से होकर मानव तक पहुंचने वाले रोगों का भी अध्ययन करने की विश्वस्तरीय व्यवस्था होगी। एक अध्ययन के अनुसार 60 से 70 प्रतिशत बीमारियां पशुओं से होकर इंसान तक पहुंचती हैं, इसलिए भारत ने वन हेल्थ मिशन के माध्यम से मानव और पशु दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का कार्यक्रम शुरू किया है।

#### गुजरात बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर समग्र विकास का आधार बनेगा

शाह ने गांधीनगर में गुजरात बायोटेक्नॉलजी रिसर्च सेंटर की बीएसएल-4 बायो-कंटेनमेंट फैसिलिटी का शिलान्यास किया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज गुजरात की धरती से हम भारत की स्वास्थ्य सुरक्षा, बायो सेफ्टी और बायोटेक विकास के एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं। गुजरात बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर में बीएसएल-4 बायो-कंटेनमेंट फैसिलिटी के शिलान्यास से आगामी दिनों में समग्र भारत के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र का एक मजबूत सुरक्षा कवच बनकर उभरेगा।

#### पुणे के बाद भारत की दूसरी उच्च स्तरीय लैब होगी

शाह ने कहा कि पुणे की वायरोलॉजी इंस्टीट्यूट के बाद यह भारत की दूसरी उच्च स्तरीय लैब होगी। परंतु, किसी राज्य सरकार द्वारा बनाई जा रही यह पहली लैब है, जिसका श्रेय गुजरात को जाता है। एक विशाल कॉम्प्लेक्स में 362 करोड़ की लागत से 11 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में देश की जैविक सुरक्षा का एक मजबूत किला बनने जा रहा है। हम दुनिया में हो रहे अत्याधुनिक रिसर्च से कई साल तक पिछड़े हुए थे, लेकिन बीएसएल-4 बायो-कंटेनमेंट फैसिलिटी से बायो-टेक्नॉलजी क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं को नए मौके मिलेंगे और भारत इस क्षेत्र में आगे निकल पाएगा।

---

### 'जन नायकन' रोकने का प्रयास हो रहा

# प्रधानमंत्री तमिल जनता की आवाज को नहीं दबा सकते



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

थलापति विजय की आखिरी फिल्म मानी जा रही है 'जन नायकन' रिलीज से पहले ही विवादों में फंसी है। अपने सेंसर सर्टिफिकेट को लेकर फिल्म के मेकर्स अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुके हैं। इस बीच विजय की फिल्म को तमिल सिनेमा के तमाम कलाकारों का समर्थन मिल रहा है। अब इस मामले में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी ने भी प्रतिक्रिया दी है। राहुल ने विजय की 'जन नायकन' की रिलीज अटकने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। राहुल ने इसको लेकर अपने एक्स पर एक पोस्ट की है। इस पोस्ट में राहुल ने पीएम मोदी का जिक्र किया है। पोस्ट में राहुल ने लिखा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा 'जन नायकन' को रोकने का प्रयास तमिल संस्कृति पर हमला है। पीएम मोदी आप तमिल जनता की आवाज को दबाने में कभी सफल नहीं होंगे।

#### पिछले हफ्ते मद्रास हाईकोर्ट ने दिया था यह आदेश

'जन नायकन' की रिलीज का मामला अब सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर पहुंच चुका है। इससे पहले पिछले सप्ताह मद्रास हाईकोर्ट ने फिल्म को यूए सर्टिफिकेट जारी करने के निर्देश दिए थे। अदालत ने साफ किया था कि सीबीएफसी के चेयरपर्सन का फिल्म को रिवाइजिंग कमेटी के पास भेजने का अधिकार अवैध था। कोर्ट के मुताबिक, जब चेयरपर्सन ने सिफारिश की थी कि सर्टिफिकेट कट के बाद जारी किया जाएगा, तब उनका ये अधिकार खत्म हो गया था। निर्माताओं ने सर्टिफिकेट देने की मांग के साथ अदालत का रुख किया था।

#### *अब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला*

*अब मद्रास हाईकोर्ट के इस फैसले को चुनौती देते हुए मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है। उच्चतम न्यायालय में इस चुनौती के पीछे मुख्य दलील ये है कि फिल्म को रिलीज करने से पहले सभी प्रॉसेस का पालन करना जरूरी है। साथ ही किसी भी तरह के सर्टिफिकेट जारी करने या रोकने के फैसले पर रिव्यू की संभावना बनी रहनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल मामले की सुनवाई के लिए तारीख तय नहीं की है, लेकिन इस कदम ने फिल्म के रिलीज को लेकर अनिश्चितता बढ़ा दी है।*

---

### उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में अनमोल औषधीय खजाना मिला

# हिमालय में मिला कैंसर रोधी 'दुर्लभ चागा' मशरूम, यह प्राचीन भोजपत्र पर दिख रहा

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में प्रकृति का एक अनमोल औषधीय खजाना मिला है। जड़ी-बूटी शोध संस्थान (मंडल) से सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विजय भट्ट ने धारचूला के बालिंग और सीपू जैसे दुर्गम इलाकों में चागा मशरूम की पहचान की है। यह न केवल दुर्लभ है, बल्कि कैंसर जैसी घातक बीमारी से लड़ने में भी सक्षम पाया गया है। यह मशरूम केवल उन्हीं भोजपत्र के पेड़ों के तनों पर उगता है जिनकी आयु 100 वर्ष से अधिक हो चुकी है।

#### *जले हुए कोयले या मधुमक्खी के छत्ते जैसा दिखा*



डॉ. भट्ट ने बताया कि अब तक यह माना जाता था कि चागा मशरूम(मइनोनोटस ओब्लिक्वस) मुख्य रूप से साइबेरिया और रूस के ठंडे जंगलों में ही पाया जाता है। लेकिन धारचूला और नीति घाटी में 3000 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर इसकी मौजूदगी ने शोधकर्ताओं को उत्साहित कर दिया है। यह जले हुए कोयले या मधुमक्खी के छत्ते जैसा भूरा-काला नजर आता है।

#### अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊंची कीमत

चागा मशरूम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में काफी मांग है। दिल्ली सहित बड़े महानगरों में साइबेरिया व रूस से आयातित चागा मशरूम 25 से 30 हजार रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इसका संरक्षण किया जाए तो सीमांत क्षेत्रों के ग्रामीणों को इससे आर्थिक लाभ मिल सकता है।

#### औषधीय चाय के रूप में होता है उपयोग

डॉ. भट्ट ने बताया कि इस मशरूम को वैज्ञानिक विधि से सुखाकर इसका पाउडर तैयार किया जाता है, जिसका उपयोग शहद के साथ हर्बल चाय के रूप में होता है। इसमें विटामिन-डी2, पॉलीसैकेराइड्स और मिनरल्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। उन्होंने यह चाय बेंगलुरु, दिल्ली और चंडीगढ़ के कई मरीजों को भेजी है, जिनसे अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। कैंसर पीड़ित लोग और लीवर की बीमारी से जूझ रहे लोग इसे काफी असरदार बता रहे हैं।

---

### पोंगल पर प्रस्तुति देती छात्राएं



**चेन्नई।** मंगलवार को चेन्नई के डॉ. एमजीआर जानकी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस फॉर विमेन में पोंगल त्योहार के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह के दौरान छात्राओं ने प्रस्तुति दी।

---

### एलडीएफ सरकार के प्रस्ताव का भाजपा ने किया समर्थन

# केरल का नाम बदलने के लिए प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री को चिट्ठी

### राज्य भाजपा इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर ने लिखा पत्र

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल का नाम बदलने के एलडीएफ सरकार के प्रस्ताव को केरल भाजपा ने भी समर्थन दिया है। भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। दरअसल केरल की एलडीएफ सरकार ने केरल का नाम बदलकर केरलम करने का प्रस्ताव दिया है। राज्य की भाजपा इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को पत्र लिखकर अपना समर्थन दिया है। अब इस संबंध में गेंद केंद्र सरकार के पाले में है।

#### नया नाम दिया गया- केरलम



पत्र में चंद्रशेखर ने लिखा कि नाम बदलने से राज्य में कट्टरपंथी ताकतों पर नकेल कसने में मदद मिलेगी, जो धर्म के आधार पर राज्य में अलग-अलग जिले बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। चंद्रशेखर ने बताया कि राज्य विधानसभा इस प्रस्ताव को पारित कर चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा भाषा, संस्कृति और परंपराओं को बचाने में आधारित है और भाजपा केरल को हमेशा केरलम के रूप में ही देखती है क्योंकि इस राज्य का हजारों वर्षों का इतिहास और संस्कृति है। चंद्रशेखर ने सीएम को भी पत्र लिखा और उम्मीद जताई कि केरल सुरक्षित और विकसित बनेगा, जहां सभी मलयाली लोग मिलकर रह सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे एक विकसित और सुरक्षित केरलम का निर्माण संभव होगा, जहां सभी मलयाली आस्था और परंपराओं को लेकर सुरक्षित होंगे।

---

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर अश्विनी ने कहा- इससे उत्पादकता बढ़ेगी

# अब देश का हर युवा निशुल्क सीख सकेगा एआई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि आज के समय में नागरिकों, खासकर युवाओं के लिए यह जरूरी है कि उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की बुनियादी समझ हो कि यह क्या है, कैसे काम करता है, कहां उपयोग होता है। साथ ही इसका जिम्मेदारी से इस्तेमाल कैसे किया जाए? राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अगर छोटे उद्यम एआई का सही इस्तेमाल करें तो इससे उनकी उत्पादकता बढ़ेगी और उन्हें बड़ा लाभ मिलेगा।

आज के समय में युवाओं में बुनियादी समझ होना अतिआवश्यक

*'युवा एआई फॉर आल' को सामने रख बताया इसका महत्व व कार्य*

#### एक साल में 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य





वैष्णव ने बताया कि इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय एआई साक्षरता कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसके तहत अगले एक साल में 10 लाख युवाओं को एआई की ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने इस मौके पर अपने प्रमुख कोर्स 'युवा एआई फॉर आल' को भी सामने रखा, जो स्वामी विवेकानंद के प्रबुद्ध युवाओं के सपने को आधुनिक एआई युग से जोड़ने की दिशा में एक अहम कदम है।

#### *4 घंटे का पाठ्यक्रम 11 भाषाओं में उपलब्ध कराया*

*यह कोर्स करीब चार घंटे का है और इसे इस तरह तैयार किया गया है कि इसे करने के लिए किसी तकनीकी पृष्ठभूमि की जरूरत नहीं होगी। यह कोर्स 11 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराया जाएगा और पूरी तरह निःशुल्क होगा। 'युवा एआई फॉर आल' को फ्यूचर स्किल प्राइम, आईडीओटीके कर्मयोगी, दीक्षा और अन्य प्रमुख ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया जाएगा। कोर्स पूरा करने पर प्रतिभागियों को भारत सरकार का आधिकारिक प्रमाणपत्र भी मिलेगा। आईटी मंत्रालय के अनुसार यह पहल युवाओं को एआई-आधारित भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।*

# पाक ड्रोन पर बोले सेना प्रमुख-लगाम लगाइए, ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी

*सेना प्रमुख ने बताया कि 10 जनवरी को लगभग 6 ड्रोन देखे गए, और 11 और 12 जनवरी को 2 से 3 ड्रोन देखे गए। मेरा मानना है कि ये रक्षात्मक ड्रोन थे, जो यह देखने की कोशिश कर रहे थे कि क्या हमारे खिलाफ कोई कार्रवाई की जा रही है*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सेना के वार्षिक प्रेस सम्मेलन में मंगलवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने चेतावनी देते हुए कहा कि पाकिस्तान के सैन्य अभियानों के प्रमुख को पाकिस्तान से भारत में ड्रोन घुसपैठ को नियंत्रित करने के लिए कहा गया है। सेना प्रमुख ने बताया कि देखे गए ड्रोन बहुत छोटे थे और उनकी बत्तियां जल रही थीं; वे बहुत ऊंचाई पर नहीं उड़ रहे थे। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी को लगभग 6 ड्रोन देखे गए, और 11 और 12 जनवरी को 2 से 3 ड्रोन देखे गए। मेरा मानना है कि ये रक्षात्मक ड्रोन थे, जो यह देखने की कोशिश कर रहे थे कि क्या हमारे खिलाफ कोई कार्रवाई की जा रही है। संभव है कि वे यह भी देखना चाहते थे कि भारतीय सेना में कोई खामी या ढिलाई तो नहीं है, या कोई ऐसा रास्ता तो नहीं है जिसके जरिए वे आतंकवादियों को भेज सकें। उन्हें नकारात्मक प्रतिक्रिया मिली होगी। उन्होंने कहा, लगाम लगाईए। सेना प्रमुख ने कहा कि आज हमारी सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) के साथ बैठक हुई। उस बैठक में इस मामले पर चर्चा हुई और उन्हें बताया गया कि यह हमें स्वीकार्य नहीं है, कृपया नियंत्रण रखें। यह बात उन्हें बता दी गई है।


जनरल उपेंद्र द्विवेदी

- **ड्रोन देखे जाने पर भारतीय सेना की पाक को चेतावनी**
- **डीजीएमओ के साथ हुई बातचीत**
- **जम्मू-कश्मीर में हालात नियंत्रण में**

### उत्तरी मोर्चे पर हालात स्थिर

जनरल द्विवेदी ने कहा कि उत्तरी मोर्चे पर हालात स्थिर हैं, लेकिन लगातार नजर रखने की जरूरत है। नए सिरे से संपर्क और भरोसा बनाने के उपायों से हालात क्रमिक तरीके से सामान्य हो रहे हैं। मारी सैन्य तैनाती संतुलित और मजबूत बनी हुई है। क्षेत्र में क्षमता विकास और बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने का काम चल रहा है। सेना प्रमुख ने कहा कि जम्मू कश्मीर में हालात संवेदनशील बने हुए हैं, लेकिन पूरी तरह नियंत्रण में हैं।

### बांग्लादेश की स्थिति पर नजर

सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने कहा कि बांग्लादेश की तीनों सेनाओं की तरफ से उठाए जा रहे कदम किसी भी तरह से भारत के खिलाफ नहीं हैं। जहां तक क्षमताओं को विकसित करने का सवाल है, यह सतत प्रक्रिया है। भारत के साथ अन्य देश भी ऐसा कर रहे हैं। सैन्य तैयारियों की बात करें तो, सेना बांग्लादेश की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है।

### बांग्लादेश के साथ संचार चैनल खुले हुए

सेना प्रमुख ने कहा कि बांग्लादेश में अंतरिम सरकार है। ऐसे में उनके निर्णयों का असर महज चार-पांच महीने तक ही रहेगा। भारत का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी प्रकार की गलतफहमी को बढ़ावा न मिले। तीनों सेनाओं ने अपने संचार चैनल पूरी तरह से खुले रखे हैं। मैं खुद भी वहां के सेना प्रमुख के साथ नियमित संपर्क में हूं।


### भारत किसी भी कार्रवाई के लिए तैयार

जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुस्साहस का प्रभावी ढंग से जवाब दिया जाएगा। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने सैनिकों को तैनात किया था और पाकिस्तान द्वारा कोई भी गलती करने पर जमीनी कार्रवाई के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भारत की तत्परता और रणनीतिक स्पष्टता को दिखाया है।

## खबर संक्षेप

### रूस के कुरील द्वीप में 6.3 तीव्रता का भूकंप


**मॉस्को।** रूस के कुरील द्वीप समूह में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए।



यूएस जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.3 मापी गई। फिलहाल इस भूकंप से किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। यूएसजीएस के मुताबिक, 13 जनवरी को शाम 6 बजकर 34 मिनट रूस और जापान के बीच स्थित कुरील द्वीप समूह में यह भूकंप दर्ज किया गया। इसका केंद्र 44.6 डिग्री उत्तर और 149.1 डिग्री पूर्व अक्षांश-देशांतर पर, जापान के असाहिकावा से लगभग 545 किमी पूर्व में था।

### बांग्लादेश ने म्यांमार राजदूत को तलब किया

**ढाका।** बांग्लादेश-म्यांमार सीमा पर रखाइन राज्य में म्यांमार की सेना,



आराकान आर्मी और रोहिंग्या सशस्त्र समूहों के बीच चल रहे संघर्ष के असर से सीमा पार गोलीबारी और लैंडमाइन विस्फोट बढ़ गए हैं। टेकनाफ के व्हाईकोंग यूनियन के पास हुई गोलीबारी में एक 12 वर्षीय बांग्लादेशी लड़की को गंभीर चोट लगी, जिसके बाद बांग्लादेश सरकार ने सख्त कदम उठाया। विदेश मंत्रालय ने म्यांमार के राजदूत को समन कर इस घटना पर कड़ी आपत्ति दर्ज की और भविष्य में ऐसी हरकतों को रोकने की जिम्मेदारी ली जाने की मांग की।

## अमेरिका में ग्रीनलैंड पर कब्जे का बिल पेश

# 51वां राज्य बनाने का कानूनी अधिकार मिलेगा


सांसद रैंडी फाइन

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिकी सांसद रैंडी फाइन ने सोमवार को 'ग्रीनलैंड एनेक्सेशन एंड स्टेटहुड एक्ट' नाम से एक बिल पेश किया है। इस बिल का मकसद अमेरिकी सरकार को ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने और बाद में इसे अमेरिका का राज्य बनाने के लिए कानूनी अधिकार देना है।

सांसद रैंडी फाइन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस बिल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह कदम रूस-चीन के प्रभाव को रोकने के लिए बहुत जरूरी है। इसके बाद संसद को राज्य बनने के लिए जरूरी सुधारों की पूरी रिपोर्ट सौंपी जाएगी। अगर ये बिल पास हुआ तो अमेरिका को ग्रीनलैंड को अपना 51वां राज्य बनाने का अधिकार मिल जाएगा। हालांकि, यह बिल अभी सिर्फ पेश हुआ है इसे हाउस और सीनेट दोनों में पास होना है।

### ग्रीनलैंड अमेरिकी रक्षा के लिए जरूरी: ट्रंप

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा है कि ग्रीनलैंड अमेरिकी रक्षा के लिए जरूरी है। अगर अमेरिका ने ऐसा नहीं किया तो रूस और चीन जैसे देश इस पर कब्जा कर लेंगे। उन्होंने हाल ही में कहा था कि अमेरिका को ग्रीनलैंड की जरूरत है और वे इस दिशा में कदम उठा रहे हैं, चाहे दूसरे देश इसे पसंद करें या नहीं। उन्होंने कहा कि अमेरिका अगर ग्रीनलैंड को आसान तरीके से हासिल नहीं कर पाया, तो दूसरे सख्त तरीके अपनाने होंगे। हम ग्रीनलैंड के मुद्दे पर कुछ न कुछ करेंगे, चाहे उन्हें पसंद हो या न हो। मैं चाहता हूं कि सौदा आसान तरीके से हो जाए ट्रंप प्रशासन ने ग्रीनलैंड के लोगों को अमेरिका में शामिल होने के लिए पैसे देने जैसे तरीकों पर भी चर्चा की है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों ने ट्रंप के इस तरीके की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे अपमानजनक बताया।

### हमारा देश बिकने वाला नहीं: नीलसन



ग्रीनलैंड के पीएम जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने कहा है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति ग्रीनलैंड को वेनेजुएला से जोड़कर सैन्य हस्तक्षेप की बात करते हैं, तो यह न केवल गलत है बल्कि हमारे लोगों के प्रति अनादर है। नीलसन ने बयान जारी कर कहा है कि मैं शुरू से ही शांत और स्पष्ट रूप से यह कहना चाहता हूं कि घबराहट या चिंता का कोई कारण नहीं है।

## ईरान में संकट गहराया, कई शहरों में हिंसक प्रदर्शन जारी

अब तक 2000 लोगों की मौत हजारों गिरफ्तार

# ईरान ने ट्रंप की चुनौती स्वीकार की साफ कहा- हम युद्ध के लिए तैयार

> ईरानी अधिकारियों ने सख्त कार्रवाई के दौरान हुई मौतों की इतनी बड़ी संख्या को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है। अधिकारी ने दावा किया कि जिन लोगों की मौत हुई है, उनके लिए तथाकथित आतंकवादी जिम्मेदार हैं। अधिकारी के अनुसार इन घटनाओं में प्रदर्शनकारियों के साथ-साथ सुरक्षा कर्मियों की भी जान गई है

एजेंसी ⏭ तेहरान

ईरान में पिछले दो हफ्तों से जारी देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान लगभग 2,000 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें प्रदर्शनकारी और सुरक्षा बलों के जवान शामिल हैं। यह जानकारी एक ईरानी अधिकारी ने मंगलवार को दी। यह पहला मौका है जब ईरानी अधिकारियों ने सख्त कार्रवाई के दौरान हुई मौतों की इतनी बड़ी संख्या को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है। अधिकारी ने दावा किया कि जिन लोगों की मौत हुई है, उनके लिए तथाकथित आतंकवादी जिम्मेदार हैं। अधिकारी के अनुसार इन घटनाओं में प्रदर्शनकारियों के साथ-साथ सुरक्षा कर्मियों की भी जान गई है।

**ट्रंप की पहली पसंद कूटनीति अन्य विकल्प खुले**

उधर, अमेरिका ने कई बार चेतावनी दी है कि अगर प्रदर्शनकारियों पर दमन जारी रहा तो मजबूत सैन्य हमले के लिए ईरान तैयार रहे। ईरान ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चुनौती को स्वीकार करते हुए कहा कि वह हर तरह से युद्ध के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान पर बहुत मजबूत सैन्य हमले पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि तेहरान को प्रदर्शनकारियों पर दमन न करने की चेतावनी की अनदेखी करना बहुत महंगा पड़ेगा। इस पर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान निष्पक्ष बातचीत के लिए भी तैयार है, लेकिन वह युद्ध के लिए भी हर तरह से तैयार है।

ईरान ने ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस और इटली के राजदूतों को तलब किया है। ईरान ने उनकी सरकारों पर प्रदर्शनकारियों का समर्थन करने और उसके आंतरिक मामलों में दखल देने का आरोप लगाया।



ईरान में विरोध प्रदर्शन

### ट्रंप का ऐलान
### देना होगा 25 प्रतिशत टैरिफ



*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ व्यापार करने वाले किसी भी देश को तत्काल प्रभाव से अमेरिका के साथ किए जाने वाले सभी प्रकार के व्यापार पर 25 प्रतिशत का टैरिफ देना होगा। ट्रंप ने अपने आदेश को अंतिम और निर्णायक बताया।*

### ईरान में इंटरनेट बैन जारी

*ईरानी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय कॉल्स पर लगा प्रतिबंध हटा दिया है। हालांकि इंटरनेट पर अभी भी पूरी तरह से प्रतिबंध लगा हुआ है। बता दें, ईरान में 7 जनवरी के बाद हालात अचानक बदल गए और विरोध प्रदर्शन तेज हो गए। ईरान प्रशासन ने 9 जनवरी को इंटरनेट और टेलीफोन सेना पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी। ईरानी सरकार ने इंटरनेट की पहुंच को पूरी तरह से बंद करने की कोशिश की है।*

*सरकार के इस कदम को 'किल स्विच' रणनीति के रूप में जाना जाता है। दुनियाभर के देश संकट की स्थिति में गलत सूचनाओं के प्रसार को रोकने के लिए इस तकनीक का इस्तेमाल करते हैं।*

### हवाई हमले के विकल्प खुले

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप हमेशा सभी विकल्प खुले रखते हैं। कूटनीति उनकी पहली पसंद है, लेकिन जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई, यहां तक कि हवाई हमले भी विकल्पों में शामिल हैं। राष्ट्रपति ट्रंप हालात को बेहद करीब से देख रहे हैं। उन्होंने बताया कि ईरानी शासन सार्वजनिक मंचों पर जो बयान दे रहा है, वह उन निजी संदेशों से अलग है, जो अमेरिकी प्रशासन को अंदरूनी चैनलों से मिल रहे हैं।



### तुरंत छोड़ दें ईरान

*ईरान में अमेरिकी वर्चुअल दूतावास की ओर से जारी सलाह में अमेरिकी नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने को कहा गया है। इसमें कहा गया है कि ईरान में विरोध प्रदर्शन बढ़ रहे हैं और हिंसक रूप ले सकते हैं, जिसकी वजह से गिरफ्तारियां हो सकती हैं और चोटें लग सकती हैं। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है, सड़कें बंद कर दी गई हैं, सार्वजनिक परिवहन बाधित है और इंटरनेट पर प्रतिबंध है। एयरलाइंस ईरान से आने-जाने वाली उड़ानों को सीमित या रद्द कर रही हैं।*

## 'मकर संक्रांति' पर पवित्र स्नान


**कोलकता।** 14 जनवरी 2026 को मकर संक्रांति का पावन पर्व मनाया जा रहा है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में सागर द्वीप पर, गंगासागर मेला 2026 के दौरान, 'मकर संक्रांति' त्योहार की पूर्व संध्या पर, गंगा नदी और बंगाल की खाड़ी के संगम पर पवित्र स्नान करने के लिए लोग इकट्ठा हुए।

रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला

# चार की मौत, लाखों घरों की बिजली गुल, यूएस ने की निंदा

एजेंसी ⏭ कीव

रूस ने चार दिनों में यूक्रेन पर दूसरा बड़ा ड्रोन और मिसाइल हमला करके उसके विद्युत ग्रिड को एक बार फिर निशाना बनाया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर बताया कि रूस ने रात भर में आठ क्षेत्रों पर लगभग 300 ड्रोन, 18 बैलिस्टिक मिसाइलों और 7 क्रूज मिसाइलों से हमला किया।

जेलेंस्की ने कहा कि पूर्वोत्तर खार्किव क्षेत्र में एक हमले में एक डाक डिपो में चार लोगों की मौत हो गई और कीव क्षेत्र में कई लाख घरों में बिजली गुल हो गई थी। राजधानी में दिन का तापमान शून्य से 12 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था। सड़कें बर्फ से ढकी थीं और शहर जनरेटरों के शोर से गूंज रहा था। चार दिन पहले रूस ने रात भर चले एक बड़े हमले में सैकड़ों ड्रोन और दर्जनों मिसाइलों



से हमला किया था। इसके अलावा रूस ने लंबे समय से जारी युद्ध में केवल दूसरी बार एक शक्तिशाली नई हाइपरसोनिक मिसाइल का इस्तेमाल किया, जिसने पश्चिमी यूक्रेन को निशाना बनाया। यह कीव के नाटो सहयोगियों को एक स्पष्ट चेतावनी प्रतीत होती है कि रूस पीछे नहीं हटेगा। वहीं, अमेरिका ने रूस पर लड़ाई को खतरनाक और समझ से परे तरीके से तूल देने का आरोप लगाया, जबकि ट्रंप प्रशासन शांति वार्ता को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।

अमेरिका में महत्वपूर्ण खनिज संबंधी बैठक में शामिल हुए वैष्णव

# नए प्रोजेक्ट में होगी फंडिंग साझेदारी के लिए सहमति

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वॉशिंगटन में क्रिटिकल मिनरल्स मीटिंग में हिस्सा लिया। जिसे अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने आयोजित किया था। बैठक में महत्वपूर्ण खनिजों पर चर्चा करने के लिए जी-7 देशों के वित्त मंत्री शामिल हुए। वैष्णव ने बताया कि बैठक सकारात्मक थी। कई देशों ने अपने अनुभवों को साझा किया। आपूर्ति श्रृंखला को लचीला बनाने के लिए वे लोग क्या कदम उठा रहे हैं और प्रकृति के नजरिए से महत्वपूर्ण खनिजों को रीसायकल करके ज्यादा इस्तेमाल में लिया जा सके, गुणवत्ता पर कैसे फोकस हो सहित कई विषयों पर चर्चा हुई।


केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

### सकारात्मक रही बैठक

वैष्णव ने बताया कि बैठक सकारात्मक रही। नए परियोजनाओं के वित्तपोषण पर चर्चा हुई। विभिन्न देशों के बीच प्रौद्योगिकी साझाकरण पर चर्चा हुई। पुनर्चक्रण पर बहुत महत्वपूर्ण चर्चा हुई क्योंकि यह अपशिष्ट उत्पादों से खनिजों का दोहन करने का एक अच्छा तरीका है। विभिन्न देशों के बीच अनुसंधान कार्य साझा करने पर चर्चा और समझौते हुए। यह एक बहुत ही सकारात्मक बैठक थी, जिसमें महत्वपूर्ण खनिजों की गुणवत्ता और उपलब्धता में सुधार लाने पर जोर दिया गया।

## भारत की अध्यक्षता में समूह का और बढ़ेगा रुतबा, वैश्विक कल्याण पर जोर

# 2026 में 'कमल' से सजेगा ब्रिक्स का मंच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की अध्यक्षता में 2026 में ब्रिक्स का मंच कमल से सजने से जा रहा है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को ब्रिक्स 2026 के लिए आधिकारिक लोगो और वेबसाइट लॉन्च की है। इस लोगो में मौजूद कमल सबका ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। लॉन्च के बाद विदेश मंत्री ने कहा है कि भारत की अध्यक्षता के दौरान ब्रिक्स समूह के जरिए वैश्विक कल्याण को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा, खासकर ऐसे समय में जब समूह अपनी 20वीं वर्षगांठ मना रहा है। बता दें, दुनिया की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाएं ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका ब्रिक्स समूह की अगुवाई करती हैं। इसकी स्थापना साल 2006 में हुई थी। बीते कुछ सालों में समूह का तेजी से विस्तार हुआ जहां मिस्र, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया भी पूर्ण सदस्य के रूप में ब्रिक्स में शामिल हो गए।

- **आधिकारिक लोगो और वेबसाइट लॉन्च**
- **लोगो के बीच में 'नमस्कार' का चिन्ह भी**



ब्रिक्स लोगो का अनावरण करते विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

### ब्रिक्स की मजबूती से तिलमिलाया अमेरिका

शुरूआत के बाद से ही ब्रिक्स एक अहम वैश्विक मंच के तौर पर उभरकर सामने है। फिलहाल इसमें कुल 11 सदस्य देश शामिल हैं, जो दुनिया की करीब 49.5 प्रतिशत आबादी, लगभग 40 प्रतिशत वैश्विक जीडीपी और करीब 26 प्रतिशत वैश्विक व्यापार का प्रतिनिधित्व करते हैं। वहीं भारत की 2026 की अध्यक्षता में ब्रिक्स से वैश्विक स्तर पर सहयोग और प्रभाव और बढ़ने की उम्मीद है। समूह ने समय समय पर अमेरिकी डॉलर के वर्चस्व को सीधी चुनौती देने की भी कोशिश की है, जिससे अमेरिका तिलमिलाया हुआ है।

### लोगो की पंखुड़ियों में ब्रिक्स देशों के रंग

*अधिकारियों के मुताबिक नए लोगो की प्रेरणा कमल से ली गई है। यह भारत की गहरी सांस्कृतिक विरासत और मजबूती का प्रतीक है। लोगो की पंखुड़ियों में ब्रिक्स देशों के रंग दिखाए गए हैं, जो अलग अलग आवाजों को एक साझा मकसद के साथ जोड़ने का संदेश देते हैं। वहीं लोगो के बीच में नमस्कार का चिन्ह है, जो सम्मान और सहयोग की भावना को दर्शाता है। इसके साथ एक टैगलाइन भी रखी गई है, 'लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास के लिए निर्माण।'*

### तमाम जानकारी वेबसाइट पर

*जयशंकर ने इस दौरान ब्रिक्स की नई वेबसाइट भी लॉन्च की। इसका मकसद ब्रिक्स से जुड़ी सभी जानकारियों के लिए एक केंद्रीय मंच बनाना है। अधिकारियों ने बताया कि इसमें ब्रिक्स की पहल, प्रोजेक्ट, कार्यक्रम और आधिकारिक दस्तावेजों की जानकारी उपलब्ध होगी।*

**मर्ज का भारत दौरा संपन्न**

# स्वदेश रवाना, कहा- द्विपक्षीय सहयोग को निरंतर मजबूती देंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज दो दिवसीय भारत दौरा पूरा कर आज मंगलवार को स्वदेश रवाना हो गए। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, सीएम भूपेंद्रभाई पटेल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें अहमदाबाद एयरपोर्ट पर विदा किया।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कई समझौते हुए जो रणनीतिक, आर्थिक और रक्षा क्षेत्र में सहयोग पर आधारित थे। इस द्विपक्षीय सहयोग को निरंतर मजबूती प्रदान करते रहेंगे। उन्होंने आर्थिक सहयोग को मजबूत करने


फ्रेडरिक मर्ज

के लिए एक संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर का स्वागत किया। उन्होंने सेमीकंडक्टर, महत्वपूर्ण खनिज, डिजिटलीकरण, दूरसंचार, स्वास्थ्य और बायोइकोनॉमी सहित महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग में हुई प्रगति का भी स्वागत किया, जो इनोवेशन और टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप रोडमैप को मजबूत करता है।

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र बोले

# भारत में 1.59 लाख से अधिक डीपीआईआईटी स्टार्ट-अप रजिस्टर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इको-सिस्टम बन चुका है। यहां 1.59 लाख से अधिक डीपीआईआईटी स्टार्ट-अप रजिस्टर्ड हैं। साथ ही 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं, जिनका एक बिलियन डॉलर से अधिक का टर्नओवर है। युवाओं को 16 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार मिल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मप्र में 6500 से अधिक रजिस्टर्ड स्टार्ट-अप संचालित हो रहे हैं। इनमें से 3100 से अधिक स्टार्ट-अप को महिलाएं लीड कर रही है। प्रमुख सचिव सिंह सोमवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित 2 दिवसीय मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप समिट-2026 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नवाचारों और स्टार्ट-अप को प्रोत्साहन देने वाली नीतियां मप्र में लागू हैं। आज इंदौर में ही 2200 से अधिक स्टार्ट-अप काम कर रहे हैं। अपनी क्षमता और योग्यता के बल पर भारत ने आज नया मुकाम हासिल किया है। इसमें सभी कुशाग्र बुद्धिवाले युवाओं का बड़ा योगदान है। युवा साथियों के स्टार्ट-अप के प्रोत्साहन के लिए यह 2 दिवसीय आयोजन अद्भुत है।

## युवा उद्यमी आइडिया लेकर आएंगे सरकार मदद करेगी



स्टार्ट-अप्स समिट में सीएम ने पुरस्कार प्रदान किए।

प्रदेश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के साथ बौद्धिक संपदा अधिकार के प्रति भी जागरुक किया जा रहा है। इंश्योरेंस देखो स्टार्ट-अप के फाउंडर एंड सीईओ युवा उद्यमी अंकित अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान युवा उद्यमी देश की सभी समस्याओं को दूर करने पर ध्यान देता है। युवा उद्यमी आइडिया लेकर आएंगे, तो केंद्र और राज्य सरकार हर संभव मदद करेगी।

## 47 प्रतिशत स्टार्ट-अप का नेतृत्व महिलाओं के हाथों में

राज्य सरकार ने पिछले साल नई स्टार्ट-अप नीति लागू की है। मप्र स्टार्ट-अप सेक्टर में लीडर स्टेट है। राज्य सरकार नवाचारी सोच के साथ स्टार्ट-अप की संख्या 10 हजार तक पहुंचाना चाहती हैं। स्टार्ट-अप को फंड्स का ग्रांट और इंसेंटिव सब्सिडी दी जा रही है। मध्यप्रदेश में संचालित 47 प्रतिशत स्टार्ट-अप का नेतृत्व महिलाओं के हाथों में है। हमारी महिलाएं भी अच्छी उद्यमी बन सकती हैं। प्रदेश के युवा आज नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार प्रदान करने वाले उद्यमी बन रहे हैं। स्टार्ट-अप को इंक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से सपोर्ट प्रदान किया जा रहा है।

## मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप राज्य स्तरीय पुरस्कार विजेता

सर्वश्रेष्ठ युवा उद्यमी कैटेगरी - इशिता मोदी वरुण रहेजा, तेजस जैन। इसी तरह सर्वश्रेष्ठ महिला उद्यमी कैटेगरी- राशि बहल मेहरा, डॉ. हिमांशा सिंह, उर्वशी पोरवाल। सर्वश्रेष्ठ ग्रोथ स्टार्ट-अप कैटेगरी में- आरिफ कुरैशी, सावन लड्ढा, आरती एवं गोविंद अग्रवाल। अर्ली स्टेट्स स्टार्ट-अप कैटेगरी- पुल्ला क्रजवानी, यश सेठिया, श्रुति गर्ग। बेस्ट इनोवेशन स्टार्ट-अप कैटेगरी- भरत कृतवानी, शुभम सिंह, प्रतीक वत्स, दीपेश श्रीवास्तव। बेस्ट रुरल स्टार्ट-अप कैटेगरी- वंदना मिश्रा, आशी बिथरे, डॉ. विशेष कासलीवाल। बेस्ट इंक्यूबेटर्स कैटेगरी- रोनॉल्ड फर्नांडिस, डॉ. आकाश राय, डॉ. क्रिस्ट पॉल, डॉ. अनुराग राय।

सफल उद्यमियों ने बताए अनुभव

## आईआईएफएम से पढ़ाई करने के 30 साल बाद भोपाल लौटे विनीत

आविष्कार ग्रुप स्टार्ट-अप के फाउंडर विनीत राय ने कहा कि वे आईआईएफएम से पढ़ाई करने के बाद 30 साल बाद भोपाल लौटे हैं। उन्होंने बताया कि 5000 रुपए से अपने व्यवसाय की शुरुआत की थी। उद्यम क्षेत्र में सफलता-असफलता मिलती ही रहती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि सिर्फ पैसा बनाने के बारे में ही नहीं सोचना है, बल्कि अपने जीवन मूल्यों को भी हमेशा साथ रखना है। यही सफलता की कुंजी है। स्टार्ट-अप समिट में आयुक्त एमएसएमई दिलीप कुमार, अंजु गुप्ता, अनुराग असाटी, आदित्य चौरसिया, डॉ. मयूर सेठी, महावीर प्रताप शर्मा, खुशवंत जैन, प्रदीप करमबेलकर, अर्चना जहांगीरदार सहित बड़ी संख्या में युवा उद्यमी उपस्थित थे।

### इन्हें मिला हैकेथॉन अवॉर्ड

कोड इट कैटेगरी : विनर राहुल राय, रनर-अप जयेश टोटले। बिल्ड इट कैटैगरी: विनर मुस्कान खरे, रनर-अप पलक रघुवंशी। शिप इट कैटेगरी: विनर डॉ. निलय शर्मा, रनर-अप सुनीता रघुवंशी।

## खबर संक्षेप

### गोहत्या करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नजीर बनेगी: मंत्री सारंग

**भोपाल।** स्लॉटर हाउस में गौमांस से जुड़े मामले पर मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि गौमांस या गौकशी के मामलों में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। चाहे व्यापारी हो या अधिकारी, यदि कोई भी दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस विषय में स्पष्ट और कड़े निर्देश दिए हैं। सरकार की मंशा साफ है कि ऐसे मामलों में उदाहरण प्रस्तुत करने वाली कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह के अपराध को अंजाम देने की हिम्मत न कर सके। उन्होंने कहा कि यदि प्रकरण में गौमाता की कटाई सिद्ध होती है, तो उसे सामान्य अपराध नहीं माना जाना चाहिए, बल्कि हत्या को गंभीर अपराध मानते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाना चाहिए। मंत्री सारंग ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऐसे जघन्य अपराधों में शामिल लोगों को कठोरतम दंड मिलना चाहिए, जिससे समाज में स्पष्ट संदेश जाए।

### स्व. सारंग की प्रतिमा से छेड़छाड़ की घटना पर सर्वसमाज में आक्रोश

**भोपाल।** भाजपा के संस्थापक सदस्य, वरिष्ठ पूर्व सांसद एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, सामाजिक समरसता के प्रतीक स्व. कैलाश नारायण सारंग की प्रतिमा पर लगाए गए आवरण (कपड़े) को जलाए जाने एवं प्रतिमा से छेड़छाड़ की घटना को लेकर सर्वसमाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। घटना के विरोध में सोमवार को सर्वसमाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस आयुक्त हरिनारायण मिश्रा से भेंट कर दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने इस कृत्य को समाज की भावनाओं को आहत करने वाला एवं कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाला बताया तथा शीघ्र और सख्त कार्रवाई का आग्रह किया। पुलिस आयुक्त महोदय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। समाज ने एक स्वर में मांग की कि समाज में शांति, सौहार्द एवं सम्मान की भावना को ठेस पहुँचाने वाले ऐसे कृत्यों पर कठोर संदेश देने वाली कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

सीएम ने कहा 26 जनवरी तक मनेगा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान

# ग्राम और ग्रामीण ही देश के विकास की धुरी, इनकी मजबूती से ही देश मजबूत

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि हमारा देश बदलाव के दौर से गुजर रहा है। हर तरफ विकास की बयार है। गांव-गांव तक सरकार की योजनाओं की जानकारी और विकास कार्यक्रमों का लाभ पहुंच रहा है। गांव और ग्रामीण ही देश के विकास की धुरी है। इनकी मजबूती में ही देश की मजबूती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनअभियान परिषद शासन और समाज के बीच एक सेतु की भूमिका में है। सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में जनअभियान परिषद का योगदान सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि सबके समन्वित प्रयासों से हम ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश का लक्ष्य प्राप्त करेंगे। डॉ यादव सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में 'ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान' के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने भी संबोधित किया।

### सीएम ने किया ग्राम विकास पखवाड़ा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**खास बातें**

- समन्वति प्रयासों से ग्रामोदय से अभ्युदय का लक्ष्य प्राप्त करेंगे
- जनाभियान परिषद का योगदान अत्यंत सराहनीय



'ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान' के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम।

### विकासखंडों के दो-दो युवाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा 12 से 26 जनवरी तक प्रदेश में आयोजित किये जा रहे 'ग्राम विकास पखवाड़े' के 'राज्यस्तरीय उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम' का दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। इस पखवाड़े में की जाने वाली गतिविधियों के बारे में परिषद द्वारा प्रदेश के 313 विकासखंडों से प्रत्येक विकासखंड से आए 2-2 युवाओं को दो दिवसीय उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डॉ यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती से इस ग्राम विकास पखवाड़े का आयोजन प्रदेश में नई ऊर्जा का संचार करेगा। गांव-गांव तक विकास की बात पहुंचेगी तभी हमारा मध्यप्रदेश आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश बनेगा।

### अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि जनअभियान परिषद् की नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से युवा साथी सरकार के विभिन्न विभागों की दो वर्ष की उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों तक पहुंचाएं। ये साथी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस अभियान में ग्राम स्तर पर उत्सव, चौपाल, रैली, सामूहिक श्रमदान और परिवार सम्पर्क गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पर्यावरण एवं जल का संरक्षण, स्वदेशी एवं स्वावलंबन पर बल देकर जैविक कृषि एवं गौ-संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

वीबी-जी रामजी योजना में डबल रोजगार की व्यवस्था

# कांग्रेस ने हमेशा से महात्मा गांधी के नाम का किया राजनीतिक दुरुपयोग

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि वीबी-जी रामजी जनजागरण अभियान के माध्यम से गांवों और किसानों को सशक्त करने का ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2024 को महिला सशक्तिकरण, वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया। अब वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने महात्मा गांधी के नाम का हमेशा राजनीतिक दुरूपयोग किया है। कांग्रेस में सब नकली गांधी है, जिन्होंने सदैव गांधी जी के विचारों का दमन किया। डॉ यादव सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में वीबी-जी रामजी योजना को लेकर आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के नाम का उपयोग करने वाली कांग्रेस भगवान राम विरोधी है। कांग्रेस का गांधी परिवार महात्मा गांधी के परिवार के उत्तराधिकारी बनने का ढोंग करते है। वीबी-जी रामजी योजना में भगवान श्रीराम का नाम जुड़ गया तो कांग्रेस विरोध पर उतर आई।

### वीबी-जी रामजी योजना एक ऐतिहासिक कदम

*भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि वीबी-जी रामजी योजना मजदूरों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने, पंचायतों को जवाबदेह बनाने और गांवों में पारदर्शी विकास की व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। कांग्रेस शासनकाल में योजनाओं और संस्थानों के नाम एक ही परिवार तक सीमित कर दिए गए। पीएम मोदी ने गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए देशव्यापी स्वच्छता अभियान प्रारंभ कर उसे जन-आंदोलन बनाया। गांधी की मंशा के अनुरूप पीएम ने खादी, स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत की भावना को पुनर्जीवित किया है। वीबी-जी रामजी योजना में श्रमिकों को पूर्व की योजना से डबल दिनों का रोजगार मिलने की व्यवस्था की गई है।*

### समय की आवश्यकता के अनुरूप बनाई योजना

प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि वीबी-जी रामजी योजना वर्तमान समय की जरूरत के अनुरूप बनाई गई है। पहले गरीबों के शोषण करने वाली नीतियां बनती थीं। उनके नेतृत्व में मजदूरों के साथ सभी समाज वर्गके कल्याण के लिए योजना बन रहीं हैं। पार्टी कार्यकर्ता जनता को बताएं कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने, गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वीबी-जी रामजी योजना बनाना वर्तमान समय की आवश्यकता थी।

डिप्टी रेंजर व महिला फॉरेस्टर निलंबित, जांच के दिए निर्देश

# फॉरेस्ट रेस्टहाउस में अश्लील डांस का वीडियो हुआ वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के रामानुजनगर विकासखण्ड के कुमेली फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में भी अश्लील डांस का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होकर खूब सुर्खियां बटोर रहा हैं। उक्त वीडियो में बार डांसर्स अश्लीलता का प्रदर्शन कर रही है, तो वहीं खुलेआम लोग नोटों की बारिश करते व जाम छलकाते दिख रहे हैं। इस वीडियो में कुछ स्थानीय जनप्रतिनिधि और शासकीय कर्मचारी भी दिखाई दे रहे हैं।

मामले में डीएफओ ने जांच के निर्देश दिए हैं। रेस्ट हाउस के चौकीदार ने अपने बयान में कहा है कि तात्कालीन रेंजर खुद नेताओं को चाबी देते थे। फिलहाल इस मामले में डिप्टी रेंजर व महिला फॉरेस्टर को निलंबित कर दिया गया है। कुमेली फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में बार बालाओं



का अश्लील डांस सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद वन विभाग में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि रेस्ट हाउस में डांसरों का कार्यक्रम एक बीडीसी ने आयोजित किया था। अब वीडियो वायरल होने के बाद सूरजपुर डीएफओ तुलेश्वर साहू ने मामले के जांच के आदेश दिए हैं। वहीं उनका कहना है कि वीडियो काफी पुराना है, इसके वायरल होते ही हमने एसडीओ के नेतृत्व में जांच टीम गठित की है। अभी प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर डिप्टी रेंजर रविशंकर व एक महिला फॉरेस्टर को निलंबित कर दिया गया है।

### जांच टीम पहुंची रेस्ट हाउस

*रेस्ट हाउस डीएफओ के निर्देश पर एसडीओ फॉरेस्ट अशोक तिवारी के साथ वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सोमवार को कुमेली पहुंचे। जांच टीम ने रेस्ट हाउस के चौकीदार, गांव के सरपंच और अन्य लोगों के बयान दर्ज किए। इस दौरान रेस्ट हाउस के चौकीदार ने कहा कि तत्कालीन रेंजर आरसी प्रजापति के पास रेस्ट हाउस की चाबी होती थी, वे खुद नेताओं को चाबी दे देते थे। फिलहाल पूरा मामला जांच में है।*

प्रशासन सक्रियता से कर रहा कारणों की जांच, अस्पताल में चल रहा उपचार

# किसान ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

तहसील परिसर में दोपहर के समय उस वक्त अफरातफरी मच गई जब कसियाडीह झांझ गांव के 55 वर्षीय किसान बैसाखु राम मरकाम ने तहसील के भीतर ही जहर पी लिया। किसान अचेत अवस्था में कुर्सी पर पड़ा रहा।

घटना की सूचना मिलते ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष निकिता मुकेश जायसवाल तुरंत हरकत में आईं। उन्होंने अपने निजी वाहन से किसान को तत्काल हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ



सहायक चिकित्सक डॉ. युधेश सांडे ने तुरंत किसान का इलाज शुरू किया और बड़ी मात्रा में जहर को बाहर निकालने में सफलता पाई। हालांकि, जहर का असर अधिक होने के कारण किसान की हालत गंभीर बनी हुई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे एंबुलेंस द्वारा बिलासपुर सिम्स रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है। इस घटना की खबर फैलते ही कांग्रेस के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता भी तेजी से हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मदन लाल राठौर, चंद्रहास राठौर, कन्हैया राठौर, कदम यादव और गुलशन जायसवाल ने पीड़ित किसान के स्वास्थ्य की जानकारी ली और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### आला अफसर एवं जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे

प्रशासनिक अमला भी मौके पर पहुंचा। अपर कलेक्टर ओंकार सिंह यद्दु, पाली एसडीएम रोहित सिंह, तहसीलदार हरदीबाजार अभिजीत राजभानू, दीपका तहसीलदार अमित केरकेट्टा और हरदीबाजार थाना प्रभारी प्रमोद डड़सेना ने घटना की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद रहे और घटना पर चिंता व्यक्त की। किसान द्वारा तहसील में जहर पीने की घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। प्रारंभिक तौर पर किसान की जहर पीने की वजह का खुलासा नहीं हो पाया है। युवा कांग्रेस के नेताओं ने किसान जहर सेवन कर आत्महत्या के प्रयास के मामले कलेक्ट्रेट के बाहर सड़क पर कफन ओढ़ कर प्रदर्शन किया। कटघोरा भाजपा विधायक प्रेमचंद पटेल के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। मौके पर सिविल लाइन थाना पुलिस पहुंची।

पुलिस ने सभी 56 गोवंश को सुरक्षित बचाया

# गोवंश की तस्करी करते पांच आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

जिले में पुलिस ने गौवंश तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने क्रूरतापूर्वक गौवंश को ले जा रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर 56 गौवंश को सुरक्षित मुक्त कराया है। पुलिस को गौ संरक्षक टीम से सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर विभिन्न गांवों और जंगल-पहाड़ी रास्तों से होकर लाल, सफेद और काले रंग के बैलों को लाठियों से पीटते हुए बूचड़खाने की ओर ले जा रहे हैं।

सूचना की पुष्टि के बाद दंतेवाड़ा थाना पुलिस की टीम तत्काल रवाना हुई। पुलिस टीम जब ग्राम मटेनार गौठान के पास पहुंची, तो देखा गया कि पांच लोग 56 गौवंश को बेरहमी



से हांकते हुए जंगल की ओर ले जा रहे थे। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम महेश, संतोष, बसंत मुरामी, राजू और हेमला सभी निवासी थाना गीदम क्षेत्र बताए। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी गौवंश का पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा परीक्षण कराया गया। इसके बाद 56 गौवंश को सुरक्षा और देखभाल के लिए बालूद स्थित गौठान में गौ संरक्षक को सुपुर्द किया गया।

युवाओं को क्षेत्रीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध कराने लगाए जा रहे हैं रोजगार मेले

# युवाओं के सपनों को साकार करते हुए हमारा देश आगे बढ़े: सीएम

### मुख्यमंत्री ने सारंगपुर के युवा संगम रोजगार मेले को किया वर्चुअली संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रोजगारपरक कार्यों से समाज को जोड़कर युवाओं के सपने साकार करते हुए हमारा देश आगे बढ़े, यही हमारा संकल्प है। रोजगार और मेहनत से युवा अपना जीवन सुधारें, देश सवारें, इस उद्देश्य से युवाओं की मदद करना हमारा लक्ष्य है।

युवाओं को स्टार्ट-अप नीति और अन्य योजनाओं के माध्यम से मदद की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को सारंगपुर जिला राजगढ़ में आयोजित युवा संगम रोजगार मेला-2026 को रवीन्द्र भवन भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप साथ थे।



वर्चुअली संबोधित करते सीएम

सारंगपुर में आयोजित कार्यक्रम में सांसद सुमेर सिंह सोलंकी सहित क्षेत्रीय विधायक तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। राजगढ़ जिले के सारंगपुर में आयोजित इस मेले में शाजापुर, सीहोर, आगर-मालवा, देवास, भोपाल और गुना जिलों के युवा उम्मीदवार सहभागिता की। यह मेला प्रदेश के युवाओं को रोजगार के समुचित अवसर दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश के युवाओं को क्षेत्रीय स्तर पर ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के विभिन्न अंचलों में रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं।

### रोजगार मेले में 150 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा संगम रोजगार मेले में 150 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इनमें फाइनेंस, सेल्स, मार्केटिंग, हेल्थ केयर, मैन्युफैक्चरिंग, आईटी, सॉफ्टवेयर, डिजिटल मार्केटिंग, क्वालिटी मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। प्रदेश के महाविद्यालयों, आईटीआई और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में, कंपनियों की अपेक्षाओं के अनुसार युवाओं को दक्षता और क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्यशालाएं आयोजित की गईं। इससे रोजगार मेले में अधिक से अधिक युवाओं का चयन संभव हो रहा है। कंपनियों द्वारा 16 हजार से अधिक पदों पर युवाओं को रोजगार देने के लिए सहमति प्रदान की गई है। कंपनियों की ओर से 3 हजार से अधिक पदों पर महिला उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए भी सहमति दी गई है। मेले में शामिल 8 कंपनियां दिव्यांगजन को भी रोजगार प्रदान कर रही हैं।

### रोजगार मेलों में एक ऐतिहासिक उपलब्धि

कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने मेले में जानकारी दी कि सारंगपुर में आयोजित 'युवा संगम रोजगार मेला' प्रदेश के रोजगार मेलों में एक ऐतिहासिक उपलब्धि लेकर सामने आया है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में चालू वित्तीय वर्ष के दौरान कुल 626 रोजगार मेले आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से लगभग 1 लाख 2 हजार युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया। मटेटवाल ने बताया कि सारंगपुर में आयोजित रोजगार मेले में पंजीयन कराने वाले लगभग 35 हजार युवाओं में से 10 हजार 112 से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया। मंत्री टेटवाल ने बताया कि इस रोजगार मेले में टाटा, महिंद्रा, किर्लोस्कर, टेस्ला, आयशर, पेटीएम, प्रतिभा सिंटेक्स और मदरसन जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कंपनियों ने भाग लिया।

### मध्य प्रदेश के ट्रक ऑपरेटर सरकार से खफा

## ऑटोमैटिक फिटनेस सेंटर प्रणाली बनी भारी मुसीबत



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी परिवहन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरिंदर सिंह पांधे ने कहा कि वर्तमान समय में ट्रक व्यवसाय पहले से ही कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। डीज़ल की बढ़ती कीमतें, टोल टैक्स, बीमा, किस्तें, चालान और कम होता भाड़ा ट्रक ऑपरेटरों की कमर तोड़ रहे हैं।

इसी बीच सरकार द्वारा लागू की गई ऑटोमैटिक फिटनेस सेंटर प्रणाली ट्रक मालिकों के लिए एक नई और बड़ी परेशानी बन गई है। इन सेंटरों पर मनमाने तरीके से ट्रकों को फेल किया जा रहा है, जबकि वाहन पूरी तरह चालू और सड़क योग्य होते हैं। छोटे-छोटे तकनीकी कारण बताकर ट्रकों को रोक दिया जाता है, जिससे ट्रक कई-कई दिनों तक खड़े रहते हैं और ऑपरेटरों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। श्री पांधे ने कहा कि पहले सरकारी फिटनेस व्यवस्था में कम खर्च और पारदर्शिता थी, लेकिन अब निजी ऑटोमैटिक फिटनेस सेंटरों में अत्यधिक शुल्क, समय की बर्बादी और भ्रष्टाचार बढ़ गया है। इससे छोटे और मध्यम ट्रक मालिक सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

उन्होंने मांग की है कि ऑटोमैटिक फिटनेस सेंटर प्रणाली की तुरंत समीक्षा की जाए। फिटनेस शुल्क कम किया जाए। पुराने सरकारी फिटनेस सिस्टम को दोबारा लागू किया जाए या ट्रक ऑपरेटरों को विकल्प दिया जाए। मनमानी और भ्रष्टाचार पर सख्त नियंत्रण किया जाए। यदि सरकार ने समय रहते ट्रक ऑपरेटरों की समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो मजबूर होकर ट्रक व्यवसायी आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

### हाईकोर्ट का फैसला

## सेवा से बर्खास्त करना बड़ी सजा, बिना विभागीय जांच नहीं दिया जा सकता ऐसा दंड

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम आदेश में कहा है कि सेवा से बर्खास्त करना एक बड़ी सजा है। विभागीय जांच किए बिना ऐसा कोई दंड नहीं दिया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को सजा देने से पहले कोई कारण बताओ नोटिस और सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया था। इस मत के साथ जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने याचिकाकर्ता को बर्खास्त करने का आदेश निरस्त कर दिया। कोर्ट ने सरकार को कानून के अनुसार कार्रवाई करने की स्वतंत्र दी। जबलपुर निवासी आकाश साहू की ओर से अधिवक्ता सुघोष भमोरे व निशांत मिश्रा ने पक्ष रखा। याचिकाकर्ता प्राथमिक कृषि सहकारी समिति में ऑपरेटर के पद पर पदस्थ था। उन्होंने बताया कि वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाते हुए याचिकाकर्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर दर्ज होते ही याचिकाकर्ता की सेवाएं बिना सुनवाई का अवसर दिए समाप्त कर दी गई। कोर्ट को बताया गया कि उक्त मामले में अदालत ने याचिकाकर्ता को अभी दोषी नहीं पाया है। मुकदमा अभी लंबित है। वहीं राज्य की ओर से कहा गया कि चूंकि याचिकाकर्ता वित्तीय गबन में शामिल है, इसलिए उसकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।

### गौरीघाट, भेड़ाघाट, तिलवाराघाट मार्ग पर डायवर्सन

## मकर संक्रांति पर्व पर नया ट्रेफिक प्लान

**जबलपुर।** मकर संक्रांति पर्व पर नर्मदा तटों गौरीघाट, तिलवाराघट व भेड़ाघाट में लगने वाले माघ मेला को देखते हुए आज 14 जनवरी को यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है जिसके तहत डायवर्सन व पार्किंग व्यवस्था की गई है।

### गौरीघाट मार्ग पर यातायात व्यवस्था

गौरीघाट मार्ग पर जाने वाली मेट्रों बसों के अलावा भारी वाहन व लोडिंग वाहन रामपुर चौक तक जा सकेगें मकर संक्रांति के दिन मेट्रो बसें भीड़ को देखते हुए रेत नाका , बिग बाजार व गेंनेड चौक तक ही सवारियों को ले जा सकेंगे। इसी तरह ऑटो आपे रेतनाका, विगबाजार व गेंनेड चौक तक सवारियां ले जा सकेंगे। तिलहरी तिराहा एवं मण्डला बाईपास की ओर से कालीधाम तिराहा, भटौली कुण्ड की ओर मालवाहक वाहन 407 वाहन बड़े ट्रक गौरीघाट तक जाना प्रतिवंबधित रहेंगें । पर्किंग व्यवस्था आयुर्वेदिक सस्थान मैदान में सभी प्रकार के दुपाहिया चार पहिया वाहन एवं ऑटो ई रिक्शा रामपुर चौक से बिग बाजार सुख सागर वैली होते हुए जायंगे जो अवधपुरी कालोनी होते हुए आयुर्वेदिक कालेज के दशहरा मैदान में पार्क होंने इसी तरह मण्डला रोड बिलहरी की ओर आने-जाने वाले वाहन तिलहारी मोड़ भिटौली कुण्ड होते हुए गौरीघाट गीताधाम मैदान में अपने वाहन पार्क होंगे।

### भेड़ाघाट मार्ग पर ट्रेफिक प्लान

डायवर्सन व्यवस्था-सगड़ा बाईपास की ओर से जाने वाले वाहन मेट्रो बसों के अलावा सभी प्रकार के भारी वाहन लोडिंग वाहन चौकीताल बाईपास से भेड़ाघाट मार्ग की आर नहीं जा सकेंगे। सगड़ा बाईपास की ओर से आने वाली मेट्रो बसें एवक सवारी ऑटो, आपै, चौकीताल से लम्हेटाघाट होकर भेड़ाघाट हाईस्कूल भड़पुरा तिराहे तक ही जा सकेंगे।

### तिलवाराघाट मार्ग पर यातायात

डायवर्सन व्यवस्था- शहर से आने वाले सभी प्रकार के बड़े मध्यम वाहन त्रिपुरी चौक,मेडिकल, शास्त्री नगर से सगड़ा तिराहा तक ही जा सकेंगे जो दांए मुडकर सगड़ा बाईपास ओकर जायेंगे।

### पार्किंग व्यवस्था

दो पाहिया, चार पाहिया वाहनों की पार्किंग व्यवस्था तिलवारा नया पुल के नीचे की जायेगी और तिलवारा नया थाने के सामने खाली जगह पर भी वाहन पार्क होंगे।

## मकर सक्रांति पर गौरीघाट, तिलवाराघाट और भेडाघाट में तैनात रहेगी चिकित्सकों की टीम

**जबलपुर।** मकर संक्रांति पर आकस्मिक चिकित्सा की आवश्यकता पड़ने की संभावना के मद्देनजर गौरीघाट, तिलवाराघाट और भेडाघाट में 14 और 15 जनवरी को मय एम्बुलेंस चिकित्सकों की टीम तैनात रहेगी। जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश जारी कर दिये गये हैं। निर्देश में गौरीघाट, तिलवाराघाट और भेडाघाट में चिकित्सकों की टीम और एम्बुलेंस को तैनात करने के साथ ही जिला चिकित्सालय में भी आकस्मिक चिकित्सा की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिये गये हैं।

## गुड्स ट्रैफिक से पमरे ने कमाए 572 करोड़

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमति शोभना बंदोपाध्याय के निर्देशन में पमरे ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए दिसम्बर माह में 572 करोड़ 57 लाख रूपये माल यातायात से ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की इसी माह में 489 करोड़ 01 लाख रूपये की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है तथा रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य 532 करोड़ 05 लाख रूपये ऑरिजनेटिंग रेवन्यू से लगभग 08 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार माल यातायात से दिसंबर माह में मण्डल वाइस बात करे तो जबलपुर मण्डल ने रूपये 398 करोड़ 35 लाख, भोपाल मण्डल ने 102 करोड़ 05 लाख एवं कोटा मण्डल ने रूपये 72 करोड़ 18 लाख का कुल ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है।

## फुल्की खाने जा रहे युवक पर अज्ञात बदमाशों ने किया चाकू से वार

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत झंडा चौक के पास फुल्की खाने जा रहे एक युवक पर तीन अज्ञात युवकों ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम के पास अधारताल निवासी 21 वर्षीय दिनेश उर्फ सिद्धार्थ सेन खेरमाई मंदिर के पास सैलून की दुकान चलाता है। बीती शाम करीब 7 बजे वह अपनी दुकान से फुल्की खाने के लिए झंडा चौक जा रहा था। इस दौरान बाईक में सवार तीन अज्ञात आए और उनमें से एक ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, दो ने हाथ मुक्कों से मारपीट की। पीड़ित के मुताबिक उसकी न तो किसी से रंजिश चल रही हैं और न ही वह उन तीनों में से किसी को पहचानता है। घायल को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल रांझी में भर्ती कराया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### संवर रही सूरजताल की तस्वीर और तकदीर

## कायाकल्प : युद्ध स्तर पर हो रहा जीर्णोद्धार

**जबलपुर ।** नगर निगम जबलपुर ने शहर के जल संरक्षण और स्वच्छ पर्यावरण के संकल्प के साथ, सूरजताल तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य युद्धस्तर पर शुरु करा दिया है। अगले एक माह के भीतर यह तालाब अपने नए और निखरे हुए स्वरूप में सामने आयेगा।



### जल संरक्षण और सौंदर्य का संगम

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि नगर निगम के इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य तालाब की गहराई बढ़ाना, जलभराव क्षमता में सुधार करना और इसके चारों ओर एक स्वच्छ पारिस्थिति विकसित करना है।

### प्रमुख आकर्षण

स्वच्छ और निर्मल जल सफाई के बाद तालाब का जल पहले से कहीं अधिक स्वच्छ नजर आएगा। लैंडस्केपिंग और सौंदर्यीकरण निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि तालाब के किनारों पर पौधारोपण और आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। नागरिकों के लिए सुविधा क्षेत्रीय निवासियों के लिए स्वच्छ वातावरण में टहलने के जगह की समुचित व्यवस्था विकसित की जा रही है।

## उजारपुरवा में चाइनीज मांझा बेचते एक गिरफ्तार

**जबलपुर।** हाल के दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में चाइनीज मांझों से लोगों की जान तक चले जाने की घटनाओं के बाद सरकार ने चाइनीज मांझे के क्रय विक्रय पर पाबंदी लगा दी है। सरकार की पाबंदी के बाद जहां एक ओर प्रशासन द्वारा अब इस जानलेवा मांझे की खरीद और बिक्री , इसके इस्तेमाल पर सख्ती बरती जा रही है वहीं आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ धरपकड़ की कार्यवाही भी की जा रही है। इसी क्रम में जबलपुर में भी पुलिस प्रशासन ने चाइनीज मांझो को लेकर गंभीर रुख अपनाया है जिसके तहत विभिन्न इलाकों में ऐसे लोगों पर सतत नजर रखी जा रही है जो चाइनीज मांझों की बिक्री में लगे हैं। लार्डगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उजार पुरवा गली नंबर 4 में अवैध रूप से चाइनीज मांझा बेचे रहे 39 वर्षीय सुनील साहू को गिरफ्तार किया । पुलिस ने मौके से बडी मात्रा में उक्त जानलेवा मांझा बरामद करने के साथ ही आरोपी को बीएनएस की धारा 106 (1)व बीएनएससएस 223 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफतार कर लिया।

## क्रेशर मालिक पर गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज

**जबलपुर।** कुंडम थाना अतंर्गत महगंवा स्थित एक गिट्टी क्रेशर में बीते दिनों मशीन की चपेट में आने से एक महिला मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग जांच के बाद क्रेशर मालिक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 जनवरी को कुंडम, बघराजी क्षेत्र की निवासी 45 वर्षीय मीरा बाई महगंवा स्थित गिट्टी क्रेशर में दिहाड़ी मजदूरी कर रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों और जांच रिपोर्ट के मुताबिक, काम के दौरान अचानक महिला का शरीर मशीन के तेजी से घूमते हुए शॉफ्ट की चपेट में आ गया। मशीन की रफ्तार इतनी तेज थी कि महिला को संभलने का मौका तक नहीं मिला और वह उसमें बुरी तरह फंस गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। कुंडम पुलिस ने जांच के बाद प्रथम दृष्टया क्रेशर मालिक की लापरवाही सामने आने पर आरोपी क्रेशर मालिक अरविंद विश्वकर्मा के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### लिंक भेजकर खाते से 98 हजार रुपए

## धोखाधड़ी : हार्ट विशेषज्ञ को सर्च करना महंगा पड़ा



**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत केजी बोस नगर गढ़ा निवासी एक महिला ने अपने ससुर को हार्ट के डाक्टर को दिखाने के लिये गूगल सर्च किया था। उसके बाद उसके मोबाइल पर एक लिंक आई थी। लिंक में 5 रुपए सेंड करने कहा गया, लेकिन उसने रुपए सेंड नहीं किए। उसके बाद उसके खाते से अज्ञात जालसाज ने धोखाधड़ी कर 98 हजार रुपए निकाल लिए।

गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार केजी बोस नगर गढ़ा निवासी 42 वर्षीय निकिता जैन गत सुबह लगभग 9 बजे अपने बेटे निमेश जैन के स्कूल वेन वालें को यूपीआई के माध्यम से 1700 रूपये ट्रांसफर किये जिसके बाद 10 से 11 बजे के बीच उसके मोबाइल में पैसे निकलने के मैसेज आये, उसने मोबाइल पर आये मैसेज चैक किये जिसमें तीन बार में क्रमशः 90 हजार, 5 हजार एवं 3 हजार रूपये कुल 98 हजार रूपये उसके सेंट्रल बैंक इंडिया शाखा गढ़ा के खाता से निकाले गये, उसने बैंक जाकर पता किया उसे बैंक से जानकारी मिली कि उसके खाता से किसी अज्ञात व्यक्ति के खाता में फर्जी तरीके से पैसे निकाले गये। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उन्हें यह स्पष्ट रूप से याद नहीं है कि फ्रॉड किस तरह हुआ। उन्होंने संदेह जताया कि गत 8 अगस्त 2025 को ससुर को हार्ट के डाक्टर को दिखाने के लिये गूगल सर्च किया था सर्च में आये 2 नम्बरों पर बात हुयी थी उन्होंने आनलाईन अपाइंटमेंट फार्म भरने के लिये उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप में एक लिंक भेजी थी उसने लिंक ओपन की और उनके द्वारा 5 रूपये सेंड करने के लिये कहा था लेकिन उसने पैसे सेंड नहीं किये थे। आशंका है कि इसी लिंक के माध्यम से साइबर ठगी को अंजाम दिया गया।

पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने अपना मोबाइल फॉर्मेट कर दिया, जिस कारण अब उनके मोबाइल में संबंधित लिंक उपलब्ध नहीं है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी कि खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 318(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### कोताही पर होगी सख्त कार्रवाई

## ऊर्जा मंत्री ने की समाधान योजना की समीक्षा

**जबलपुर।** समाधान योजना के क्रियान्वयन में कोताही पर सख्त कार्यवाई की जाएगी। अभी तक योजना में अपेक्षित प्रगति परिलक्षित नहीं हो रही है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह बात मंगलवार को विभागीय योजना की समीक्षा के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि इस योजना की सफलता में विद्युत वितरण कम्पनियों का भविष्य भी निहित है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि कितना बिजली बिल बकाया है, कितना वसूली योग्य है और कितना वसूली योग्य नहीं है, इसकी पूरी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि बड़े डिफॉल्टरों के विरूद्ध पहले कार्यवाई करें।

### अभी तक 613 करोड़ 26 लाख जमा

समाधान योजना में अभी तक 613 करोड़ 26 लाख रूपये उपभोक्तओं द्वारा जमा कराएं जा चुके है। इन उपभोक्ताओं के 271 करोड़ रूपये के सरचार्ज माफ किये गए है। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के अंतर्गत 115 करोड़ 58 लाख, मध्य क्षेत्र में 395 करोड़ 96 लाख और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी में 101 करोड़ 72 लाख रूपये जमा हुए हैं। मंत्री श्री तोमर ने आरडीएसएस के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। बिजली अवरूद्ध होने की जानकारी उपभोक्ताओं को कारण सहित दें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को उनके घरों में विद्युत उपयोग की क्षमता के अनुसार लोड स्वीकृत कराने के लिये समझाइश दें। बैठक में सचिव ऊर्जा श्री विशेष गढ़पाले एवं तीनों विद्युत वितरण कम्पनियों के चीफ इंजीनियर उपस्थित थे।

### भेड़ाघाट नगर पंचायत अध्यक्ष का पुत्र गंभीर

वारदात

## प्रापर्टी विवाद में चाकू चले

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत विशाल मेगा मार्ट के पास कल देर रात भेड़ाघाट नगर पंचायत अध्यक्ष के बेटे नीलेश लोधी पर तीन बदमाशों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में घायल नीलेश लोधी को गंभीर चोटें आई है। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भरती कराया गया है। बताया गया है कि घायल युवक व हमलावर प्रापर्टी का कारोबार करते है। कुछ समय पहले दोनों के बीच व्यवसायिक विवाद हो गया था। घटना को उसी का परिणाम माना जा रहा है।



तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकरी के अनुसार भेड़ाघाट निवासी नगर पंचायत अध्यक्ष चतुर सिंह का बेटा नीलेश लोधी कल देर रात तिलवारा होते हुए अपने घर भेड़ाघाट जा रहा था, तभी रास्ते में शाल मेगा मार्ट के सामने आरोपी जीतू पटेल ने अपने साथी अंकित और सचिन के साथ नीलेश को रोका और गाली गलौज शुरु कर दी। विरोध करने पर चाकू निकालकर ताबड़तोड़ हमले किए, जिससे नीलेश के शरीर पर गंभीर चोटें आई । घटना की सूचना मिलते ही उनके पिता भेड़ाघाट नगर पंचायत चतुर सिंह मौके पर पहुंचे। घायल नीलेश को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि घायल और हमलावर प्रॉपर्टी व्यवसाय से जुड़े हुए है। पिछले दिनों एक प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। पुलिस के मुताबिक जीतू पटेल आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ अवैध वसूली और मारपीट जैसे कई मामले दर्ज हैं। हाल ही में जेल से छूटने के बाद वह अपने साथियों के साथ फिर से प्रॉपर्टी का काम करने लगा था। पुलिस का कहना है कि चौकीताल निवासी जीतू पटेल व उसके साथियों के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

### एसपी के समक्ष जन सुनवाई में पीड़ित ने सुनाई व्यथा

## छोटे भाई ने गेहूं बोया, तैयार फसल काटने बड़े ने खेत कब्जाया

**जबलपुर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय जन सुनवाई में पहुंचे एक किसान ने पुलिस अधिकारियों को दी गई शिकायत में उसके द्वारा खेत में गेहूं की फसल बोए जाने के बाद अब बड़े भाई द्वारा उक्त फसल पर अपना हक जताए जाने और खेत पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए उचित कार्यवाही का आग्रह किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मझगवां थानांतर्गत ग्राम सरौली निवासी विश्वनाथ ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन सुनवाई में पहुंचकर पुलिस अधिकारियों को बताया कि उसकी सरौली में ही पैतृक जमीन है जिस पर इस बार उसने गेहूं की फसल बोई है। विश्वनाथ के मुताबिक अब उसके खेत पर उसका बड़ा भाई प्रेम लाल अपना हक जताने लगा है। उसका कहना है कि गेहूं की फसल मेरी है और मैने इसमें पैसा लगाया है इसलिए फसल मैं ही काटूंगा। विश्वनाथ ने बताया कि गेहूं की बोवाई में और अन्य कृषि कार्यों में उसने स्वतः ही पूरा पैसा खर्च किया है परंतु अब बड़े भाई द्वारा ज्यादती की जा रही है अतः राहत दिलाई जाए। पुलिस अधिकारियों ने पीड़ित को उचित जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## धान उपार्जन में अनियमितता: पांच समितियों के प्रबंधकों और ऑपरेटरों के खिलाफ कार्रवाई प्रस्तावित

**जबलपुर।** धान उपार्जन कार्य में अनियमितता की शिकायतों पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर राजस्व, खाद्य, कृषि और सहकारिता विभाग के संयुक्त दल ने आकस्मिक जांच की। जांच में गड़बड़ी पाई गई, जिसके बाद जिला उपार्जन समिति ने पांच समितियों के प्रबंधकों और कंप्यूटर ऑपरेटरों के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का प्रस्ताव संबंधित विभाग को भेजा है।




कलेक्टर कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहजपुरा (मझौली तहसील) के हनुमते वेयर हाउस चन्नौटा में रवि श्रीवास्तव (प्रभारी) और विकास खरे (कंप्यूटर ऑपरेटर) के खिलाफ कार्यवाही का प्रस्ताव भेजा गया है। इसी प्रकार कुंडम तहसील के वाधवा वेयर हाउस टिकरिया में संतोष पाण्डेय (समिति प्रबंधक) और धनीराम साहू (केंद्र प्रभारी) के खिलाफ भी कार्यवाही प्रस्तावित की गई है। इसके अलावा, पाटन तहसील के साईं एग्रो मार्केटिंग वेयरहाउस में अखिलेश यादव और ललित यादव के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की गई है, साथ ही पनागर तहसील के रामकेश बाबा वेयरहाउस में शिवम कुमार वर्मन और अविनाश पटेल के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी। जिला उपार्जन समिति ने स्पष्ट किया कि उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ड्राईवर से मारपीट कर चांवल की 6 कट्टियां ले गए बदमाश

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत करोंदा बाईपास की ओर लगभग 200 मीटर आगे तीन मोटरसायकिलों में आए अज्ञात 6 बदमाशों ने एक ड्राइवर का वाहन रास्ते में रोका और जबरन रुपयों की मांग करते हुए मारपीट कर चांवल की 6 कट्टियां ले गए। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार भखरी दिनारी खमरिया सिहोरा निवासी 35 वर्षीय ड्राईवर राघवेंद्र धर्वे सिहोरा निवासी वाहन मालिक संतोष की स्वराज माजदा क्रमांक एमपी 20 जीए 9922 से गत दिवस चेटूमल राईस मिल कटनी से चांवल की 120 कट्टी लेकर मण्डला के लिये अकेले निकला था। देर रात 12.30 बजे सिहोरा रोड से अंदर दाउ मैरिज गार्डन के सामने से करोंदा बाईपास की ओर लगभग 200 मीटर आगे पहुंचा तभी 3 मोटर सायकिल में 6 अज्ञात लड़के आए एवं उसकी गाड़ी रोक लिये और सभी गालीगलौज कर जबरन रूपयों की मांग करते हुये मारपीट कर उसे गाड़ी से नीचे उतारने की कोशिश करने लगे उसने गाड़ी की खिड़की बंद कर ली और मौका मिलते ही वहां से निकलकर महाराजपुर के पास आकर वाहन मालिक संतोष श्रीवास्तव को फोन पर घटना की जानकारी दी। वाहन मालिक संतोष के आने पर देखा कि लोड की हुई चांवल की कट्टियों में से 6 कट्टियां कम थी। अज्ञात लड़कों ने उसके साथ मारपीट कर चांवल की कट्टियॉं ले गये है। अज्ञात लड़कों की उम्र 20 से 25 वर्ष की होगी। पुलिस ने अज्ञात लड़कों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2), 126 (2), 119(2), 303(2), 3(5), बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

श्रद्धांजलि



**जबलपुर।** श्रमजीवी पत्रकारिता के जनक स्वर्गीय हुक्म चंद जी नारद की आज 124 वीं पुण्य तिथि पर उनकी मानवाकार कांस्क प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रमजीवी संगठन श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

मुख्यालय में महापौर एवं निगमाध्यक्ष ने की सुनवाई, 44 शिकायतों में जल की मात्र 1 शिकायत प्राप्त हुई, 2 घंटे में कराया निराकरण

# मुख्यालय के साथ सभी 79 वार्डो में जन और जल सुनवाई अपने आप में है निगम की ऐतिहासिक पहल : महापौर

### निगमायुक्त द्वारा गठित टीम के सदस्यों द्वारा 79 वार्डो में की गई जलसुनवाई

जबलपुर।



जनसमस्याओं का निराकरण करने नगर निगम द्वारा ऐतिहासिक पहल करते हुए आज दिन मंगलवार को मुख्यालय सहित सभी 79 वार्डो में एक साथ जनसुनवाई एवं जलसुनवाई की गयी, जिसमें महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज एवं निगम अधिकारियों के द्वारा मुख्यलय में जन एवं जल सुनवाई की गयी। वहीं सभी वार्डो में संभागीय अधिकारियों, राजस्व निरीक्षकों एवं संभागीय यंत्रियों के द्वारा जलसुनवाई की गयी। मुख्यालय में जल से संबंधित मात्र 1 शिकातय प्राप्त हुई जिसका महापौर द्वारा 2 घंटे के अंदर निकराकरण कराया गया। वहीं वार्डो में आयोजित जन-जल सुनवाई में 113 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 81 आवेदन जल से संबंधित प्राप्त हुए जिस पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम मुख्यालय में 44 और सभी 16 संभागीय कार्यालयों में आयोजित जन-जलसुनवाई में 113 प्रकरण प्राप्त हुए कुल 157 नागरिकों को बड़ी राहत मिली। इस बार की जनसुनवाई की सबसे खास बात रही 'विशेष जलसुनवाई'।

### मुख्यालय से लेकर संभागों के वार्डो तक पहुँचा न्याय

महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' और निगमाध्यक्ष रिकुंज विज की मौजूदगी में मुख्यालय में आयोजित सुनवाई में 44 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिसमें 8 अतिक्रमण विभाग, 4 स्थापना शाखा, 8 भवन शाखा, 4 बाजार विभाग, 1 लोककर्म विभाग, 4 स्वास्थ विभाग, 2 पेंशन शाखा, 2 कार्यालय अधीक्षक, 2 जल विभाग, 2 राजस्व विभाग, 2 होर्डिंग शाखा, 1 कॉलोनी सेल, 1 उद्यान विभाग, 1 सीवर लाइन, 1 स्टेनो महापौर एवं 1 संभाग क्रमांक 2 की प्राप्त हुई। इनमें अतिक्रमण, भवन शाखा, स्वास्थ्य और राजस्व जैसे महत्वपूर्ण विभागों से संबंधित मुद्दे शामिल थे। अधिकारियों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए कई शिकायतों का मौके पर ही निराकरण कर दिया।वहीं, शहर के सभी 16 संभागीय कार्यालयों में भी प्रशासन मुस्तैद दिखा, जहाँ 113 शिकायतों का त्वरित समाधान कर नागरिकों को राहत पहुँचाई गई।

### 'जलसुनवाई' बनी आकर्षण का केंद्र : जल से संबंधित प्राप्त हुए 81 प्रकरण

महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने बताया कि मुख्यालय सहित समस्त 16 संभागीय कार्यालयों में देवतुल्य नागरिकों से कुल 157 शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें से जल प्रदाय से संबंधित 81 शिकायत प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि गंदे पानी, लीकेज, पुरानी पाइप लाइनों को बदले संबंधी शिकायत प्राप्त हुई जिसमें से कुछ शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया, शेष शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने जल विभाग के भेजी गयी है। उन्होंने बताया कि शिकायत में प्राप्त पानी के सैम्पलों को जॉंच के लिए भेजा गया है।



# माताजी की स्मृति में शिक्षक तिवारी ने शासकीय स्कूल सरौली व नुन्जी को भेंट किए डेस्क-बेंच

**सिहोरा।** वर्तमान के युग में जहां बहुत से वृद्ध माता-पिता अपने बच्चों से तंग आकर वृद्धाश्रम की ओर रुख करने लगे हैं तो वहीं अनेक लोग ऐसे भी हैं जो अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए कुछ हटकर ऐसे समाजिक कार्य करते हैं जो दुसरो के लिए भी एक उदाहरण बन जाते हैं उन्हीं में से एक है एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला सरौली में पदस्थ सिहोरा के वार्ड क्रमांक 12 पालीवाल कालोनी निवासी शिक्षक राममनोहर तिवारी उन्होंने शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से करीब 24 बच्चों के बैठने हेतु माताजी स्वर्गीय श्रीमती कमला बाई की प्रथम पुण्यतिथि स्मृति में विद्यालय के टाट पट्टी में बैठ रहे तीसरी चौथी के छात्रों के लिए 12 नग डेस्क बैंच भेंट किए। इसी तरह शासकीय माध्यमिक शाला नुन्जी में पदस्थ शिक्षिका सरिता तिवारी ने भी छठवीं,सातवीं,आठवीं के करीब दो दर्जन विद्यार्थियों के बैठने के लिए एक दर्जन नग डेस्क बैंच भेंट कर स्कुल में एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। पति पत्नी के इस सराहनीय कार्य से जहां बच्चो के मानसिक स्तर में सुधार होगा वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय प्राइवेट स्कूल के पैटर्न में दिखाई देगें।

# अब क्षेत्रीय नागरिक संभालेंगे उद्यान की जिम्मेदारी

## नवाचार : पावर मैनेजमेंट कंपनी की पहल

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी ने नवाचार करते हुए अपने आवासीय परिसर स्थित खाली स्थानों पर उद्यान को विकसित करते हुए इनकी जिम्मेदारी क्षेत्रीय नागरिक को दी है। पूर्व में खाली स्थानों पर रहवासियों द्वारा अनुपयोगी समान फेंके जाते थे लेकिन अब यहां व्यवस्थित उद्यान बनने से जहां पर्यावरण का संरक्षण हो रहा है, वहीं नागरिकों को इसकी देखरेख की जिम्मेदारी दी गई है।

पावर मैनेजमेंट कंपनी के इस नवाचार के अंतर्गत मंगलवार को रामपुर गेट से 220 केवी सब स्टेशन नयागांव मुख्य मार्ग पर सहकार नगर के सामने दो उद्यानों का उद्घाटन किया गया। इन दो उद्यानों श्रीराम वाटिका एक व दो का सहकार नगर निवासी डा. संजय नागराज व उनके परिजन द्वारा एक वर्ष तक संरक्षण व संवर्द्धन किया जाएगा। डा. संजय नागराज ने अपने पिता की स्मृति में इन उद्यानों को गोद लिया गया है। उल्लेखनीय है कि डा. नागराज के पिता मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता एसआर नागराज थे। उद्यान का उद्घाटन डा. संजय नागराज की माताजी गीता नागराज ने किया। इस अवसर पर पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता, डा. भाग्यश्री नागराज, अधीक्षण अभियंता सिविल मुख्यालय धर्मेन्द्र वर्मा, कार्यपालन अभियंता सिविल मिलिन्द चौधरी, उद्यान सलाहकार ज्ञान सनोरिया व क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थिति थे।

पावर मैनेजमेंट कंपनी के उद्यान नवाचार के अंतर्गत उद्यान में पौधे लगाकार जिम्मेदारी संभालने वाले नागरिक को देखभाल के लिए सौंपे जाते हैं। आज उद्घाटित श्रीराम वाटिका एक में 510 व श्रीराम वाटिका दो में 355 विभिन्न प्रजातियों जैसे हर्रा, बहेड़ा, बीजा, सिरस, कोसम, चिरहुत, चंपा, करंज व हल्दू के पौधे लगाए गए हैं। ये पौधे जापानी तकनीक मियावाकी पद्धति से लगाए गए हैं। डा. संजय नागराज व उनके परिजन एक वर्ष तक इन उद्यानों की एक वर्ष तक देखभाल करेंगे।

कार्यपालक निदेशक राजीव गुप्ता ने कहा कि नवाचार के अंतर्गत पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा पांच उद्यानों की देखभाल की जिम्मेदारी क्षेत्रीय नागरिकों को देने का निर्णय लिया गया है। दो के बाद शेष तीन उद्यान की देखभाल की जिम्मेदारी देने का निर्णय शीघ्र लिया जाएगा।

# मकर संक्रांति पर्व पर गोमुख घाट में मेले का आयोजन

**बरेला।** विगत अनेक वर्षों की परंपरा को काम करते हुए ग्राम पंचायत विलगड़ा द्वारा गोमुख घाट पर मकर संक्रांति के पर्व पर मेले का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत बिलगढ़ा की सरपंच श्रीमती ज्योति पटेल सचिव पंकज परस्ते ने बताया कि यह मेला 14 जनवरी से आरंभ होकर 18 जनवरी तक चलेगा।इस मेले में आदिवासी संस्कृति की झलक दिखाई पड़ती है। ज्ञात होवे कि गोमुख घाट में गाय के मुख की आकृति से निरंतर जल बहता रहता है तथा यह मेला आदिवासियों में बड़ा प्रसिद्ध है।



# जरूरतमन्द गरीब आदिवासी परिवारों में किया कम्बल वितरण

**बरेला।** आशा किरण सेवा समिति जबलपुर के द्वारा ग्राम पंचायत शारदा नगर रिछाई के ग्राम रिछाई में ठंड के चलते लगभग 80 जरूरत मंद आदिवासी परिवारों के भाई बहिनों को कम्बल वितरण कियाकम्बल वितरण आशा किरण सेवा समिति जबलपुर अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी, बसन्त विश्वकर्मा, डोंगरे के द्वारा शारदा नगर रिछाई के सरपंच आशीष शुक्ला के मार्गदर्शन में कम्बल वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम के सोन सिंह गुड्डा, नोने लाल, जगन गोठारिया, ठाकुर पंच, जगदीश मरावी, छोटे लाल, विश्राम भाई, मुस्की दादा तुलसी भाई का कम्बल वितरण में सहयोग रहा।

# फुल्की खाने जा रहे युवक पर अज्ञात बदमाशों ने किया चाकू से वार

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत झंडा चौक के पास फुल्की खाने जा रहे एक युवक पर तीन अज्ञात युवकों ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम के पास अधारताल निवासी 21 वर्षीय दिनेश उर्फ सिद्धार्थ सेन खेरमाई मंदिर के पास सैलून की दुकान चलाता है। बीती शाम करीब 7 बजे वह अपनी दुकान से फुल्की खाने के लिए झंडा चौक जा रहा था। इस दौरान बाईक में सवार तीन अज्ञात आए और उनमें से एक ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, दो ने हाथ मुक्कों से मारपीट की। पीड़ित के मुताबिक उसकी न तो किसी से रंजिश चल रही हैं और न ही वह उन तीनों में से किसी को पहचानता है। घायल को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल रांझी में भर्ती कराया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में



# सेंट मेरी विद्यालय में इंटर स्कूल मेगा किड्स आर्ट एंड टैलेंट कॉन्टेस्ट आयोजित

**जबलपुर।** सेंट मेरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वीएफजे में वर्ष 2026 के अंतर्गत इंटर स्कूल मेगा किड्स आर्ट एंड टैलेंट कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय सहित विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता को जूनियर एवं सब-जूनियर दो वर्गों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामकुमार यादव, श्रीमती गार्गी यादव (पार्षद) एवं श्रीमती संतोषी ठाकुर (पार्षद) ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया और अभिभावकों से बच्चों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जूनियर एवं सब-जूनियर स्तर पर चित्रकला, फैंसी ड्रेस एवं कविता पाठ प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रही, जिसमें बच्चों ने पुजारी, देवदूत, चंद्रयान, राष्ट्रीय पक्षी मोर, सुभाष चंद्र बोस एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे रूपों में मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# श्री राम कॉलेज के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमणः बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पाया व्यवहारिक ज्ञान




**जबलपुर।** श्री राम कॉलेज के बायो साइंस विभाग के विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. भरत सोलंकी के मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का भ्रमण कर वहां के वन्य जीव और उष्णकटिबंधीय वनों का अध्ययन किया। विद्यार्थियों ने जंगल सफारी का आनंद लिया और बाघ, चीतल, नीलगाय, काकर, स्लोथ बेयर, सांभर तथा विभिन्न पक्षियों को देखा। उष्णकटिबंधीय वनों के अध्ययन में ईकोटोन जोन पर विशेष ध्यान दिया गया। वर्तमान में हाथी-मानव द्वंद्व पर कार्य कर रहे वैज्ञानिक सिद्धार्थ दीक्षित ने विद्यार्थियों को अपने कार्य से अवगत कराया। इसके अतिरिक्त, राहुल उनियाल ने लैंटाना प्रजाति पर चल रहे संरक्षण प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। ब्रांडवगढ़ टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर अनुपम सहाय (IFS) ने विद्यार्थियों को टाइगर रिजर्व, वन्यजीव पर्यटन और स्थानीय संस्कृति की जानकारी दी। कार्यक्रम का संयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. वर्षा दुबे ने किया, जिसमें प्रोफेसर डॉ. सविता तिवारी, शेफाली सक्सेना, आफरीन अंसारी, विजय शेखर नियोगी, जया पांडे, बृजेन्द्र नेमा, देवांशी दुबे एवं गुरमीत कौर ने सहयोग प्रदान किया। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए वन्य जीव संरक्षण, पर्यावरण अध्ययन और व्यवहारिक ज्ञान के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण अनुभव साबित हुआ।



# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बरेला ने आयोजित किया कार्यकर्ता मिलन समारोह

**बरेला।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बरेला द्वारा कार्यकर्ता मिलन समारोह एवं प्रीति भोज का आयोजन किया गया, जिसमें संगठनात्मक मजबूती एवं आगामी आंदोलनों की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में मंडल, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर कमेटियों के गठन को लेकर मंथन हुआ और जमीनी स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में मनरेगा को बंद करने की साजिश एवं 'जी राम जी योजना' के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पार्टी सड़कों पर उतरकर जनता की आवाज उठाएगी। समारोह ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश रघुवर पटेल के संयोजन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव एवं विधानसभा प्रभारी बबुआ शुक्ला शिव नामदेव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। मंच संचालन सतेंद्र गर्ग ने किया।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को दी गई यातायात की जानकारी

## चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई



**सिहोरा।** 37 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने एच ए आई के निर्देशानुसार नेशनल हाईवे इंफ्रा ट्रस्ट की टीम द्वारा आज गोसलपुर शासकीय हाई स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यालयीन स्तर पर विद्यार्थियों में कम उम्र से ही सड़क सुरक्षा के प्रति समझ विकसित करना एवं उन्हें जिम्मेदार सड़क उपयोगकर्ता बनाना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व एवं उद्देश्यों की जानकारी दी गई तथा सुरक्षित सड़क व्यवहार अपनाने में उनकी भूमिका को समझाया गया। यातायात नियमों एवं विनियमों पर विस्तार से चर्चा की गई जिसमें सुरक्षित पैदल चलने,सड़क पार करने की सही विधियों पर विशेष जोर दिया गया। छात्रों को विभिन्न यातायात संकेत चिन्हों ट्रैफिक साइन बोर्ड एवं उनके अर्थ के बारे में सरल भाषा में बताया गया जिससे वे सड़क संकेतों को आसानी से समझ सकें। इसके साथ ही लेन अनुशासन एवं पार्किंग सुरक्षा पर विशेष फोकस करते हुए गलत पार्किंग से होने वाले संभावित खतरों के बारे में जागरूक किया गया।इस अवसर पर पैदल यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए ज़ेब्रा क्रॉसिंग के सही उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को कोहरे वाले मौसम में सड़क सुरक्षा के संबंध में भी अवगत कराया गया जिसमें कम दृश्यता की स्थिति में अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता पर बल दिया गया। विद्यार्थियों की रुचि एवं रचनात्मकता बढ़ाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तथा विद्यार्थियों को स्टेशनरी सामग्री का वितरण भी किया गया वहीं एनएचआईटी की ओर से परियोजना प्रबंधक क्रांति कुमार,सेफ्टी मैनेजर लोकेंद्र शर्मा एवं कॉरिडोर टीम की सक्रिय सहभागिता रही।

इस प्रकार के सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आगामी दिनों में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग विशेषकर बच्चों एवं युवाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके और सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके।




**श्री सुभाष चंद्र चौधुरी-** नव निवेश कॉलोनी गंगानगर गढ़ा निवासी श्री सुभाष चंद्र चौधुरी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती परमजीत कौर-** प्रगति हाइट्स फेस 1 के सामने महानद्दा निवासी श्री हरदेव सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती परमजीत कौर (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा सिंधी-** मोहन धाम जिलहरी घाट निवासी श्री गिरधारी लाल सिंधी की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा सिंधी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कन्हैया लाल धुसिया-** भरतीपुर पेशकारी स्कूल के पास निवासी श्री मन्नू लाल धुसिया के पुत्र श्री कन्हैया लाल धुसिया (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लल्ली बाई-** रिछाई व्हीकल निवासी श्री मदन की धर्मपत्नी श्रीमती लल्ली बाई (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पान बाई कोल-** आमनपुर कुलियाना मोहल्ला निवासी श्री इमरत लाल कोल की धर्मपत्नी श्रीमती पान बाई कोल (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मीरा बाई राज-** नानक नगर मानेगांव रांझी निवासी श्री इमरत लाल राज की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा बाई राज (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गणेश सिंह ठाकुर-** बरसाना मोहल्ला गंगासागर निवासी श्री गणेश सिंह ठाकुर (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती अनीता बर्मन-** गोरखपुर निवासी श्री सुरेश बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता बर्मन (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ज्ञान कौर नंदा-** अंकित अपार्टमेंट साउथ सिविल लाइन निवासी श्री एचएस नंदा की धर्मपत्नी श्रीमती ज्ञान कौर नंदा (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राज किशोर कठेरिया-** कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री राज किशोर कठेरिया (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तुलसा बाई नामदेव-** शुक्रवारी बजरिया हनुमानताल निवासी श्री गुलाबचंद नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसा बाई नामदेव (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ईश्वरी प्रसाद चंसोरिया-** गढ़ा निवासी श्री ईश्वरी प्रसाद चंसोरिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री देव नारायण मिश्रा-** रेतनाका कंचनपुर गौरीघाट निवासी श्री देव नारायण मिश्रा (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती जयंती लक्ष्मीकांत कामथ-** वैशाली परिसर नर्मदा रोड निवासी श्री लक्ष्मीकांत कामथ की धर्मपत्नी श्रीमती जयंती लक्ष्मीकांत कामथ (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

## खबर संक्षेप



### सरकार ने शोल्डर वायर पर गुणवत्ता नियंत्रण हटाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स और वाहन समेत कई उद्योगों में इस्तेमाल किए जाने वाले 'फ्लक्स कोर्ड शोल्डर वायर' पर गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) को वापस ले लिया है। इस उत्पाद के लिए यह आदेश सितंबर, 2023 में जारी किया गया था। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने एक अधिसूचना में कहा, 'भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 की धारा 16 की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए केंद्र सरकार का यह मत है कि जनहित में ऐसा करना आवश्यक है।

### एआई लंबी दूरी के लिए ड्रीमलाइनर करेगी तैनात



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया फरवरी से लंबी दूरी की अंतरराष्ट्रीय सेवाओं के लिए अपना नया बोइंग 787-9 विमान तैनात करेगी। एयर इंडिया के निजीकरण के बाद विमान बेड़े में शामिल होने वाला पहला ड्रीमलाइनर है। एयर इंडिया ने सात जनवरी को अमेरिका के सिएटल में बोइंग की एवरेट फैक्ट्री में पहले 'लाइन फिट ड्रीमलाइनर'' का टाइटल हस्तांतरण पूरा किया और एयरक्राफ्ट 11 जनवरी को दिल्ली में उतरा। आम तौर पर, लाइन फिट का मतलब होता है एक खास एयरलाइन के लिए खास तौर पर बनाया गया एयरक्राफ्ट।

### डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे गिरकर 90.21 पर बंद


**मुंबई।** कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, मजबूत अमेरिकी मुद्रा और विदेशी कोषों की लगातार निकासी के दबाव में मंगलवार को रुपया अमेरिकी



डॉलर के मुकाबले चार पैसे गिरकर 90.21 (अस्थायी) के भाव पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव और कमजोर शेयर बाजारों ने भी भारतीय मुद्रा पर दबाव डाला।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 90.24 पर खुला और कारोबार के दौरान 90.30 के निचले स्तर तक फिसल गया।

### आनंद राठी वेल्थ में 30 प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली।** आनंद राठी की परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी आनंद राठी वेल्थ का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 30 प्रतिशत बढ़कर 100.1 करोड़ रुपये



रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 77.2 करोड़ रुपये था। कंपनी का कुल राजस्व वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 25 प्रतिशत बढ़कर 306 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 244.1 करोड़ रुपये था।

### एचसीएल टेक के लाभ में 11 प्रतिशत गिरावट



**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी एचसीएल टेक का चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 11.2 प्रतिशत गिरकर 4,076 करोड़ रुपये रहा। नए श्रम कानूनों के लिए 719 करोड़ रुपये का एकमुश्त प्रावधान करने से इसके लाभ में गिरावट आई है। एचसीएल ने शेयर बाजार को अक्टूबर-दिसंबर, 2025 तिमाही के इस वित्तीय नतीजे की सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में उसने 4,591 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ (कंपनी के मालिकों को देय) दर्ज किया था।

# बीएसई, एनएसई के बाद अब आएगा एमएसई, भारत को मिलेगा नया स्टॉक एक्सचेंज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत का शेयर बाजार लंबे समय से दो बड़े नामों के इर्द गिर्द घूम रहा है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने इक्विटी और डेरिवेटिव्स ट्रेडिंग पर लगभग पूरा दबदबा बना रखा है। निवेशक, ब्रोकर्स और लिस्टेड कंपनियां सभी को इन्हीं दो प्लेटफॉर्म पर निर्भर रहना पड़ता है। अब इसी दो एक्सचेंज के वर्चस्व को तोड़ने की तैयारी हो रही है। मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज (एमएसई) जल्द फुल ऑपरेशनल होकर भारत का तीसरा बड़ा स्टॉक एक्सचेंज बनने वाला है। बाजार में यह एंट्री सिर्फ एक नई कंपनी की शुरुआत नहीं है बल्कि पूरे ट्रेडिंग इकोसिस्टम में कॉम्पिटिशन का नया दौर शुरू करने वाला कदम है। नया एक्सचेंज आते ही सीधा दबाव मौजूदा दिग्गजों पर पड़ेगा। ट्रेडिंग फीस, लिस्टिंग चार्ज और टेक्नोलॉजी अपग्रेड जैसे क्षेत्रों में ज्यादा प्रतिस्पर्धा देखने को मिल सकती है। लंबे समय में यह कॉम्पिटिशन पूरे मार्केट को ज्यादा एफिशिएंट बना सकता है। इसके अलावा एसएमई सेगमेंट और नई कंपनियों के लिस्टिंग के लिए भी एक नया प्लेटफॉर्म खुलेगा। इससे छोटे और मिड साइज बिजनेस को पूंजी जुटाने के और विकल्प मिलेंगे। किसी भी नए स्टॉक एक्सचेंज के लिए सबसे बड़ी चुनौती लिक्विडिटी लाना होता है। ट्रेडर्स वहीं जाते हैं जहां ज्यादा वॉल्यूम और बेहतर प्राइस डिस्कवरी मिलती है। यही वजह है कि नए प्लेटफॉर्म पर भरोसा बनाना आसान काम नहीं होता।

## मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज जल्द शुरू होने जा रहा

### एमएसई पहले से मौजूद प्लेटफॉर्म है

मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज पहले से मौजूद एक प्लेटफॉर्म है जो कई सालों से सीमित सेगमेंट में काम कर रहा था। शुरुआती दौर में यह मुख्य रूप से करेंसी डेरिवेटिव्स तक सीमित रहा। हाल के समय में इसे फुल स्टॉक एक्सचेंज के रूप में काम करने का लाइसेंस मिला है। अब यह इक्विटी, फ्यूचर्स, ऑप्शंस और कमोडिटी डेरिवेटिव्स जैसे सभी बड़े सेगमेंट में ट्रेडिंग शुरू करने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सेबी से अंतिम मंजूरी मिलने के बाद अगले कुछ महीनों में इसका फुल ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म लाइव हो सकता है।




### क्यों जरूरी माना जा रहा नया प्रतिस्पर्धी

आज भारत के शेयर बाजार में लगभग पूरा मार्केट शेयर दो ही एक्सचेंज के पास है। यही वजह है कि ब्रोकरेज फीस, एक्सचेंज चार्जेस और टेक्नोलॉजी स्टैंडर्ड लगभग एक तय पैटर्न पर चलते हैं। जब विकल्प सीमित होते हैं तो इनोवेशन और कॉस्ट कटिंग की रफ्तार भी सीमित रहती है। मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज का दावा है कि वह कम फीस, बेहतर टेक्नोलॉजी इंफ्रास्ट्रक्चर और नए सेगमेंट अप्रोच के साथ एंट्री करेगा। अगर यह मॉडल सफल होता है तो ब्रोकर्स की लागत कम हो सकती है। निवेशकों को बेहतर एक्जीक्यूशन और नए प्रोडक्ट्स मिल सकते हैं।

घरेलू कीमतों में भारी गिरावट आई है, अनिश्चितता की वजह से निर्यातकों के भुगतान में देरी

# ईरान में अशांति से भारतीय बासमती चावल के निर्यात पर असर पड़ा : उद्योग संगठन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ईरान में जारी नागरिक अशांति का असर भारत के बासमती चावल के निर्यात पर पड़ना शुरू हो गया है जिससे घरेलू कीमतों में भारी गिरावट आई है। निर्यातकों को भुगतान में देरी और बढ़ती अनिश्चितताएं इसकी मुख्य वजह है। उद्योग संगठन ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

- भुगतान के सुरक्षित तरीके अपनाने का आग्रह

इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन (आईआरईएफ) ने निर्यातकों से ईरानी अनुबंधों पर जोखिमों का पुनर्मूल्यांकन करने और भुगतान के सुरक्षित तरीके अपनाने का आग्रह किया। साथ ही ईरानी बाजार के लिए जरूरत से ज्यादा भंडार रखकर जोखिम नहीं लेने को कहा है।

### घरेलू मंडियों पर पड़ रहा असर

व्यापारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल-नवंबर के दौरान ईरान को 468.10 अमेरिकी डॉलर का बासमती चावल निर्यात किया जिसकी कुल मात्रा 5.99 लाख टन थी। ईरान भारत का सबसे बड़ा बासमती चावल निर्यातक है लेकिन मौजूदा अस्थिरता के कारण चालू वित्त वर्ष में ऑर्डर प्रवाह, भुगतान चक्र और निर्यात पर दबाव बढ़ रहा है। इसका असर अब घरेलू मंडियों में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है।



### ईरान, भारतीय बासमती चावल का एक प्रमुख बाजार

आईआरईएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम गर्ग ने बयान में कहा, '' ईरान ऐतिहासिक रूप से भारतीय बासमती का एक प्रमुख बाजार रहा है। हालांकि, मौजूदा आंतरिक अशांति ने व्यापार माध्यमों को बाधित किया है, भुगतान में देरी की है और खरीदारों के विश्वास को प्रभावित किया है।''

### प्रमुख किस्मों की कीमतों में भारी गिरावट

पिछले एक सप्ताह में ही बासमती की प्रमुख किस्मों की कीमतों में भारी गिरावट आई है जो खरीदारों की झिझक, अनुबंधों में देरी और निर्यातकों के बीच बढ़े हुए जोखिम के प्रति आशंका को दर्शाती है। बासमती चावल की किस्म 1121 की घरेलू कीमत पिछले सप्ताह के 85 रुपये प्रति किलोग्राम से घटकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। वहीं 1509 और 1718 किस्म की कीमत 70 रुपये प्रति किलोग्राम से घटकर 65 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।

### निर्यातकों को सावधानी बरतनी होगी

गर्ग ने कहा कि निर्यातकों को विशेष रूप से ऋण जोखिम और निर्यात समयसीमा के संबंध में अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए। उद्योग संगठन ने कहा कि आयातकों ने भारत को मौजूदा प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और भुगतान करने में असमर्थता व्यक्त की है जिससे निर्यातकों के लिए अनिश्चितता उत्पन्न हो गई है।

### अमेरिकी शुल्क चिंता का विषय बना

गर्ग ने कहा, '' हम कोई चेतावनी नहीं दे रहे हैं बल्कि सावधानी बरतने का आग्रह कर रहे हैं। भू-राजनीतिक और आंतरिक अस्थिरता के दौर में व्यापार अकसर सबसे पहले प्रभावित होता है। निर्यातकों और किसानों दोनों की सुरक्षा के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण आवश्यक है।'' आईआरईएफ ने कहा कि अमेरिकी शुल्क भी चिंता का विषय बने हुए हैं।

### भारतीय चावल निर्यात पर पहले ही 50 फीसदी शुल्क

उद्योग संगठन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हालिया टिप्पणियों पर भी चिंता व्यक्त की जिसमें उन्होंने संकेत दिया था कि ईरान के साथ व्यापार जारी रखने वाले देशों को 25 प्रतिशत तक शुल्क का सामना करना पड़ सकता है।

# म्यूचुअल फंड में एसआईपी के जरिए 2025 में निवेश बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




अनुशासित और लंबी अवधि के संपत्ति सृजन को लेकर निवेशकों के बढ़ते रुझान के कारण व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के जरिये म्यूचुअल फंड निवेश 2025 में 3.34 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार इससे पहले एसआईपी से 2024 में 2.68 लाख करोड़ रुपये और 2023 में 1.84 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया था।

- निवेश बढ़कर 3 .34 लाख करोड़ रुपए पर
- निवेशक का लंबी अवधि के संपत्ति सृजन पर ध्यान

आनंद राठी वेल्थ के संयुक्त सीईओ फिरोज अजीज ने कहा, ''आंकड़े बताते हैं कि निवेशकों ने लगातार बाजार की गिरावट का उपयोग अधिक निवेश करने के अवसर के रूप में किया है। वर्ष 2025 में 3.34 लाख करोड़ रुपये का कुल एसआईपी योगदान अल्पकालिक सट्टेबाजी के बजाय लंबी अवधि के इरादे और भरोसे को दर्शाता है।'' एसआईपी योगदान म्यूचुअल फंड प्रवाह की रीढ़ बना रहा। यह सितंबर, अक्टूबर और नवंबर में लगातार 29,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा और दिसंबर में 31,000 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

### अस्थिरता के बावजूद एसआईपी बढ़ा


आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी के प्रबंध निदेशक और सीईओ ए बालासुब्रमण्यम ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता और बाजार के उतार-चढ़ाव के बीच भी लगातार एसआईपी निवेश बढ़ती वित्तीय जागरूकता और अनुशासित निवेश को दर्शाता है।

# डुकाटी की इस साल 10 नए मॉडल पेश करने की योजना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इटली की लक्जरी मोटरसाइकिल विनिर्माता डुकाटी ने मंगलवार को कहा कि उसकी इस साल भारतीय बाजार में 10 नए एवं उन्नत मॉडल पेश करने की योजना है। कंपनी ने कहा कि नए मोटरसाइकिल मॉडल में डेस्मो 450 एमएक्स, नई मल्टीस्ट्राडा वी4 रैली (2026 संस्करण), पैनिगाले वी4 लैम्बर्गिनी, नई मॉन्स्टर वी2 और नई हाइपरमोटार्ड वी2/वी2 एसपी शामिल होंगे। डुकाटी ने कहा कि इन 10 नए मॉडल में से पैनिगाले वी4आर मॉडल को दो जनवरी को पहले ही बाजार में उतारा जा चुका है। डुकाटी इंडिया के प्रबंध निदेशक बिपुल चंद्रा ने कहा, "वर्ष 2026 डुकाटी के लिए एक और अहम साल होने जा रहा है। नई पेशकश की श्रृंखला के साथ हम प्रीमियम मोटरसाइकिल खंड में नए मानक स्थापित करेंगे।" उन्होंने कहा कि भारतीय ग्राहकों को अत्याधुनिक और प्रदर्शन पर आधारित मोटरसाइकिल मुहैया कराने की कंपनी की प्रतिबद्धता पहले से कहीं अधिक मजबूत है। कंपनी के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2026 की पहली तिमाही में नई मल्टीस्ट्राडा वी4 रैली (2026 संस्करण), पैनिगाले वी4 लैम्बर्गिनी और बहुप्रतीक्षित डेस्मो450 एमएक्स मॉडल पेश किए जाएंगे। तीसरी तिमाही में नई मॉन्स्टर वी2, पैनिगाले वी2 स्पेशल एडिशन एमएम93 (मार्क मार्केज़) और पैनिगाले वी2 स्पेशल एडिशन पीबी63 (पेको बान्याया) के अलावा डियावेल वी4 आरएस पेश की जाएंगी।

- पैनिगाले वी4आर मॉडल पहले ही बाजार में



### चौथी तिमाही में हाइपरमोटार्ड मॉडल पेश होंगे

चौथी तिमाही में नई हाइपरमोटार्ड वी2 और वी2 एसपी मॉडल पेश किए जाएंगे और दिसंबर 2026 के अंत में पैनिगाले वी4 मार्क मार्केज़ रेप्लिका के साथ साल का समापन होगा। कंपनी ने कहा कि इन मॉडलों की सांकेतिक कीमतें जल्द ही वेबसाइट पर जारी की जाएंगी। बुकिंग दिल्ली, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोच्चि और कोलकाता के डुकाटी डीलरशिप पर उपलब्ध होंगी।

### भारत-जर्मनी के बीच डाक सेवाओं के लिए समझौता

**नई दिल्ली।** भारत और जर्मनी ने सीमा पार ई-कॉमर्स और समयबद्ध अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति पर विशेष ध्यान देते हुए डाक, एक्सप्रेस और लॉजिस्टिक सेवाओं में सहयोग बढ़ाने के लिए एक द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि इस सहयोग से निर्यात की मात्रा बढ़ने, सेवा की गुणवत्ता में सुधार होने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बढ़ाकर भारत के लॉजिस्टिक परिवेश को मजबूत करने में मदद मिलेगी। इससे वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारतीय व्यवसायों की भागीदारी भी बढ़ेगी। संचार मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'भारत और जर्मनी ने 12 जनवरी, 2026 को जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की भारत यात्रा के दौरान अहमदाबाद में दो प्रमुख दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर डाक, एक्सप्रेस और लॉजिस्टिक क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।'




**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

N.I.T. NO/PWD/16/PRO No-751 — निविदा सूचना — Dated 13/01/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _475586_1 14/01/2026 | ठक्करग्राम वार्ड अंतर्गत मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान में गेट नं 02 के सामने से अलीम शाह तक टीन शेड लगाये जाने का कार्य।(पार्षद वार्ड डॉ जाकिर हुसैन वार्ड के पार्षद अनुशंसा मद से) | 04 माह<br>5.99 लाख | 2000/-<br>5997/- | 02/02/2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर निगम जबलपुर



**भारतीय स्टेट बैंक** — शाखा– गृह ऋण केन्द्र (एच.एल.सी.) फर्स्ट फ्लोर, एसबीआई मेन ब्रांच, सिविल लाईन, जबलपुर फोन: 0761-2628641, 2628632

**चल सम्पत्ति (वाहन) के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निम्नलिखित वाहन का जहां है, जैसा है, जो है के आधार पर विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

ई-नीलामी की तिथि- 30.01.2026 — समय: प्रात: 11.00 से सायं 3.00 बजे तक, प्रत्येक 5 मिनिट के असीमित विस्तार के साथ

| क्रं. | ऋणी | चल सम्पत्ति (वाहन) का विवरण | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋणी - श्री अतुल शर्मा पिता श्री ललित कुमार शर्मा पता - 59 श्री राम किराना स्टोर के पास, सी.ओ.डी. कालोनी 451, सुहागी आधारताल, जबलपुर म.प्र. 482004 | निर्माता: Maruti Suzuki India Ltd. मॉडल- Ignis Sigma रजिस्ट्रेशन नं. - MP20-ZR-6816 इंजन नं. - K12MN4880995 चेसिस नं.- MA3NFG81SRK452727 निर्माण वर्ष- 2024, कलर- White प्रोप. आईडी - SBIN07869870628З | रू. 398000/- | रू. 39800/- |

वाहन निरीक्षण स्थल- भारतीय स्टेट बैंक, शाखा- गृह ऋण केन्द्र (एच.एल.सी.) फर्स्ट फ्लोर, एस. बी. आई. मेन ब्रांच, सिविल लाईन, जबलपुर

नियम एवं शर्तें- बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के प्रावधान के तहत निष्पादित की जाएगी और निम्नलिखित शर्तों को संकलित किया जाना है। (1) संपत्तियों को ''जैसा है जहां है, जैसा है, जो है और जो है'', के आधार पर बेचा जाएगा। (2) ऊपर उल्लिखित संपत्तियों का विवरण अधिकृत अधिकारी के पास उपलब्ध जानकारी पर आधारित है और घोषणा में दी गई किसी भी त्रुटि, गलती या चूक के लिए अधिकृत अधिकारी जिम्मेदार नहीं होगा। (3) बिक्री की विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट https://bank-sbi/web/sbi&in-the-news/auction-notices/sarfaesi-and-others; www.sbi.co.in and https://www.baanknet.com/eauction-psb/x-login (4) इच्छुक बोली लगाने वाले को अपना यूजर आईडी और पासवर्ड बनाना होगा जिसे बनाने में कम से कम 2 कार्य दिवस लगते हैं इसलिए बोली लगाने वाले से अनुरोध है कि वे इससे पहले यूजर आईडी बनाएं अंतिम तिथि। (5) बैंक बिना कोई कारण बताए उपरोक्त नोटिस से सभी या किसी भी नीलामी को रोकने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

नोट- यह सूचना उपरोक्त ऋण के कर्जदार/गारंटरों /बंधककर्ताओं को उपरिवर्णित तिथि को इस बिक्री के आयोजन और अन्य विवरण के बारे में नोटिस भी है।

दिनांक - 14/01/2026 स्थान - जबलपुर — प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, गृह ऋण केन्द्र (एच.एल.सी.) जबलपुर



**कार्यालय नगर पंचायत लवन, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
cmolawan@gmail.com

क्रमांक / 219/ लोनिवि / नं.प. / 2025-26 — लवन, दिनांक 12/01/2026

**संशोधित ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना (चतुर्थ निविदा)**

नगर पंचायत लवन द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम क्षेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से पंजीकृत एजेंसी / फर्म से ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर सिस्टम के माध्यम से आमंत्रित की गई हैं, जिसमें निविदा की अंतिम तिथियों में निम्नानसार संशोधन किया जाता हैं :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | आनलाईन निविदा की अंतिम तिथि | फिजिकल दस्तावेज प्राप्त होने की अंतिम तिथि | निविदा खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 182017 | Desing, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewge Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire System in Nagar Panchayat Lawan under SBM 2.0 | 245.74 लाख | दिनांक 23.01.2026 समय- शाम 5.00 बजे तक | दिनांक 29.01.2026 समय- शाम 4.00 बजे तक | दिनांक 29.01.2026 समय- शाम 5.00 बजे से |

नोट:- 1. निविदा संबंधी समस्त दस्तावेज, अमानत राशि व टेंडर प्रोसेसिंग फीस ऑन लाईन अपलोड करना अनिवार्य है। 2. अन्य शर्तें व विस्तृत जानकारियां संबंधित शाखा या विभाग से ई-प्रोक्योरमेंट वेब http://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

"नगर पंचायत के करों का भुगतान समय सीमा में अवश्य करें"

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत लवन
जि.बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)



**केनरा बैंक Canara Bank**
शाखा - बुढ़ार (DPCD- 4726)

**ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को (धारा 13(2)) के अन्तर्गत मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)

केनरा बैंक -शाखा - बुढ़ार (DPCD - 4726), के माध्यम से निम्नवर्णित ऋणियों द्वारा लोन/साख सुविधा समय-समय पर प्राप्त किये गये।

| खाते / उधारकर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि / NPA दिनांक | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| श्री हर्षदीप सिंह बग्गा (उधारकर्ता एवं गिरवीकर्ता) मनप्रीत सिंह बग्गा पुत्र वार्ड क्रमांक 13 सिंधी मार्केट बुढ़ार शहडोल (म.प्र.) 484110 | 09/01/2026<br>Rs. 6,57,698.00 + Interest from 09/01/2026 & other charges<br>08/01/2026 | सर्वे क्रमांक 378/2, क्षेत्रफल 0.117 हेक्टेयर, सलूजा रेजीडेंसी, द्वितीय मंजिल, फ्लैट क्रमांक 206, कुल कारपेट एरिया 725 वर्ग फुट / 67.425 वर्ग मीटर और कॉमन एरिया 301 वर्ग फुट, कुल सुपर बिल्टअप एरिया 1026 वर्ग फुट, मौजा गांव, धनपुरी जंक्शन क्रमांक 38, नगर पालिका क्षेत्र, धनपुरी, वार्ड क्रमांक 1, पटवारी हल्का क्रमांक 25, आरएनएम, धनपुरी ब्लॉक, बुरहार, तहसील बुरहार, जिला शाहडोल (मध्य प्रदेश)। सेरसाई एसेट आईडी: 200039454911 सीमाएँ: उत्तर: फ्लैट क्रमांक 205, दक्षिण: फ्लैट क्रमांक 207, पूर्व: भवन का गलियारा, पश्चिम: बालकनी और खुला क्षेत्र |
| मेसर्स एस एस ऑटोमोबाइल्स (ऋणकर्ता) बापू चौक, अनूपपुर रोड, तुलसी पेट्रोल पंप के पास, जिला अनूपपुर (मध्य प्रदेश) श्री रामकिशोर द्विवेदी (मालिक और बंधककर्ता) पुत्र बंशगोपाल द्विवेदी, वार्ड नंबर 1, साइडिंग रोड, क्षेत्रीय अस्पताल के पास, धनपुरी, जिला शाहडोल, सोहागपुर (मध्य प्रदेश) | 09/01/2026<br>Rs. 30,91,319.09 + Interest from 09/01/2026 & other charges<br>02/01/2026 | 1. स्टॉक - सेरसाई एसेट आईडी: 200374677216 2. अचल भूमि, सर्वे संख्या 526/2, क्षेत्रफल 0.405 हेक्टेयर, वार्ड संख्या 1, धनपुरी, ऋण पुस्तिका भाग 1 और भाग 2, तहसील बुरहार, जिला शाहडोल, मध्य प्रदेश सेरसाई एसेट आईडी: 200009339305 सीमाएँ: उत्तर: शंकर लोधी की भूमि, दक्षिण: नदी, पूर्व: जगदीश महरा की भूमि, पश्चिम: सड़क |

उपरोक्त वर्णित ऋण/साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अत: बैंक द्वारा उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत मांग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं। अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।

इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय या लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें। उधारकर्ताओं का अधिनियम की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

दिनांक : 14/01/2026 — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक



**पश्चिम मध्य रेल**
खुली निविदा
विद्युत (सामान्य शाखा)

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। निविदा सूचना कमांक निविदा सूचना क्र: जबल-एल-टी-न 42-2025 दिनांक 03. 01.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहित : (i) CORE बिल्डिंग और (ii) GM बिल्डिंग और PREM बिल्डिंग में एयर कंडीशनिंग प्लांट की व्यवस्था।, निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपयें में): Rs.65414465.26, निविदा फार्म की कीमत (रूपये में): 0.00, कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है। वरि मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/ जबलपुर, बयाना राशि रूपये : Rs.477100.00, समापन अवधि (माह / वर्ष) : 06 माह, निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15 00 बजे तक): 27/01/2026, निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30) बजे तक): 27/01/2026 निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेब साइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेब साइट से डाउन लोड की जा सकती है।

हस्ता.
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) सिवनी (म.प्र.)**
E-mail ID- modgmseo@mp.gov.in

क्रमांक/खनिज/उ.प./1/725924/2026 — प्रथम सूचना — सिवनी, दिनांक 08-01-2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु लिए

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मे. विजय कुमार मिश्रा कंस्ट्र. प्रा. लिमि. प्रा. मैने. नवलकुमार मौर्य, नि. विजय विला 24/184 द्वारिका नगर रीवा म.प्र. द्वारा उत्खनि पट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 30.12.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 9.2.2026 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन आनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhnij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिवनी | लखनादौन | पिपरिया रैयत | 248/2, 246/1 एवं 245/1/2 | 0.80 हे., 0.95 हे. एवं 1.05 हे., कुल रकबा 2.80 हे. | निजी भूमि | बोल्डर,गिट्टी, एवं एम. सेण्ड | |
| | | | कुल रकबा | 2.80 हे. | | | |

1- उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2- यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथी तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3- यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4- यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5- निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

G-24329/25 — "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"


सहायक अधिकारी
वास्ते कलेक्टर सिवनी

## चिंतन

# डिलीवरी बॉयज की सुरक्षा को प्राथमिकता दें कंपनियां

इटर्नल के स्वामित्व वाली इकाई ब्लिंकिट ने पहले दावा किया था कि वह 10 मिनट में सामान पहुंचाएगी। अब कंपनी ने डिलीवरी कर्मियों के कल्याण से जुड़ी बढ़ती चिंताओं के बीच सभी मंच से अपना '10 मिनट में' डिलीवरी का दावा हटा लिया है। कंपनी ने अपनी टैग-लाइन को 10 मिनट में 10,000 से अधिक उत्पाद पहुंचेंगे से बदलकर अब 30,000 से अधिक उत्पाद आपके दरवाजे पर पहुंचेंगे कर दिया है। हालांकि यह फैसला कर्मचारियों की हड़ताल और केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया के हस्तक्षेप के बाद लिया गया है। सरकार डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित थी। चूंकि 10 मिनट में डिलीवरी से राइडर्स की सुरक्षा को खतरा पैदा हो रहा था। इतने कम समय में सामान डिलीवर करने के लिए उन्हें तेज रफ्तार से बाइक चलानी होती है। इससे सड़क हादसों के कारण उनकी जान को खतरा हो रहा था। इसके अलावा उपभोक्ता से मिले ओटीपी के बाद ही उनका सामान डिलीवर माना जाता है। समय पर डिलीवरी न होने से राइडर्स की रैंक प्रभावित होती है। उत्तर भारत में जारी भीषण सर्दी और कोहरे के बीच ब्लिंकिट के फैसले से हजारों डिलीवरी बॉयज को बड़ी राहत मिलेगी। बता दें कि इस समय भीषण ठंड के कारण लोग घरों से बाहर निकलना ठीक नहीं समझते। ऐसे में वे घर का सामान ऑनलाइन मंचों से अधिक मंगाते हैं। इसके कारण डिलीवरी बॉयज पर समय पर सामान पहुंचाने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इतना कम समय होने के कारण सुबह-शाम ऑफिस के समय और रात को गिग वर्कर्स को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ऐसे में कर्मचरियों पर भारी दबाव था, क्योंकि समय पर डिलीवरी नहीं होने से कर्मचरियों की परफॉर्मेंस प्रभावित होती थी। उन्हें अच्छी रैंक तभी मिलती थी, जब वे समय पर डिलीवरी कर उपभोक्ता के मोबाइल पर आने वाले ओटीपी को कंपनी के एप पर सेंड करते थे। ब्लिंकिट के बाद अब स्विगी और जेप्टो जैसे अन्य 'क्विक कॉमर्स' मंच भी इस कदम का अनुसरण कर सकते हैं। यह एक बड़ा बदलाव होगा, जो ऐसे कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान करेगा। दस मिनट में डिलीवरी के वादे के कारण गिग वर्कर्स ने देशव्यापी हड़ताल की थी, जिसने कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और आय की ओर ध्यान आकर्षित किया। हाल में 'एक्स' पर इटर्नल ग्रुप के सीईओ दीपिंदर गोयल ने लिखा था कि 10 मिनट में डिलीवरी का वादा सामान पहुंचाने वालों पर दबाव नहीं डालता है और न ही असुरक्षित ड्राइविंग का कारण बनता है, क्योंकि उन्हें एप पर 10 मिनट का टाइमर नहीं दिखाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा था कि 10 मिनट में या उससे तेज डिलीवरी मुख्य रूप से स्टोर ग्राहकों के करीब होने के कारण होती है, न कि सड़क पर तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने के कारण। यह फैसला डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देता है, जो अक्सर अपनी जान जोखिम में डालकर डिलीवरी करते हैं। यह गिग वर्कर्स के अधिकारों को मजबूत करेगा, जो अक्सर अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं। कुल मिलाकर, ब्लिंकिट का '10 मिनट में डिलीवरी' का दावा हटाने का फैसला एक महत्वपूर्ण कदम है, जो डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा और उनके अधिकारों को प्राथमिकता देता है। इस फैसले से यह संदेश जाता है कि कंपनियों को अपने कर्मियों की सुरक्षा और अधिकारों को प्राथमिकता देनी चाहिए, न कि सिर्फ मुनाफे को। यह फैसला अन्य कंपनियों के लिए भी एक उदाहरण हो सकता है, जो अपने कर्मियों की सुरक्षा और अधिकारों को नजरअंदाज कर रहे हैं।

# उत्तरायण का मकर संक्रांति से प्रारम्भ



पर्व
डॉ. बलवीर आचार्य

जब सूर्य की गति उत्तर की ओर होती है तब उत्तरायण (उत्तर+अयन) कहलाता है और जब सूर्य की गति दक्षिण की ओर होती है तब दक्षिणायन (दक्षिण+अयन) कहलाता है। भारतीय संस्कृति में उत्तरायण केवल खगोलीय घटना नहीं, अपितु आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक है। इसीलिए उत्तरायण को देवयान मार्ग, उत्तम मार्ग, प्रकाश का मार्ग कहा गया है। ऋतु का आधार कहा गया है। देवताओं का दिन-रात भी सूर्य की गति से जोड़ा गया है। मकर संक्रान्ति महज पतंग उड़ाने या पकवान खाने का दिन नहीं है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि परिवर्तन सृष्टि का नियम है और जब हम प्रकृति के साथ लयबद्ध होते हैं तो हमारा जीवन आनन्द और आरोग्य से भर जाता है।

जितने काल में पृथ्वी सूर्य के चारों ओर परिक्रमा पूरी करती है, उसको एक 'सौर वर्ष' कहते हैं और कुछ लम्बी वर्तुलाकार जिस परिधि पर पृथ्वी परिभ्रमण करती है, उसको 'क्रान्तिवृत्त' कहते हैं। ज्योतिषियों द्वारा इस क्रान्तिवृत्त के 12 भाग कल्पित किए हुए हैं और उन 12 भागों के नाम उन-उन स्थानों पर आकाशस्थ नक्षत्र पुंजों से मिलकर बनी हुई कुछ मिलती-जुलती आकृति वाले पदार्थों के नाम पर रख लिए गए हैं। प्रत्येक भाग व आकृति 'राशि' कहलाती है। जब पृथ्वी एक राशि से दूसरी राशि में संक्रमण करती है तब उसको 'संक्रान्ति' कहते हैं। सूर्य सिद्धान्त (1.12) में कहा गया है- "राश्यन्तरं यदा सूर्यः संक्रान्तिरिति कथ्यते" लोक में उपचार से पृथ्वी के संक्रमण को सूर्य का संक्रमण कहने लगे हैं। छह मास तक सूर्य क्रान्तिवृत्त से उत्तर की ओर उदय होता रहता है और छह मास तक दक्षिण की ओर निकलता रहता है। सूर्य के उत्तर की ओर उदय की अवधि को 'उत्तरायण' और दक्षिण की ओर उदय की अवध को 'दक्षिणायन' कहते हैं। अयन का अर्थ होता है गति।

जब सूर्य की गति उत्तर की ओर होती है तब उत्तरायण (उत्तर+अयन) कहलाता है और जब सूर्य की गति दक्षिण की ओर होती है तब दक्षिणायन (दक्षिण+अयन) कहलाता है। उत्तरायण काल में सूर्य उत्तर की ओर से उदय होता हुआ दिखता है, उसमें दिन बढ़ता जाता है और रात्रि घटती जाती है। दक्षिणायन में सूर्योदय दक्षिण की ओर दृष्टिगोचर होता है। उसमें रात्रि बढ़ती जाती है और दिन घटता जाता है। सूर्य की मकर राशि की संक्रान्ति से उत्तरायण और कर्क राशि की संक्रान्ति से दक्षिणायन प्रारम्भ होता है। प्राचीन भारत में उत्तरायण और मकर संक्रान्ति एक ही दिन होते थे। अयन चलन के कारण वे धीरे-धीरे अलग हुए। सामान्यतः मकर संक्रान्ति को उत्तरायण का आरम्भ माना जाता है। खगोल विज्ञान के अनुसार सूर्य का उत्तरायण वह बिन्दु है, जब सूर्य दक्षिणी गोलार्ध में अपनी अधिकतम स्थिति (मकर रेखा) से उत्तर दिशा की ओर लौटना प्रारम्भ करता है। यह घटना 21 या 22 दिसम्बर को घटित होती है। इसे शीत अयनान्त कहा जाता है। इसी दिन उत्तरी गोलार्ध में सबसे लम्बी रात होती है। यह घटना पृथ्वी के अक्षीय झुकाव (23.5°) तथा उसकी वार्षिक परिक्रमा का प्रत्यक्ष परिणाम है। इस दृष्टि से यही समय वास्तविक या खगोलीय उत्तरायण है। भारतीय पंचांग की निरयन पद्धति के अनुसार, जब सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करता है, तब मकर संक्रान्ति होती है। यह सामान्यतः 14 या 15 जनवरी को आती है। भारतीय ज्योतिष स्थिर नक्षत्रों को आधार मानता है। पृथ्वी की धुरी के धीमे झुकाव के कारण (अयन चलन), सूर्य का राशियों में प्रवेश क्रमशः आगे खिसकता रहता है। अयन चलन और दोनों तिथियों में अन्तर- पृथ्वी की धुरी में होने वाला अयन चलन लगभग 25,920 वर्षों में पूर्ण होता है। इसके कारण हर 72 वर्षों में लगभग 1 दिन का अन्तर पड़ता है। लगभग 1500–1700 वर्ष पूर्व मकर संक्रान्ति और शीतकालीन संक्रान्ति एक ही दिन पड़ते थे। वर्तमान में दोनों के बीच लगभग 23–24 दिनों का अन्तर है। इस परिवर्तन में लम्बा समय लगा है, परन्तु उत्तरायण का पर्व, मकर-संक्रान्ति के दिन ही मनाया जाता है। इससे सर्व साधारण की ज्योतिष-शास्त्र के प्रति



अनभिज्ञता का कुछ परिचय मिलता है। किन्तु शायद पर्व का महत्त्व बना रहे, यह मानकर मकर- संक्रान्ति के दिन ही पर्व मनाने की रीति चली आती हो। भारतीय संस्कृति में उत्तरायण केवल खगोलीय घटना नहीं, अपितु आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक है। इसीलिए उत्तरायण को देवयान मार्ग, उत्तम मार्ग, प्रकाश का मार्ग कहा गया है। ऋतु का आधार कहा गया है। देवताओं का दिन-रात भी सूर्य की गति से जोड़ा गया है। यजुर्वेद और तैत्तिरीय संहिता में सूर्य के उत्तरायण और दक्षिणायन को ऋतुओं के क्रम से जोड़ा गया है। छान्दोग्य और बृहदारण्यक उपनिषदों में उत्तरायण को- देवयान, ज्ञानमार्ग, प्रकाशमार्ग के रूप में वर्णित किया गया है। यहां सूर्य की गति को आत्मा की गति का रूपक बनाया गया है। गीता में भी उत्तरायण को देवयान मार्ग कहा गया है, जहां प्रकाश की दिशा में जाने वाले योगी मोक्ष को प्राप्त करते हैं। यह दर्शाता है कि उत्तरायण को- शुभ, उन्नत, और आध्यात्मिक रूप से अनुकूल समय माना जाता था। कृषि-चक्र में यह रबी फसलों की परिपक्वता का समय है। उत्तर भारत में यह संकरात, खिचड़ी, दक्षिण में पोंगल, गुजरात में उत्तरायण, पंजाब में लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व सूर्य-ऊर्जा के पुनरुत्थान का प्रतीक है। यह समय आत्म-साक्षात्कार, ध्यान और संकल्प सिद्धि के लिए सर्वोत्तम माना गया है। मकर संक्रान्ति के पर्व पर दान, स्नान और जप करने का बहुत महत्व है-"मकर संक्रांतौ दानस्नानजपैः सहस्त्रगुणं फलम्"। इस दिन खिचड़ी, तिल, कम्बल और अन्न का दान किया जाता है। दान का अर्थ केवल वस्तु देना नहीं, बल्कि अपने भीतर के अहंकार का त्याग करना है। मकर संक्रान्ति के पर्व पर तिल और गुड़ का सेवन करने का भी महत्त्व है। सर्दियों के मौसम में तिल और गुड़ का मेल न केवल स्वादिष्ट होता है, अपितु यह आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों की दृष्टि से एक सर्वोत्तम भोजन है। इनके सेवन से होने वाले प्रमुख लाभ और उनके पीछे के वैज्ञानिक कारण भी बताए गए हैं। हड्डियों की मजबूती, तिल कैल्शियम का खजाना है और गुड़ इसमें मैग्नीशियम प्रदान करता है। तिल में दूध से भी ज्यादा कैल्शियम होता है। हड्डियों के घनत्व को बनाए रखने के लिए कैल्शियम और फास्फोरस की आवश्यकता होती है, जो इन दोनों के मिश्रण में प्रचुर मात्रा में मिलते हैं। यह ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं से बचाने में मदद करता है। गुड़ आयरन का प्राकृतिक स्रोत है, जबकि तिल में कॉपर और आयरन दोनों होते हैं। गुड़ शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाता है।

तिल में मौजूद कॉपर आयरन के अवशोषण में मदद करता है, जिससे शरीर में नया खून बनता है और थकान या कमजोरी दूर होती है। इन दोनों की प्रकृति गर्म होती है, जो शरीर को आन्तरिक गर्माहट देती है। तिल में मौजूद जिंक और सेलेनियम जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स इम्यून सिस्टम को मजबूत करते हैं। गुड़ शरीर के श्वसन तन्त्र को साफ करने में मदद करता है, जिससे सर्दी-खांसी और संक्रमण का खतरा कम हो जाता है। गुड़ पाचन एंजाइमों को सक्रिय करता है, जिससे कब्ज की समस्या दूर होती है। तिल में मौजूद फाइबर आंतों की सफाई करने में सहायक होते हैं। तिल में 'सेसमिन' और 'सेसमोलिन' नामक तत्व पाए जाते हैं।

ये तत्व शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने और ब्लड प्रेशर को नियन्त्रित करने में मदद करते हैं। मकर संक्रान्ति महज पतंग उड़ाने या पकवान खाने का दिन नहीं है। यह सूर्य की भान्ति तेजस्वी बनने और गुड़ के समान मधुर वाणी बोलने का संकल्प है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि परिवर्तन सृष्टि का नियम है और जब हम प्रकृति के साथ लयबद्ध होते हैं तो हमारा जीवन आनन्द और आरोग्य से भर जाता है।

(लेखक प्रोफेसर एमडीयू रोहतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दीपस्तंभ

मुरारी गुप्ता




# भारतीय दर्शन से ही विश्व कल्याण संभव

विश्व के हर कोने में आज अशांति का वातावरण बना हुआ है। कई देश आपस में युद्ध में उलझे हुए हैं। कथित शक्तिशाली देश दूसरे कमजोर मुल्कों पर उनके संसाधनों के लालच में बलात कब्जा करने की मंशा पाले हुए हैं। अमेरिका और वेनेजुएला का प्रकरण पूरे विश्व के सामने है। दुर्भाग्य से पूरा विश्व, संयुक्त राष्ट्र संघ और तमाम बड़े अंतरराष्ट्रीय संगठन इस पर चुप हैं। ईरान में वहां की जनता 1979 की तथाकथित इस्लामिक क्रांति के विरुद्ध बिगुल बजाए हुए है और अपनी मूल पहचान पर गर्व कर रही है। सोशल मीडिया पर ईरानी महिलाएं अपनी पहचान को खुल कर स्वीकार कर रही हैं। उधर, बांग्लादेश में वहां का अल्पसंख्यक हिंदू समूह राजनीतिक संरक्षण प्राप्त चरमपंथियों का शिकार बन रहा है। तथाकथित अमन और शांति के पैरोकार इस वक्त खामोश हैं। पश्चिम की कथित लिबरल नीतियों ने संयुक्त अरब अमीरात के शासकों को भी भयभीत कर रखा है। वे अपने छात्रों को ब्रिटेन और यूरोप के विश्वविद्यालयों में अध्ययन के लिए भेजने से डरने लगे हैं कि कहीं उनके छात्र यूरोप के विश्वविद्यालयों में लिबरल नीतियों के कारण संरक्षण पा रही जेहादी मानसिकता के शिकार नहीं हो जाएं। आज की वैश्विक परिस्थितियां यह प्रश्न खड़ा करती हैं कि क्या केवल राजनीतिक क्रांतियां, सत्ता परिवर्तन या वैचारिक कट्टरता मानव समाज को स्थायी शांति और समानता की ओर ले जा सकती हैं। ईरान में इस्लामी शासन के विरुद्ध उठती आवाजें, महिलाओं के समान अधिकारों की मांग, धार्मिक कट्टरता के विरुद्ध असंतोष और सामाजिक स्वतंत्रता की आकांक्षा इस बात का प्रमाण हैं कि जब कोई विचारधारा मानव स्वभाव, विविधता और गरिमा के विपरीत जाती है, तो अंततः उसके विरुद्ध प्रतिक्रिया जन्म लेती है। ईरान की वर्तमान स्थिति केवल राजनीतिक असंतोष का परिणाम नहीं है, बल्कि यह एक गहरी सामाजिक और सांस्कृतिक बेचैनी को भी दर्शाती है। कट्टर धार्मिक व्याख्याओं के कारण व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर अंकुश, महिलाओं के अधिकारों पर प्रतिबंध, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन और आधुनिक जीवन मूल्यों के साथ टकराव, इन सबने समाज में असंतोष को जन्म दिया है। महिलाएं केवल वस्त्रों या बाहरी आचरण के प्रश्न पर नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व, सम्मान और समान अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही हैं। यह संघर्ष इस बात को रेखांकित करता है कि कोई भी व्यवस्था, जो समानता और मानवीय गरिमा को नकारती है, लंबे समय तक स्थिर नहीं रह सकती। भारत का सनातन दर्शन मूलतः "अहं ब्रह्मास्मि" और "तत्वमसि" जैसे सूत्रों के माध्यम से प्रत्येक जीव में एक ही चेतना को देखता है। यहां स्त्री और पुरुष के बीच मौलिक स्तर पर कोई भेद नहीं, बल्कि दोनों को सृजन के पूरक रूप में स्वीकार किया गया है। वैदिक काल से लेकर उपनिषदों तक गार्गी, मैत्रेयी, लोपामुद्रा जैसी विदुषी स्त्रियां इस बात का प्रमाण हैं कि ज्ञान, संवाद और आध्यात्मिक विमर्श में स्त्रियों की भूमिका केंद्रीय रही है। इसके विपरीत जब किसी धर्म या विचारधारा की संकीर्ण व्याख्या स्त्री को द्वितीय श्रेणी में धकेल देती है, तो वह समाज को भीतर से कमजोर करती है। ईरान में चल रहा संघर्ष इसी असंतुलन का परिणाम है। कट्टरता मानव का मूल स्वभाव नहीं है। मानव का मूल स्वभाव सबका साथ और सबका विश्वास और सबका कल्याण है। आज पूरा यूरोप आतंकवाद से पीड़ित है। धार्मिक उग्रवाद और वैचारिक कट्टरता ने वहाँ की सामाजिक संरचना, सुरक्षा और सांस्कृतिक संतुलन को चुनौती दी है। दूसरी ओर अमेरिका की विदेश नीति पर अक्सर यह आरोप लगता रहा है कि वह दूसरे देशों पर प्रभुत्व या नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास करता है, जिससे वैश्विक असंतुलन और संघर्ष बढ़ते हैं। इसके विपरीत भारत का इतिहास देखें तो भारत ने कभी भी विस्तारवादी आक्रमण की नीति नहीं अपनाई। योग, आयुर्वेद, बौद्ध दर्शन, उपनिषद, भगवद्गीता और संत परंपरा के माध्यम से भारत का दर्शन पूरे विश्व में फैला है। आज जब विश्व वैचारिक ध्रुवीकरण और संघर्ष के दौर से गुजर रहा है, तब भारत का सनातन दर्शन एक दीपस्तंभ की तरह मार्गदर्शन करता है। ईरान की सामाजिक उथल-पुथल, यूरोप की आतंकवाद से पीड़ा और अमेरिका की प्रभुत्ववादी नीतियों के बीच भारत यह स्मरण कराता है कि शांति का मार्ग हिंसा, कट्टरता या वर्चस्व में नहीं, बल्कि समानता, सहिष्णुता और विश्व बंधुत्व में है। "वसुधैव कुटुम्बकम्" केवल भारत की विरासत नहीं, बल्कि विश्व का भविष्य है। यदि मानवता को वास्तव में शांति और कल्याण की ओर बढ़ना है, तो उसे भारत के इसी सनातन दर्शन की ओर लौटना होगा, जहां सबका अस्तित्व सुरक्षित हो और सबका कल्याण सुनिश्चित हो।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# छोटे-छोटे संकल्प आत्मविश्वास बढ़ाते हैं



संकलित
## दर्शन

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का, बल्कि अंतर है तो केवल दृढ़ संकल्प का और यही निर्णायक सिद्ध होता है।

# भगवान या भाग्य को दोष नहीं देना चाहिए



संकलित
## प्रेरणा

एक बूढ़ी महिला गौतम बुद्ध के पास पहुंची। उस महिला की बुद्ध के लिए गहरी आस्था थी। दरअसल, उस महिला के बेटे की मृत्यु हो गई थी। महिला बहुत दुखी थी और उसने बुद्ध से कहा कि आप मेरे बच्चे को जीवित कर दीजिए। महिला को लग रहा था कि बुद्ध उसके बेटे का जीवन बचा सकते हैं। बुद्ध ने महिला की बात सुनी और कुछ देर सोचने के बाद उन्होंने कहा कि ठीक है, मैं ऐसा कर दूंगा, लेकिन तुम्हें किसी ऐसे घर से मुट्ठी भर सरसों के दाने लेकर आना है, जहां कभी किसी की मौत न हुई हो। जिस परिवार ने किसी की मृत्यु का दुख नहीं देखा है, वहां से सरसों ले आओ। महिला ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। बूढ़ी महिला गांव की ओर चल दी और एक-एक घर में जाकर पूछने लगी। महिला जिस घर में जाती, वहां कहती कि अगर आपके घर में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो तो एक मुट्ठी सरसों के दाने दे दीजिए। गांव के सभी लोगों का यही जवाब रहता था कि हमारे घर में मृत्यु तो हुई है। कुछ लोगों की बढ़ी उम्र में हुई है तो किसी की असमय हुई। जब सभी घरों से ऐसे ही उत्तर मिल रहे थे तो महिला समझ गई कि बुद्ध ने मुझे जरूर कुछ सोचकर ही भेजा है। जब वह लौटकर बुद्ध के पास पहुंची, तब तक वह जान चुकी थी कि एक दिन मौत सबको आनी है। उसका शोक लंबे समय तक नहीं मनाना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बेटियों की लोहड़ी भी जरूर मनाएं

भारत का प्रसिद्ध त्योहार लोहड़ी हमें बुराई और अनैतिक कामों की राह पर न जाने का संदेश देता है। लोहड़ी से जुड़ी एक कहानी यह भी है कि मुगल शासक अकबर के शासनकाल में पंजाब में दुल्ला भट्टी नाम का एक युवक था। इन्होंने लड़कियों की सुरक्षा के लिए काम किया था। पाकिस्तान में स्थित संदलबार क्षेत्र में लड़कियों की खरीद-फरोख्त उस वक्त होती थी। दुल्ला भट्टी ने इस घटिया कारोबार का भांडा फोड़ा था और लड़कियों की रक्षा की थी। दुल्ला भट्टी के इस महान काम के कारण इसे नायक की उपाधि भी दी गई। इसलिए लोहड़ी के दिन दुल्ला भट्टी को याद किया जाता है। बहरहाल, आज जरूरत इस बात की है कि संकीर्ण सोच छोड़कर बालिकाओं का सम्मान किया जाए। *- सुरेश ठाकुर, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में दुर्लभ हिमालयी गिद्ध को बचाया गया

सिंगापुर में एक राजमार्ग से 'जल्द ही संकटग्रस्त होने वाली' श्रेणी में शामिल एक दुर्लभ हिमालयी गिद्ध को बचाया गया है और उसे छोड़ने से पहले स्वस्थ अवस्था में लाया जा रहा है। यहां एक पशु कल्याण समूह ने यह जानकारी दी। एनिमल कंसर्न्स रिसर्च एंड एजुकेशन सोसाइटी (एसीआरईसी) ने 11 जनवरी को परेशान हालत में दिखे प्रवासी पक्षी को बचाया था। समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कलई वनन बालकृष्णन ने यह जानकारी दी। फिलहाल एसीआरईसी की पशु चिकित्सा टीम गिद्ध की देखभाल कर रही है। टीम ने गिद्ध के पूरी तरह स्वस्थ होने और फिर उसे जंगल में छोड़े जाने की उम्मीद जताई है। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' ने सोमवार को एक खबर में बालकृष्णन के हवाले से कहा, 'शरीर में पानी की कमी, कमजोरी और लंबी यात्रा के कारण थकान जैसी शुरुआती स्वास्थ्य समस्याएं गिद्ध में दिख रही हैं।' उन्होंने कहा कि 11 जनवरी की दोपहर को एक व्यक्ति ने एसीआरईसी को गिद्ध के बारे में जानकारी दी थी, जिसके बाद तीन सदस्यीय बचाव टीम ने राजमार्ग पर घूम रहे गिद्ध को सुरक्षित पकड़ लिया। इससे पहले वह एक नहर में अटका हुआ था। हिमालय के ऊंचाई वाले इलाकों में आम तौर पर पाए जाने वाले हिमालयी गिद्ध सिंगापुर में बहुत कम देखे जाते हैं।



## ऑफ बीट


# बुढ़ापे में दिमाग दुरुस्त रखने में जैविक घड़ी की अहम भूमिका

मानव शरीर में मौजूद 24 घंटे की जैविक घड़ी चुपचाप यह समन्वय करती है कि हम कब सोते हैं, जागते हैं, खाते हैं और आराम करते हैं। यह आंतरिक समय प्रबंधन प्रणाली अंगों और हार्मोन को तालमेल बैठाकर काम करने में मदद करती है। हालांकि, जब जैविक घड़ी अव्यवस्थित हो जाती है, तो इसके प्रभाव खराब गुणवत्ता वाली नींद से कहीं अधिक व्यापक हो सकते हैं और ढलती उम्र में दिमागी सेहत में गिरावट का कारण भी बन सकते हैं। बुजुर्गों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों की जैविक घड़ी अधिक व्यवस्थित होती है, उनके डिमेंशिया की चपेट में आने का जोखिम लगभग 50 फीसदी तक घट जाता है। जैविक घड़ी सोने का समय, हार्मोन का उत्पादन, हृदयगति और शरीर का तापमान सहित कई अन्य दैनिक शारीरिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाती है। व्यवस्थित जैविक घड़ी को अक्सर नींद की खराब गुणवत्ता से जोड़ा जाता है। विभिन्न अध्ययनों में खराब गुणवत्ता वाली नींद का डिमेंशिया और दिल की बीमारियों के बढ़ते जोखिम से सीधा संबंध पाया गया है। साल 2025 में किए गए अध्ययन में प्रतिभागियों की दिल की सेहत और रक्तचाप का भी विश्लेषण किया गया, जो अन्य कारकों के साथ-साथ नींद की गुणवत्ता पर निर्भर करते हैं।



## ट्रेंड

### इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ा



2025 में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जिससे रोजगार सृजित हुए और विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ा। 2026 में भी यह गति जारी रहेगी क्योंकि चार सेमीकंडक्टर संयंत्र व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर देंगे।
**- अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय सूचना मंत्री**

### सीएसपीओसी की मेजबानी



समृद्ध संसदीय लोकतंत्र का गौरवशाली प्रतीक भारत, 14 से 16 जनवरी 2026 तक राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) की मेजबानी करने जा रहा है।
**- ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**

### ड्रेनेज व्यवस्था विकसित



दिल्ली में जलभराव की दशकों पुरानी समस्या को लेकर दिल्ली सरकार का काम सिर्फ बरसात के दिनों तक सीमित नहीं है। सालभर, लगातार और सिस्टम के साथ एक मजबूत ड्रेनेज व्यवस्था विकसित की जा रही है। इसी दिशा में 4 बड़े ट्रंक ड्रेनों का निर्माण युद्धस्तर पर चल रहा है।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### बजट पूर्व चर्चा



नारी शक्ति ही प्रदेश की प्रगति का आधार है। हमारी सरकार इसी विजन को विकास की धुरी बना रही है। इसी विजन को लेकर आज मुख्यमंत्री कार्यालय में आगामी बजट के संदर्भ में विभिन्न क्षेत्रों से आई महिला प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा की।
**- भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# 10 साल बाद रायपुर में लौटा आईपीएल का रोमांच, विराट-टीम खेलेगी 2 मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 10 साल लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर आईपीएल का रोमांच लौटने जा रहा है। आईपीएल 2026 सीजन के दो महत्वपूर्ण मुकाबले रायपुर में खेले जाएंगे, जिसमें दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु नजर आएगी।

खास खबर

- रायपुर में 2016 में हुआ था अंतिम आईपीएल मैच, अब फिर से मेजबानी
- जल्द जारी होगा मैच शेड्यूल : शेड्यूल के बाद ही खुलेगा सस्पेंस, रायपुर में आरसीबी से कौन भिड़ेगा?




### रायपुर की दावेदारी पहले से ही मजबूत थी

रायपुर में आईपीएल के मैच को लेकर रायपुर की दावेदारी पहले से ही मजबूत थी। होलकर स्टेडियम, इंदौर में जहां सिर्फ 30,000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है, वहीं रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 60,000 से ज्यादा दर्शकों की क्षमता है। सिर्फ सीटिंग ही नहीं, रायपुर स्टेडियम पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था के मामले में भी इंदौर से कहीं आगे थी। विराट कोहली की लोकप्रियता और भीड़ नियंत्रण एक बड़ी चुनौती होती है। ऐसे में आरसीबी के लिए रायपुर एक सुरक्षित और विशाल विकल्प नजर आया। बता दें कि खुद विराट कोहली ने भी रायपुर में दिसंबर में शानदार शतक जड़ा था, जिससे यहां की पिच और माहौल को लेकर टीम के भीतर सकारात्मक रुझान है।

### बेंगलुरु की जगह रायपुर बना दूसरा 'होम ग्राउंड'

आरसीबी पिछले सीजन में बेंगलुरु में हुए हादसों और सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण टीम प्रबंधन नए मैदान की तलाश में था। इंदौर और रायपुर के बीच हुई इस दौड़ में अंततः रायपुर के आधुनिक स्टेडियम और सुविधाओं पर सहमति बनी। तय कार्यक्रम के अनुसार, आरसीबी अपने दो मैच रायपुर में और पांच मैच नवी मुंबई में खेलेगी। रायपुर में आखिरी बार आईपीएल के मैच साल 2016 में खेले गए थे। अंतिम मैच दिल्ली और आरसीबी के बीच ही खेला गया था। अब एक दशक बाद दुनिया के सबसे बड़े टी-20 लीग की वापसी से खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है, खासकर विराट कोहली को लाइव बैटिंग करते देखना छत्तीसगढ़ के फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होगा। आगामी सीजन के लिए रायपुर आरसीबी दूसरा होम ग्राउंड बन सकता है।

# पेरू में इंका सूर्य मंदिर के नीचे मिली 1.6 किलोमीटर लंबी सुरंगें

लीमा। पेरू में पुरातत्वविदों ने एंडीज माउंटेन में स्थित कुस्को में इंका सूर्य मंदिर के नीचे सुरंगों के एक जाल खोजी है। इनमें से कुछ सुरंगें 1.6 किलोमीटर तक फैली हुई हैं। इन सुरंगों को लेकर लगभग 500 सालों से चल रहे संदेह की पुष्टि हुई है। इस इस भूलभुलैया को चिंकाना नाम से जाना जाता है। इसमें कुछ अस्पष्ट संकेतों के अलावा और किसी भी तरह के कोई ग्रंथ का जिक्र नहीं किया गया है। आर्कियोलॉजिस्ट जॉर्ज कैलेरो फ्लोरेस के मुताबिक एक मेन ब्रांच मंदिर को तकरीबन 2 किलोमीटर दूर स्थित सैक्साहुमन फोर्ट से जोड़ती है। उनकी टीम ने 3 छोटी ब्रांच भी खोजी हैं, जिसमें से एक सैन क्रिस्टोबल चर्च के पास, दूसरी किले के पास के एरिया में और तीसरी कैलिस्पुकियो नाम की एक जगह पर।

### कहां से आई सुरंगे?

फ्लोरेस ने बताया कि टनल सिस्टम तकरीबन 8.5 फीट चौड़ी और 5.2 फीट ऊंची है। 'जेरूसलम पोस्ट' के मुताबिक उन्होंने कहा,' हमें संदेह है कि इंका लोगों को पालकियों में इन सुरंगों से ले जाया गया होगा।' उन्होंने बताया कि इंका लोगों की ओर से ही इन सुरंगों का निर्माण किया गा था। निर्माण में खाइयां खोदना और फिर सहारा देने के लिए पत्थर की दीवारें और नक्काशीदार बीम वाली छतें बनाना शामिल था। फ्लोरेस की टीम के मुताबिक ये सुरंगें प्राचीन इंका शहर कुस्को के ऊपर बने सड़क नेटवर्क की तरह ही थीं।



### कहां से शुरू होती है सुरंग?

टीम को 16वीं शताब्दी के जेसुइट ग्रंथों और एनेलो डी ओलिव नाम के एक हिस्टोरियन से एक अन्य डॉक्यूमेंट्स में सुरंगों के बारे में कुछ सुराग मिले। पहले डॉक्यूमेंट में एक गुमनाम स्पेनिश जेसुइट के बारे में डीटेल दी गई थी, जिसने साल 1594 में बिशप के आवास को कुस्को कैथेड्रल से जोड़ने वाली एक सुरंग के बारे में लिखा था। इससे संकेत मिला कि यह सुरंग सूर्य मंदिर से शुरू होती थी। डी ओलिव के दूसरे डॉक्यूमेंट में शहर में कई अंडरग्राउंड रास्तों के बारे में बताया गया था।

### भूलभुलैया का कैसे लगा पता?

डॉक्यूमेंट में यह भी बताया गया था कि कंस्ट्रक्शन वर्कर्स ने किले की एक गुफा से शुरू होने वाले सुरंग नेटवर्क को नुकसान न पहुंचाने का पूरा ध्यान रखा था। चिनकाना का स्पेसिफिक मैप बनाने के लिए रिसर्चर्स ने सबसे पहले साउंड सर्वे का इस्तेमाल कर कुछ खोखली जगहों की खोज की। इसके बाद उन्होंने इन इलाकों पर ग्राउंड-पेनेट्रेटिंग रडार तैनात किया, जिससे सुरंगों के भूलभुलैया का पता चला. रिसर्चर्स अब इन सुरंगों के बारे में अधिक जानने के लिए उनमें एंट्री करने की प्लानिंग कर रहे हैं।

## रोचक खबरें



# चीन ने लैब में बना डाली 'हड्डी रहित मछली', दुनिया हैरान!

बीजिंग। अगर आप भी मछली खाने के शौकीन हैं, तो गले में उसका बारीक कांटा फंसने वाले डर से अच्छे से वाकिफ होंगे। जायके के बीच में अगर कोई कांटा गले में फंस जाए, तो अच्छे-खासे खाने का मजा ही किरकिरा हो जाता है। खासकर बच्चों को मछली खिलाते समय घरवाले हमेशा तनाव में रहते हैं कि कहीं कोई कांटा न फंस जाए। लेकिन, अब चीन के वैज्ञानिकों ने इस डर का भी इलाज ढूंढ लिया है। उन्होंने लैब में एक ऐसी मछली बनाई है, जिसके बारे में जानकर पूरी दुनिया हैरान है। बता दें कि चीन के वैज्ञानिकों ने लैब में एक ऐसी 'हड्डी रहित' मछली तैयार की है, जिसमें मांस के अंदर पाए जाने वाले वे बारीक और खतरनाक कांटे नहीं होंगे। चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज के वैज्ञानिकों ने 'गिबेल कार्प' नाम की मछली पर यह एक्सपेरिमेंट किया है। यह मछली चीन में बहुत चाव से खाई जाती है। लेकिन, इसमें 80 से ज्यादा बारीक वाई शेप के कांटे होते हैं, जिनका गले में फंसने का सबसे ज्यादा डर रहता है। वैज्ञानिकों ने सीजीएक्स2बी नाम के एक ऐसे जीन की पहचान की, जो मछली के मांस में बारीक कांटे पैदा करता है। इसके बाद उन्होंने सीआरआईपीआर तकनीक, जिसे आणविक कैंची भी कहते हैं, उसका इस्तेमाल करके इस जीन को मछली के डीएनए से ही हटा दिया।

# चोर ने चोरी करने के बाद सामान लौटाकर मांगी माफी

न्यूयार्क। क्या आपने कभी ऐसा सुना है कि चोर चोरी करने के बाद वापस आए और माफी मांगते हुए सामान को वापस लौटा दे? शायद नहीं, लेकिन अमेरिका के न्यू जर्सी में कुछ ऐसा ही हुआ है। यहां एक चोर का अचानक हृदय परिवर्तन हो गया और उसने वापस दुकान में आकर माफीनामे के साथ सामान को लौटा दिया। आपने अंगुलिमाल डाकू की कहानी तो पढ़ी ही होगी, जिसमें वो लोगों की उंगलियां काटकर उसे माला बनाकर पहनता था, लेकिन फिर एक दिन वो भगवान बुद्ध से मिला और उसका हृदय परिवर्तन हो गया। उसके बाद वो डाकू से सीधे संत बन गया। एक ऐसा ही मामला इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है। दरअसल, अमेरिका के न्यू जर्सी में एक चोर का अचानक हृदय परिवर्तन हो गया और उसने चोरी किए हुए दो मैंडोलिन (म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट) उस दुकान को लौटा दिए जहां से उसने पहले चोरी की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चोरी करने के बाद चोर दोबारा उसी दुकान में लौटा, लेकिन चोरी करने नहीं, बल्कि माफीनामे के साथ। उस माफीनामे में उसने बताया कि उसने नशे की हालत में चोरी की थी और इसीलिए वो म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स को लौटा रहा है। ये पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। लार्क स्ट्रीट म्यूजिक के मालिक बजी लेविन ने खुद अपने सोशल मीडिया पोस्ट में चोर के मैंडोलिन ले जाने और माफीनामा लेकर दुकान में वापस आने के बारे में जानकारी दी।



**मैंडोलिन की चोरी कर वापस लौटाया**

लेविन ने अपनी पोस्ट में लिखा है, 'मिल गए. दो मैंडोलिन की चोरी का वीडियो फैलाने के लिए आप सभी का धन्यवाद। एक घंटे पहले चोर ने चुपके से सामने का दरवाजा खोला और उन्हें दो शॉपिंग बैग में वापस कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं दरवाजे तक दौड़ा और उस चोर को सड़क पर भागते हुए देखा, इसलिए मैंने अपनी पूरी फुर्ती का इस्तेमाल करते हुए उसके पीछे दौड़ लगाई, लेकिन ये मेरी नासमझी थी, मैं उसे खो बैठा। फिर 911 पर कॉल किया और अब पुलिस उसका पीछा कर रही है।

**चोरी करने के बाद मांगी माफी**

लेविन ने म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स की तस्वीरें और साथ ही हाथ से लिखा हुआ नोट भी सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें लिखा था, 'माफ कीजिए, मैं नशे में था, क्रिसमस की शुभकामनाएं। आप अच्छे इंसान हैं। लेविन ने कहा कि चोर द्वारा उनकी कीमती चीजें वापस लौटाने के बाद उन्हें ऐसा लगा जैसे वो किसी फिल्म में हों। ऑनलाइन पोस्ट किए गए सीसीटीवी फुटेज में कथित चोर को बीते 22 दिसंबर को अपने जैकेट के नीचे मैंडोलिन को छिपाते हुए और दुकान से बाहर निकलते हुए देखा जा सकता है।

**कितनी थी मैंडोलिन की कीमत ?**

उन मैंडोलिन की कीमत क्रमशः 3.1 लाख रुपए (3,500 डॉलर) और 3.8 लाख रुपए (4,250 डॉलर) आंकी गई है। पुलिस विभाग के जांच प्रमुख क्रिस्टोफर कुश्नर ने बताया कि मामले की जांच चल रही है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# धरती के अंदर बढ़ रहा महाविस्फोट का खतरा

वॉशिंगटन। क्लाइमेट चेंज का असर धरती के सबसे गहरे हिस्सों तक पहुंच रहा है। नई रिसर्च बताती है कि ग्लेशियर के पिघलने से दुनिया के सबसे खतरनाक ज्वालामुखी फिर से एक्टिव हो सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्लेशियर के पिघलने से धरती के अंदर दबाव कम होता है, जिससे मैग्मा ऊपर आने लगता है। विस्फोट का खतरा बढ़ जाता है। लगातार पिघलती बर्फ की वजह से आइसलैंड से लेकर चिली और अंटार्कटिका तक दुनिया के कई खतरनाक ज्वालामुखी प्रभावित हो सकते हैं। आइसलैंड में जनवरी के महीने में आए लगातार भूकंपों ने वैज्ञानिकों की चिंता को काफी बढ़ा दिया है। ये संकेत हैं कि बारदारबुंगा नाम का बड़ा ज्वालामुखी जो यूरोप के सबसे बड़े ग्लेशियर वतनायोकुल के नीचे दबा है, दोबारा से एक्टिव हो सकता है।

## नई रिसर्च



बारदारबुंगा का गड्ढा लगभग 64.75 वर्ग किलोमीटर में फैला है। इसमें मोटी बर्फ जमी है। जब लावा और बर्फ मिलते हैं, तो विस्फोट बहुत ज्यादा खतरनाक हो जाता है। साल 2014 में इसी ज्वालामुखी ने आइसलैंड का 200 साल का सबसे बड़ा विस्फोट किया था। इसमें सैकड़ों फीट ऊंची लावा की धाराएं निकली थीं।

## बर्फ पिघली तो फट पड़ेगी जमीन!



### आ सकता है दुनियाभर में संकट

यह खतरा सिर्फ आइसलैंड तक सीमित नहीं है। दुनिया भर में करीब 245 ऐसे ज्वालामुखी हैं जो पूरी तरह या आंशिक रूप से बर्फ से ढके हैं। इनमें अलास्का, अमेरिका का पश्चिमी तट, दक्षिण अमेरिका, रूस का कामचटका इलाका और अंटार्कटिका शामिल हैं। करीब 16 करोड़ लोग ऐसे इलाकों के नजदीक रहते हैं। 1985 में कोलंबिया के नेवाडो डेल रूइज ज्वालामुखी का उदाहरण सामने है। यहां बर्फ पिघलने से आई कीचड़ की बाढ़ ने एक पूरा शहर तबाह कर दिया और 23 हजार लोगों की जान चली गई थी। वैज्ञानिक का कहना है कि यह बदलाव तुरंत होगा या सैकड़ों साल में इसे कहना मुश्किल है। हालांकि, इतना तय है कि धरती के गर्म होने से आग और बर्फ का यह खतरनाक मेल भविष्य में बड़ी तबाही ला सकता है। जलवायु संकट अब सिर्फ मौसम की बात नहीं, बल्कि धरती के अंदर छिपे खतरों को भी बाहर ला रहा है। इससे बचाव के लिए हमें पार्यावरण को भी बचाना पड़ेगा।

### पिघलती बर्फ बढ़ा रही खतरा

वैज्ञानिक लंबे समय से यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या पिघलती बर्फ ज्वालामुखी गतिविधि को बढ़ा रही है। आइसलैंड इस रिसर्च के लिए सबसे अच्छी जगह मानी जाती है। यहां आग और बर्फ दोनों साथ मौजूद हैं। करीब 15 हजार साल पहले आइस एज खत्म होने के बाद यहां ज्वालामुखी गतिविधि 30 से 50 गुना तक बढ़ गई थी। अब फिर से बर्फ तेजी से पिघल रही है। फर्क बस इतना है कि इस बार वजह इंसान हैं। बता दें कि ग्लेशियर धरती पर भारी वजन डालते हैं। जब बर्फ पिघलती है तो यह दबाव कम हो जाता है। इससे जमीन धीरे-धीरे ऊपर उठने लगती है। इसके बाद धरती के अंदर ज्यादा मैग्मा बनता है। आगे चलकर बड़े विस्फोट का कारण बन सकता है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आइसलैंड के नीचे अब पहले से दोगुना मैग्मा बन रहा है।

# 850 बार सर्पदंश के बाद भी रहा जिंदा

न्यूयार्क। टिम फ्राइड ने खुद को 850 से ज्यादा बार सांपों के काटने दिया और उनके खून से वैज्ञानिकों ने सबसे अधिक सुरक्षा देने वाला एंटीवेनम तैयार किया है। यह एंटीवेनम 13 खतरनाक सांपों से पूरी सुरक्षा देता है और भविष्य में सांप के काटने से होने वाली मौतों को कम करने में मदद कर सकता है। विस्कॉन्सिन के पूर्व ट्रक मैकेनिक टिम फ्राइड ने 18 साल तक खुद को विषैले सांपों के कटवाने का रिकॉर्ड बनाया है।

**13 खतरनाक सांपों के काटने से पूरी सुरक्षा देने की गारंटी :** टिम की इस असाधारण मेहनत का नतीजा अब सामने आया है। उनके खून में पाए गए एंटीबॉडीज का उपयोग कर वैज्ञानिकों ने सबसे व्यापक सुरक्षा देने वाला एंटीवेनम तैयार किया है। इसमें उनके खून से दो एंटीबॉडी और एक सिंथेटिक एंटीवेनम का मिश्रण बन गया है। इस एंटीवेनम का उपयोग 13 खतरनाक सांपों के काटने से पूरी सुरक्षा देने में सफल रहा और अन्य प्रजातियों पर थोड़ा कम, लेकिन सुरक्षा देने का काम किया है।



### सौ साल पुरानी है एंटीवेनम बनाने की प्रक्रिया

एंटीवेनम बनाने की प्रक्रिया सौ साल पुरानी है। इसमें घोड़े या भेड़ को विष दिया जाता है और उनके खून से एंटीबॉडी निकाली जाती हैं। हालांकि यह तरीका प्रभावी है, लेकिन इसमें गंभीर एलर्जिक प्रतिक्रियाओं का खतरा होता है और यह आम तौर पर सिर्फ एक प्रजाति के लिए ही सुरक्षित होता है। टिम ने इन कमियों को ध्यान में रखते हुए खुद को धीरे-धीरे विष के लिए उजागर किया और 16 खतरनाक सांपों के विष के छोटे-छोटे डोज बढ़ाते हुए खुद को प्रतिरक्षित बनाया है।

**कुत्तों पर होगा पहले परीक्षण :** वैज्ञानिक जैकब ग्लानविल ने उनके संपर्क में आए और उनके खून से एंटीबॉडीज इकट्ठा कर नए एंटीवेनम का निर्माण किया, इस एंटीवेनम का उद्देश्य सभी प्रकार के विषैले सांपों से सुरक्षा प्रदान करना है। अब इस एंटीवेनम को पहले कुत्तों पर परीक्षण के लिए उपयोग में लाया जाएगा और बाद में मानव परीक्षण की योजना है।

# 33 साल पहले खींची गई थी ये 'मनहूस' तस्वीर, खींचने वाले का हुआ ऐसा अंजाम!

खार्तूम। सूडान में जब भुखमरी चरम पर थी, ये तस्वीर उस समय की है। ये तस्वीर 33 साल पुरानी है , लेकिन आज भी इसे देखते ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। मार्च 1993 में दक्षिण सूडान के आयोड गांव के पास, अकाल और गृहयुद्ध ने लाखों लोगों को मौत के कगार पर ला खड़ा कर दिया था। हजारों बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग भूख से बेहाल हो गए थे। संयुक्त राष्ट्र के फीडिंग सेंटर की ओर जाते रास्ते पर एक छोटा बच्चा जमीन पर गिर पड़ा. तभी एक फोटोग्राफर की नजर उस बच्चे पर पड़ी और उसने अपने कैमरे में जो कैद किया, उसने शख्स को मशहूर तो बना दिया लेकिन साथ ही दे दिया एक श्रापित जीवन, जिसका अंजाम हुआ मौत!



इस तस्वीर की वजह से जहां केविन मशहूर हो गए, उन्हें फोटोग्राफी की दुनिया का सबसे ऊंचा सम्मान मिला, वहीं इसी ने उनकी जान ले ली। लोग केविन को कोसने लगे। कहा गया कि वो बच्चे को बचाने की बजाय फोटो खींच रहे थे। एक आलोचक ने लिखा, 'वहां दो गिद्ध थे—एक चोंच वाला और एक कैमरा वाला।' कार्टर को 'दूसरा गिद्ध' कहा जाने लगा। अपराधबोध ने उन्हें घेर लिया। वो पहले से ही अपार्थाइड के दौरान नेकलेसिंग (टायर में आग लगाकर हत्या) जैसी क्रूर घटनाओं की तस्वीरें ले चुके थे, युद्ध की लाशें देखीं थी। डिप्रेशन, ड्रग्स और फाइनेंशियल परेशानियां सब बढ़ गईं। अप्रैल 1994 में इस तस्वीर के लिए उन्हें पुलित्जर प्राइज मिला—फीचर फोटोग्राफी कैटेगरी में। ये उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी उपलब्धि होनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आलोचना, अपराधबोध और ट्रॉमा ने उन्हें तोड़ दिया और आखिर में अवार्ड मिलने के चार ही महीने बाद उन्होंने आत्महत्या कर ली।

# 50 करोड़ साल पुराने जीवों के मिले जीवाश्म

## चट्टानों में मिला स्टार वॉर्स वाला खूंखार कीड़ा, पलट गई विज्ञान की थ्योरी

न्यूयार्क। अमेरिका के ग्रैंड कैन्यन से वैज्ञानिकों को 50 करोड़ साल से भी ज्यादा पुराने जीवों के जीवाश्म मिले हैं। इन जीवाश्मों में ऐसे नरम शरीर वाले समुद्री जीव शामिल हैं जो अब तक छिपे हुए थे। इस खोज से वैज्ञानिकों को कैंब्रियन काल के जीवन के साथ उस समय के समुद्र की असली तस्वीर को समझने में मदद मिलेगी। ग्रैंड कैन्यन को दुनिया भर में उसकी बड़ी-बड़ी चट्टानों और खूबसूरत नजारों के लिए जाना जाता है। अब इसी जगह ने धरती के बेहद पुराने जीवन का एक बड़ा राज खोल दिया है। वैज्ञानिकों ने यहां करीब 50 करोड़ साल पहले समुद्र में रहने वाले नरम शरीर वाले जीवों के जिवाश्म को खोजा है। यह खोज इसलिए भी खास है क्योंकि ऐसे जीव आमतौर पर बहुत कम ही मिलते हैं।



### समुद्र में कैसे बचे जीव

इतने पुराने और नरम शरीर वाले जीवों के जीवाश्म, जहां पानी में ऑक्सीजन बहुत कम होती है वहां मिलते हैं। ग्रैंड कैन्यन की यह जगह उस समय ऑक्सीजन से भरपूर और तूफानों वाली उथली समुद्री जगह थी।ऐसी जगहों पर जीव जल्दी सड़ जाते हैं फिर भी ये जीवाश्म सुरक्षित रहे थे। वैज्ञानिकों का मानना है कि समुद्री तूफानों के दौरान ये जीव जल्दी मिट्टी में दब गए जिससे वे अभी तक बचे हुए थे। बता दें कि वैज्ञानिकों को यहां सिर्फ कीड़े ही नहीं मिले है। यहां घोंघे जैसे जीवों के हिस्से, झींगे जैसे जीवों के जबड़े और समुद्र की सतह पर खाने के निशान भी पाए गए हैं। इससे पता चलता है कि उस समय समुद्र में खाना ढूंढने और खाने के कई तरीके थे। जानवर मिट्टी के अंदर रहते थे, रेंगते थे और खाने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाते थे। इस रिसर्च से पता चलता है कि बड़े बदलाव सिर्फ कुछ खास जगहों तक सीमित नहीं थे।

### ग्रैंड कैन्यन में हुई खोज

यह खोज साल 2023 में यूनिवर्सिटी ऑफ कैमब्रिज के वैज्ञानिक जियोवानी मुस्सिनी की अगुवाई में की गई। उनकी टीम ने कोलोराडो नदी के पास चट्टानों से नमूने इकट्ठा किए। उन्हें जांच के लिए ब्रिटेन ले जाया गया. जांच में पता चला कि इन चट्टानों के अंदर छोटे-छोटे जीवों के अवशेष थे। इनमें झींगे जैसे जीव, घोंघे और एक अनोखा कीड़ा शामिल था।

### दांत वाला कीड़ा बना खोज

इस खोज में सबसे ज्यादा एक अजीब से कीड़े ने ध्यान खींचा. इसका नाम वैज्ञानिकों ने क्रेइटड्रैको स्पेक्टेटस रखा है। इसका नाम स्टार वॉर्स के एक किरदार से लिया गया है। इस कीड़े के मुंह में दांत जैसे ढांचे थे।

# जवानी में नहीं हो पाई शादी, 40 साल बाद एक-दूजे का हुआ कपल

कोच्चि। केरल के जयप्रकाश और रश्मि की कहानी कुछ ऐसी ही है, जो इन दिनों सोशल मीडिया पर लोगों के दिलों को छू रही है। मुण्डक्कल के रहने वाले जयप्रकाश और रश्मि किशोरावस्था में एक-दूसरे को पसंद करते थे। जयप्रकाश के दिल में जज्बात तो थे, मगर जुबां पर आने की हिम्मत नहीं। इसी बीच रश्मि की शादी हो गई और जयप्रकाश रोजगार के सिलसिले में विदेश चले गए। वक्त ने दोनों को अलग रास्तों पर ला खड़ा किया।

**तकदीर ने फिर मिलाया रास्ता :** सालों बाद, रश्मि के पति का करीब 10 साल पहले और जयप्रकाश की पत्नी का 5 साल पहले इंतकाल हो गया। तन्हाई से उबरने के लिए रश्मि सांस्कृतिक गतिविधियों और शॉर्ट फिल्मों में अभिनय करने लगीं। यहीं से किस्मत ने करवट ली। जयप्रकाश ने एक शॉर्ट फिल्म में रश्मि को देखा और परिवार के जरिये संपर्क साधा। पुरानी यादें, दबा हुआ इश्क और दिल की कसक फिर जाग उठी। सबसे खूबसूरत पहलू यह रहा कि दोनों के बच्चों ने इस रिश्ते को खुले दिल से अपनाया।. रश्मि की बेटी और दामाद, जयप्रकाश के बच्चे...सबकी रजामंदी से कोच्चि में एक सादे समारोह में शादी हुई। जयप्रकाश और रश्मि की यह प्रेम कहानी साबित करती है कि इश्क अगर सच्चा हो, तो वक्त उसका रास्ता खुद बना देता है। कभी देर से ही सही, लेकिन मोहब्बत अपना मुकाम जरूर पाती है।



# नर्मदा तटों पर मकर संक्रांति का मेला आज और कल भी

## भगवान सूर्य आज उत्तरायण में करेंगे प्रवेश

जबलपुर।

भगवान सूर्यदेव आज उत्तरायण में प्रवेश करेंगे। दक्षिणायन से उत्तरायण में प्रवेश के संक्रमण को ही मकर संक्रांति का नाम दिया गया है। ऐसी मान्यता है कि उत्तरायण में प्रवेश करने के बाद सूर्य की चमक और प्रखरता तेज होती है, जिससे हौले-हौले ठंड दूर होती है और लोगों के चेहरों में चमक आती है। जीवन में नये उत्साह का संचार होता है। मकर संक्रांति पर्व पर नर्मदा के स्नान का विशेष पुण्य महत्व है। इसलिए हर वर्ष मकर संक्रांति पर नर्मदा तटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने पहुंचते हैं। इस बार भी मकर संक्रांति के पुण्य स्नान को 14 जनवरी को बताया गया है। बहरहाल, वर्षों से 14 जनवरी को ही मकर संक्रांति मनाने की परंपरा है। इसलिए आज नर्मदा तटों पर स्नानार्थियों का मेला भरेगा। इसके बाद दो तीन दिनों तक मकर सक्रांति का मेला चलता रहेगा।



### अब सुबह ही होगा सूर्य का संक्रमण

ज्योतिषाचार्य पीएल गौतमाचार्य ने बताया कि सूर्य का राशि परिवर्तन 14 जनवरी की अपरान्हकाल में हो रहा है। षटतिला एकादशी का संयोग भी बन रहा है साथ ही खरमास समाप्त हो रहा है। इसलिए स्नान के साथ दान करने का महत्व 15 जनवरी को मान्य होगा। इसके पूर्व छह वर्ष तक सूर्य का राशि परिवर्तन अनिश्चित होने से संक्रांति कभी 14 तो कभी 15 जनवरी को मनाई गई। सूर्य का राशि परिवर्तन 56 वर्षों (2080) तक सुबह ही होगा। उन्होंने बताया कि 1936 से मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाई जा रही थी। 1864 से 1936 तक 13 जनवरी और 1792 से 1864 तक 12 जनवरी को मनाई जाती रही है।

### नर्मदा के घाटों पर नौका संचालन प्रतिबंधित

जिला प्रशासन ने मकर संक्रांति पर 14 और 15 जनवरी को गौरीघाट, जिलहरीघाट, तिलवाराघाट, लम्हेटाघाट, भेड़ाघाट एवं सरस्वती घाट में नौका संचालन को पूर्णतः प्रतिबन्धित कर दिया है।अपर जिला दण्डाधिकारी जारी आदेश के अनुसार मकर संक्रांति पर स्नान और पूजा-अर्चना के लिये माँ नर्मदा के घाटों पर बड़ी संख्या में पहुँचने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर नौका संचालन पर लगाये गये इस प्रतिबंध से केवल नर्मदा तट पर बसे गांवों के निवासियों के परिवहन के लिये नियमित रूप से संचालित की जा रही नौकाओं को छूट रहेगी। शेष सभी नौकाओं के 14 और 15 जनवरी को संचालन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

### जायसवाल महिला मंडल की एक शाम समाज के नाम 18 को

जबलपुर। जायसवाल महिला मंडल , जबलपुर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम "एक शाम समाज के नाम" 18 जनवरी, दिन रविवार को दोपहर 3 बजे से होटल युवराज ग्रैंड, विजय नगर में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अध्यक्ष श्रीमती विनीता राय ने बताया की कार्यक्रम में डांस , जबलपुर गॉट टेलेंट, रैंप वाक ,व्यंजन प्रतियोगिता रखी गयी है, सचिव श्रीमती श्वेता जायसवाल ने बताया की कार्यक्रम मुख्य अतिथि नगरनिगम की सहायक आयुक्त श्रीमती शिवांगी महाजन जायसवाल होंगी। आयोजक मंडल की श्रीमती किरण जायसवाल, श्रीमती शक्ति जायसवाल, श्रीमती राजश्री जायसवाल, श्रीमती रोशनी जायसवाल, एड. विजयलक्ष्मी जायसवाल, श्रीमती शारदा जायसवाल, श्रीमती प्रीती जायसवाल, श्रीमती वंदना जायसवाल, श्रीमती छाया जायसवाल, कु अनुपमा जायसवाल, केशव जायसवाल, विजय जायसवाल, सुभाष जायसवाल, एस. के. राय, एड. प्रेम जायसवाल, दीपक जायसवाल, राजेश जायसवाल आइडियल हिल्स, बॉबी जायसवाल आदि ने कार्यक्रम में उपस्तिथि का आग्रह किया है।



## जिला स्तरीय प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई बहुआयामी प्रतिभा

**जबलपुर**। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार 13 जनवरी को जिला शिक्षा केंद्र द्वारा डाइट परिसर में जिला स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन, वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा ने विकासखंड स्तर से चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से गतिविधि आधारित शिक्षण को बढ़ावा मिलता है तथा विद्यार्थियों में स्वयं करके सीखने की प्रवृत्ति विकसित होती है। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को संभाग स्तर के लिए शुभकामनाएँ दीं।प्रदर्शनी में विकासखंडों से चयनित 113 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान विषयों पर आधारित मॉडल, लघुनाटिका, स्वरचित एकल गीत एवं सेमिनार प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शनी का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक प्रदूषण में कमी, अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता, नारी सशक्तिकरण, सामाजिक कुरीतियाँ, लोकतंत्र एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करना रहा। कार्यक्रम में डाइट प्रभारी प्राचार्य सुनील शर्मा, एपीसी राजेश तिवारी, व्याख्याता, बीआरसी, बीएसी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अजय रजक द्वारा किया गया।

## महर्षि विद्या मंदिर में ज्ञान युग दिवस पर हुआ वार्षिक सांस्कृतिक समारोह

**जबलपुर**। महर्षि विद्या मंदिर, महाराजपुर आधारताल, जबलपुर में ज्ञान युग दिवस के शुभ अवसर पर वार्षिक सांस्कृतिक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पी. के. मिश्रा, कुलपति एवं डॉ. जयंत भट्ट, विभागाध्यक्ष, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त शिक्षा अपनाने का संदेश दिया। समारोह का शुभारंभ गुरु पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती संचिता मल्लिक ने स्वागत भाषण में कहा कि महर्षि विद्या मंदिर शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन एवं भारतीय संस्कृति के संवर्धन पर विशेष बल देता है। उन्होंने ध्यान, योग, नैतिक मूल्यों एवं भावातीत ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा शास्त्रीय संगीत, नृत्य, सांस्कृतिक एवं देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने सराहा। समारोह में अभिभावकों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।





## श्रद्धा कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा की शोभायात्रा निकली

**जबलपुर**। श्री बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वावधान में ऊखरी तिराहा स्थित श्रद्धा कॉलोनी में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा व्यास अतुल जी महाराज के सानिध्य में बटुक भैरव मंदिर, ऊखरी तिराहा से कलश यात्रा प्रारंभ होकर क्षेत्र का भ्रमण करती हुई कथा स्थल पहुँची, जहां जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। कथा स्थल पर व्यास पीठ के पूजन-अर्चन के पश्चात महाराज श्री ने कथा की महत्ता बताते हुए कहा कि कलश में सभी देवताओं का वास होता है और सिर पर कलश धारण करने से अनेक गुना पुण्य फल प्राप्त होता है। समिति अध्यक्ष श्रीमती ललिता देवी ने बताया कि कथा का समापन 20 जनवरी को हवन, पूजन एवं भंडारे के साथ होगा।

## मंदिर स्थापना दिवस पर किया संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ

जबलपुर।

संत नामदेव समाज समिति जबलपुर की महिला समिति द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना की द्वितीय वर्षगांठ एवं नववर्ष के अवसर पर संत नामदेव सामुदायिक भवन, मनमोहन नगर में संगीतमय सुंदरकाण्ड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तरमध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय एवं समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विधायक के उद्बोधन के पश्चात समाज की महिलाओं द्वारा सुंदरकाण्ड का सामूहिक पाठ किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक हो उठा। विधायक डॉ. पाण्डेय ने भवन की छत पर सुरक्षात्मक शेड निर्माण एवं भवन के प्रवेश द्वार के सामने सड़क निर्माण का आश्वासन दिया, जिसके लिए समाजजनों ने उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य नागरिक, महिला परिषद की पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन सफलतापूर्वक एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।





### मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज के नगर आगमन पर निकली भव्य शोभायात्रा

**जबलपुर**। संत शिरोमणि आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य एवं गुणायतन प्रणेता मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज के पाँच वर्ष पश्चात जबलपुर आगमन पर सकल जैन समाज द्वारा ऐतिहासिक एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शिवनगर जैन मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, गोलबाजार में संपन्न हुई। प्रातः मुनि श्री के सानिध्य में शांति धारा, पूजन-अभिषेक किया गया। अपने उपदेश में मुनि श्री ने "सुनो, मानो, जानो और ठानो" की व्याख्या करते हुए कहा कि गुरुवचनों को श्रद्धा से सुनना ही सच्चे श्रावक का गुण है। शोभायात्रा में ऊँट, अश्व, घोड़े, बैंड एवं घमाल शामिल रहे। पुरुष श्वेत वस्त्रों में तथा अखिल भारतीय महिला परिषद की श्राविकाएँ रंग-बिरंगे परिधानों में सहभागी रहीं। नगर के विभिन्न जैन संगठनों एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत, आरती एवं पाद प्रक्षालन किया गया। शोभायात्रा में पूर्व राज्यमंत्री शरद जैन, विधायक लखन घनघोरिया, विधायक अभिलाष पांडे, पार्षद अतुल दानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। मुनि श्री के नगर आगमन से सम्पूर्ण संस्कारधानी धर्ममय वातावरण से सराबोर हो उठी।

### प्राइवेट मेडिकल एसोसिएशन ने उपमुख्यमंत्री से की भेंट

## आपातकालीन परिस्थितियों में चिकित्सकों को एलोपैथिक दवाइयों के उपयोग हेतु कैप्सूल कोर्स कराने व जन संवर्धन बोर्ड के गठन की रखी मांग

जबलपुर।

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से प्राइवेट मेडिकल एसोसिएशन के डॉक्टरों ने औपचारिक भेंट कर वर्तमान में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान डॉक्टरों द्वारा विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से जन संवर्धन बोर्ड के गठन के पश्चात उसके शीघ्र क्रियान्वयन, मध्यप्रदेश चिकित्सा बोर्ड में पूर्व से पंजीकृत डॉक्टरों के पंजीयन नवीनीकरण तथा आपातकालीन परिस्थितियों में चिकित्सकों को एलोपैथिक दवाइयों के उपयोग हेतु कैप्सूल कोर्स कराने की मांग रखी गई। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना एवं आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही मुख्यमंत्री से चर्चा कर समाधान का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. चंद्रेश जैन, जिला अध्यक्ष डॉ. आर. डी. गुप्ता, जिला सचिव डॉ. मकसूद चिश्ती उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कैंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजेश पटेल एवं जिला महामंत्री पंकज दुबे का विशेष सहयोग रहा। संगठन ने सभी भाजपा पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## रंगदारी वसूलने मजदूर से की मारपीट

**जबलपुर**। रांझी थाना अतंर्गत सरस्वती स्कूल के पास शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर दो बदमाशों ने एक युवक के साथ गालीगलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्रापीपर रांझी निवासी 34 वर्षीय गोलू उर्फ राकेश भूमिया गत शाम लगभग 6 बजे बड़ा पत्थर से मजदूरी करके पैदल अपने घर जा रहा था, जैसे ही सरस्वती स्कूल के पास पहुँचा तो वहां मानेगांव निवासी कृष चक्रवर्ती और आमानाला निवासी निक्की चौधरी उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगे, उसने पैसे देने से मना किया तो गाली गलौज व मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**नाम सुधार सूचना**

मैं, नसीम अख्तर कुरैशी पिता स्व अब्दुल सलीम कुरैशी उम्र 45 वर्ष निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नं 35 अधारताल जबलपुर मध्य प्रदेश आधार कार्ड नं 498072031732 मेरे पिता स्व. अब्दुल सलीम कुरैशी के विभाग एम ई एस जी ई ईस्ट के दस्तावेजिक रिकार्ड में मेरा नाम नसीम फातिमा व मेरी जन्मतिथि 08/08/1978 दर्ज है जो कि गलत व असत्य है, मेरा सही एवं सत्य नाम मेरे शैक्षिणिक दस्तावेजों व पैन कार्ड के अनुसार नसीम अख्तर कुरैशी है एवं सही जन्मतिथि 05/07/1978 है भविष्य में मुझे मेरे सही नाम नसीम अख्तर कुरैशी से जाना एवं पहचाना जाये व मेरी जन्मतिथि भी 05/07/1978 मानी व लिखी पढ़ी जाये शपथ पत्र दिनांक -13/01/2026 समक्ष पब्लिक नोटरी महोदय रामदास शर्मा मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर म.प्र.।

| सही नाम | गलत नाम |
|---|---|
| नसीम अख्तर कुरैशी | नसीम फातिमा |
| सही जन्मतिथि | गलत जन्मतिथि |
| 05/07/1978 | 08/08/1978 |

**CHANGE OF DATE OF BIRTH**

I BASANTI RANI DAS, Mother of JC 377793M Rank SUB MAJ ANANTA DAS presently Residing at- CHANDPUR, PO-CHANDPUR, DIST- EAST MIDNAPORE, WEST BENGAL-721439, I have changed of my date of birth 01/07/1950 (date of birth as per my son army service records) to 05/02/1955 (date of birth as per my AADHAR CARD ) vide Affidavit dated in 13/01/2026 format) before SUBHASHISH CHATTERJEE Public notary, JABALPUR M.P.

CORRRECT DATE OF BIRTH- 05/02/1955
INCORRRECT DATE OF BIRTH - 01/07/1950

**NAME CHANGE INFORMATION**

I am ARTI MAHENDRA PRAKASH DALIA Resident of 877 Rathi Bhawan, Pandey chowk, Baldeobagh, Jabalpur 482001. Changing my name from ARTI MAHENDRA PRAKASH DALIA to ARTI RATHI

DATE : 14.01.2026
PLACE: JABALPUR
SS

## सामाजिक समरसता से ही भेदभाव ख़त्म होगा

### आईएएस वर्मा को जारी नोटिस वापस लेने अजाक्स ने ज्ञापन सौंपा

जबलपुर।

मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स के जिला अध्यक्ष योगेश चौधरी ने बताया है कि भोपाल मे आयोजित हुए अजाक्स के अधिवेशन के दौरान 23 नवम्बर 2025 को नवनियुक्त प्रान्ताध्यक्ष संतोष वर्मा (आईएएस) के बयानो को गलत तरीके से सोशल मीडिया मे पेश किया गया है।इसी तारतम्य में आज महिला नेतृत्व में डॉ मनीषा कोल व अर्चना डेनियल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य द्वारा एक मांग पत्र ज्योति परस्ते एसडीएम को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर 5 मांग की है कि आईएएस संतोष वर्मा अनुसूचित जनजातीय वर्ग से आते है उनके द्वारा सामाजिक समरसता सद्भाव और जातिवाद उन्मूलन की दिशा में एक सकारात्मक संवैधानिक एवं डॉ.बाबा साहब की विचारधारा पर आधारित उद्बोधन दिया गया था।उनका वक्तव्य रोटी बेटी के संबंधो द्वारा सामाजिक एकता हिन्दू एकता तथा जाति पाती से ऊपर उठकर मानवता एवं संविधान को सर्वोपरि मानने की प्रेरणा देते है। किन्तु कुछ तथाकथित समाज विरोधी तथ्य दलित एवं आदिवासी विरोधी मानसिकता रखने वाले समूह तथा निजी स्वार्थ से प्रेरित संगठन ने आईएएस वर्मा के उद्बोधन को जानबूझकर तोड मरोड़ कर भ्रामक तरीके से सामाजिक वेमनस्यता फैलाने हेतु प्रस्तुत कर रहे है। संतोष वर्मा (आईएएस) प्रान्ताध्यक्ष अजाक्स संघ मप्र के विरूद्ध जारी कारण बताओं नोटिस तत्काल प्रभाव से वापिस लिया जायें।

संघ के अजय सोनकर, राजेन्द्र तेकाम, योगेश चौधरी, राकेश समुन्द्रे, डॉ मनीषा कोल,शशि सोनकर, रामवती तेकाम,कल्पना समुन्द्रे,रानू चौधरी, अर्चना डेनियल, सरस्वती संग्राम, अनीता समुन्द्रे, विशाखा करसा, संगीता खंडारे,लक्ष्मी उईके, मधुमति तेकाम, रजनी कुलस्ते, आशा आर्मो, देवकी तेकाम, संगीता अर्खेल, प्रियंका करसा,धृति मरकाम, नेतराम झारिया, आदि उपस्थित थे।



**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. 14850600W RANK HAV/Clk (SD) NAME RADHESHYAM S/O SHARWAN RAM CHHIMPA R/O VILL- DHANIKUMHARAN, PO-DHANIKUMHARAN, TEH-TARANAGAR, DISTT-CHARU (RAJASTHAN)- 331304 AADHAR CARD No. 2746 8204 9668 I, have changed name of my DAUGHTER, from KANIKA CHHIMPA (name as per my ARMY SERVICE RECORDS) to KANIKA (name as per my DAUGHTER, AADHAR CARD NO. 3219 1933 3520 AND BIRTH CERTIFICATE) vide affidavit dated 13/01/2026 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

CORRECT NAME - KANIKA
INCORRECT NAME- KANIKA CHHIMPA

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. 6499919F RANK NK NAME ANIRUDH PRATAP SINGH S/O VIRENDRA SINGH OF UINT 54 COY ASC (SUPLY) AADHAR CARD No. 9258 8817 3007 I, have changed name of my MOTHER, from BIMLWSH SINGH (name as per my ARMY SERVICE RECORDS) to VIMLESH SINGH (name as per my MOTHER, AADHAR CARD NO. 7435 1992 3834) vide affidavit dated 12/01/2026 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

CORRECT NAME -VIMLESH SINGH
INCORRECT NAME -BIMLWSH SINGH

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/204
दिनांक:- 13/01/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री समीर अवस्थी (2) श्री सौरभ अवस्थी दोनों के पिता स्व. श्री मणिकांत अवस्थी ने मकान नं. 1063,1063 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 973 व.फु., प्रथम तल 1363 व.फु. शपथपत्र, मृत्यू प्रमाणपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/207
दिनांक:- 13/01/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री यश गायकवाड़ पिता स्व. श्री अजय सिंह गायकवाड़ ने मकान नं. 806 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 4774 व.फु., भूतल 2100 व.फु. शपथपत्र, मृत्यू प्रमाणपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# ऑस्ट्रेलिया में है दुनिया की सबसे प्राचीन नदी, 40 करोड़ साल पहले किनारे पर घूमते थे डायनासोर

**कैनबरा।** नदियों का भी दूसरी प्राकृतिक चीजों की तरह ही एक लाइफ साइकिल होता है। नदियां वक्त के साथ बड़ी होती हैं, अपनी धारा बदलती हैं और फिर सूख जाती हैं। माना जाता है कि नदियां एक समय के बाद सूखती हैं, लेकिन अब इस समझ को चुनौती मिली है। दुनिया की सबसे पुरानी नदी कई हजार साल से बह रही है। यह ऑस्ट्रेलिया की फिंके नदी (स्थानीय भाषा में लारापिंटा) है। यह नदी 300 से 400 मिलियन साल यानी 30 से 40 करोड़ वर्ष पुरानी है, जो इसे दुनिया की सबसे पुरानी नदी बनाती है। दावा किया जाता है कि यह नदी डायनासोर से भी पुरानी है। यानी इसके आसपास कभी डायनासोर घूमते थे।

### सूखे इलाके की यह नदी बाकी नदियों से अलग

ऑस्ट्रेलिया के सूखे इलाके की यह नदी बाकी नदियों से अलग है। साल के ज्यादातर समय यह रेत और पानी के छोटे गड्ढों जैसी दिखती है, जिसमें बहुत कम पानी होता है। भूवैज्ञानिकों का कहना है कि यह दुनिया की सबसे अनोखी नदियों में से है। ऑस्ट्रेलिया के नॉर्दर्न टेरिटरी में बहने वाली फिंके को दुनिया की सबसे पुरानी नदी माना जाता है। फिंके का भूवैज्ञानिक इतिहास इसे लगातार बहने वाली सबसे प्राचीन नदी प्रणालियों में से एक बनाता है।



### कहां बहती है फिंके नदी

फिंके नदी मैक्डोनेल रेंजसे निकलती है, जो एलिस स्प्रिंग्सके पश्चिम में है। यह दक्षिण-पूर्व की ओर मध्य ऑस्ट्रेलिया को पार करते हुए सिम्पसन डेजर्टकी रेत में विलीन हो जाती है। फिंके नदी एक मौसमी नदी है और केवल बारिश के बाद ही इसमें पानी आता है। लंबे समय तक सूखी रहने के बावजूद फिंके नदी मध्य ऑस्ट्रेलिया का महत्वपूर्ण प्राकृतिक हिस्सा है। फिंके नदी की उम्र को समझने के लिए जानना जरूरी है कि 300-400 मिलियन साल पहले बहने वाली यह नदी डायनासोर से बहुत पहले की है, जो करीब 230 मिलियन साल पहले आए थे। लाखों सालों में इस नदी ने महाद्वीपीय बहाव, जलवायु परिवर्तन, बड़े पैमाने पर विलुप्त होने की घटनाओं और मध्य ऑस्ट्रेलिया के धीरे-धीरे सूखने का सामना किया है।

### स्थानीय लोगों में श्रद्धा

फिंके नदी पश्चिमी अरेंटेलोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जो इस नदी के किनारे रहने वाले पारंपरिक संरक्षक हैं। इस नदी का स्थानीय आदिवासियों की कहानियोंऔर सांस्कृतिक परंपराओं में खूब जिक्र है। इस नदी पर स्थानीय लोगों की हजारों साल पुरानी निर्भरता के चलते इसको आज भी बेहद सम्मान की नजर से देखा जाता है। फिंके नदी को दुनिया की सबसे पुरानी नदी कहा जाता है। हालांकि वैज्ञानिक इस पर कोई ठोस दावा करने से बचते हैं। नील, सिंधु और अमेरिका की न्यू रिवर जैसी नदियां भी लाखों वर्ष पुरानी मानी जाती हैं। फिंके को जो चीज अनोखी बनाती है, वह इस बात के सबूत हैं कि इसका रास्ता लाखों सालों से तकरीबन एक जैसा है। यह नदी दुनियाभर के एक्सपर्ट को आकर्षित करती रही है।

## रोचक खबरें

### मजे-मजे के लिए गुफा में घुसा, वही बन गई कब्र, दुनिया का सबसे बदनसीब इंसान!

**लंदन।** मौत का आना तय है लेकिन कब और किस तरह आने वाली है, इसका अंदाजा लोगों को नहीं होता। हालांकि, कुछ लोगों की मौत का तरीका



इतना अजीबोगरीब होता है कि उसपर सिर्फ हैरानी ही होती है। ऐसी ही मौत हुई थी जॉन एडवर्ड जोंस की। रोमांच के चक्कर में उसे मौत का सामना करना पड़ा। मौत कभी भी आ सकती है, लेकिन कुछ मौतें इतनी भयानक होती हैं कि सुनकर रूह कांप जाती है। 26 नवंबर 2009 की शाम, 26 वर्षीय मेडिकल स्टूडेंट जॉन एडवर्ड जोन्स अपनी पत्नी एमिली (जो उस समय दूसरी संतान की उम्मीद में थीं), बेटी और भाई जोश के साथ थैंक्सगिविंग के लिए यूटा आए थे। लेकिन, उन्हें ये पता नहीं था कि ये उनका आखिरी फैमिली ट्रिप होगा। बचपन से ही जॉन को गुफा एक्सप्लोरेशन का शौक था। भाई जोश ने सुझाव दिया कि नट्टी पुट्टी गुफा चला जाए, जो साल्ट लेक सिटी से करीब 55 मील दूर थी। यह गुफा 1960 में खोजी गई थी और इसके नरम, पुट्टी जैसे भूरे मिट्टी के कारण नाम पड़ा था। यह शुरुआती स्तर की गुफा मानी जाती थी, जहां हजारों लोग सालाना आते थे। वैसे तो जॉन को एक्सपीरियंस था, लेकिन उस दिन कुछ और ही होना लिखा था।

## चमत्कार

**मंगल ग्रह जैसा आता है नजर**

# वो जगह जहां 400 सालों से नहीं हुई बारिश, फिर भी जीवन नहीं हुआ खत्म

**सैंटियागो।** क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसा कोई जगह हो सकती है जहां सैकड़ों सालों तक बारिश ना हो, लेकिन वहां कोई प्यासा ना मरे? जी हां, ऐसा ही एक चमत्कारिक स्थान है चिली का अटाकामा डेजर्ट! यह दुनिया का सबसे सूखा गैर-ध्रुवीय रेगिस्तान है, जहां कुछ इलाकों में पिछले 400 सालों से ज्यादा समय तक एक भी बूंद बारिश नहीं दर्ज हुई है। कुछ वेदर स्टेशनों पर तो कभी बारिश रिकॉर्ड ही नहीं हुई है। फिर भी यह जगह पर्यटकों की पहली पसंद बनी हुई है और नासा के वैज्ञानिकों का सबसे फेवरेट स्पॉट है। नासा अपने मंगल मिशनों के लिए इसी जगह पर ट्रायल करता है। अगर देखा जाए तो वाकई ये जगह धरती पर मौजूद मंगल ग्रह जैसा ही नजर आता है।



### बेहद सूखा है ये प्रदेश

अटाकामा डेजर्ट चिली के उत्तरी हिस्से में फैला हुआ है, जो प्रशांत महासागर के किनारे और एंडीज पर्वतों के बीच स्थित है। यहां की सूखापन की वजह दोहरी 'रेन शैडो'इफेक्ट है। एक तरफ एंडीज पर्वत पूर्व से आने वाली बारिश की बादलों को रोक लेते हैं और दूसरी तरफ ठंडी हम्बोल्ट्ट करंट प्रशांत से आने वाली नमी को सोख लेती है। नतीजा? सालाना औसत बारिश सिर्फ 1-15 मिलीमीटर और कुछ जगहों पर 0.03 इंच तक! कैलामा शहर में 1570 से 1971 तक यानी 400 साल से ज्यादा समय तक कोई मेजर बारिश नहीं हुई थी। लेकिन, सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यहां जीवन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। यहां फ्लेमिंगो, लामा, विकुना जैसे जानवर घूमते हैं। साल्ट फ्लैट्स (नमक के मैदान) में पानी की झीलें हैं, जहां हजारों फ्लेमिंगो इकट्ठा होते हैं। यहां की खूबसूरती इतनी अनोखी है कि इसे 'वैली ऑफ द मून' कहा जाता है यानी चंद्रमा जैसा लैंडस्केप! यहां लाल रेत के टीले, क्रैक वाली जमीन और एक्टिव ज्वालामुखी इसे और भी रहस्यमयी बनाते हैं।

### नासा की फेवरिट जगह

नासा अटाकामा को बेहद पसंद करते हैं क्योंकि यह मंगल ग्रह जैसा है। यहां की मिट्टी, सूखापन और एक्सट्रीम कंडीशंस मंगल पर जीवन की संभावना समझने में मदद करती है। नासा के एस्ट्रोबायोलॉजिस्ट यहां आकर टेस्ट करते हैं। साथ ही, दुनिया के सबसे बड़े टेलीस्कोप जैसे एएलएमए (अटाकामा लार्ज मिलीमीटर/सबमिलीमीटर ऐरे) यहां लगे हुए हैं। आसमान इतना साफ है कि रात में आकाशगंगा नंगी आंखों से दिखती है। स्टार गेजिंग के लिए ये जगह परफेक्ट है। यहां पर्यटन भी जबरदस्त है। सैन पेड्रो डे अटाकामा शहर बेस है, जहां से टूर जाते हैं।





### गौतम सोलर ने जबलपुर में सोलर उत्पादों का किया शुभारंभ

**जबलपुर।** सौर ऊर्जा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी गौतम सोलर ने जबलपुर में अपनी स्थानीय उपस्थिति को सुदृढ़ करते हुए सोलर पैनल, इन्वर्टर, एसीडीबी एवं डीसीडीबी का शुभारंभ किया। 28 वर्षों से अधिक अनुभव रखने वाली तथा वैश्विक शीर्ष 30 सोलर मॉड्यूल निर्माताओं में शामिल गौतम सोलर के ये उत्पाद अब जबलपुर के स्थानीय बाज़ार में उपलब्ध होंगे।इस अवसर पर एक तकनीकी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय ईपीसी कंपनियों, इंस्टॉलर्स एवं उद्योग से जुड़े हितधारकों ने भाग लिया। कार्यशाला में उच्च गुणवत्ता, दीर्घकालिक प्रदर्शन एवं विश्वसनीय सोलर समाधानों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। गौतम सोलर के निदेशक श्री गौतम मोहनका ने कहा कि जबलपुर कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उभरता बाज़ार है और स्थानीय स्तर पर उत्पाद उपलब्ध कराने से ग्राहकों को बेहतर सेवा एवं तेज़ तकनीकी सहयोग मिलेगा। कंपनी ने मध्यप्रदेश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए ग्वालियर के पास 54 एकड़ में 4,000 करोड़ के निवेश से सोलर निर्माण इकाई स्थापित करने की जानकारी भी दी, जिसका संचालन शीघ्र प्रारंभ होने की संभावना है। यह पहल क्षेत्र में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# यूट्यूब से सीखा काम और बना डाली 11 करोड़ रुपए की कंपनी!

**ओटावा।** नई क्या वाकई सिर्फ यूट्यूब से सीखी गई स्किल के दम पर करोड़ों की कंपनी खड़ी की जा सकती है? कनाडा के उद्यमी टुआन ले ने यह कर दिखाया है। बिना किसी बिजनेस बैकग्राउंड और अनुभव के उन्होंने एक संघर्षरत शुरुआत को 1.4 मिलियन डॉलर (करीब 11 करोड़ रुपए) की कामयाबी में बदल दिया. टुआन ले की कहानी उन लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा है जो संसाधनों की कमी या असफलताओं की वजह से हार मान लेते हैं।

### पहले साल कमाए सिर्फ 8,500 डॉलर

टुआन ले ने अपने बिजनेस की शुरुआत बेहद साधारण तरीके से की। उन्होंने स्थानीय छोटे व्यवसायों के लिए वीडियो बनाना शुरू किया, वो भी बिना किसी अनुभव के। टुआन बताते हैं, मैंने पहले साल कुल 8,500 डॉलर कमाए। मैंने बहुत कम फीस ली, ताकि पोर्टफोलियो तैयार कर सकूं. उनका मकसद उस वक्त कमाई नहीं, बल्कि सीखना और काम दिखाना था।

### महामारी में छिन गए क्लाइंट फिर भी नहीं मानी हार

दूसरे साल उनकी कमाई बढ़कर 17,000 डॉलर हो गई, लेकिन कोविड महामारी ने सब कुछ उलट-पुलट कर दिया। ज्यादातर क्लाइंट्स चले गए और बिजनेस लगभग ठप हो गया। तीसरे साल की शुरुआत में, जब पूरी दुनिया लॉकडाउन में थी, टुआन ने सिर्फ 12,350 डॉलर कमाए। हालात इतने खराब थे कि उन्होंने पढ़ाई में वापस लौटने तक का मन बना लिया था।



### चौथे साल से रफ्तार, पांचवें साल में इतिहास

चौथे साल टुआन ने अपना पहला कर्मचारी रखा और सालाना कमाई 350,000 डॉलर तक पहुंच गई। आज उनकी कंपनी में 15 लोगों की टीम काम कर रही है और बड़े-बड़े ब्रांड्स उनके क्लाइंट हैं। पांचवें साल टुआन ले ने कुल मिलाकर 1.4 मिलियन डॉलर की कमाई कर ली।

### हजारों ईमेल और बदली किस्मत

हालांकि, टुआन ने हार मानने के बजाय पूरा दांव अपने बिजनेस पर लगा दिया. उन्होंने हजारों कोल्ड ईमेल्स भेजे, लगातार मेहनत की और आखिरकार किस्मत ने साथ दिया। तीसरे ही साल के अंत तक उनकी कमाई 110,000 डॉलर पहुंच गई। टुआन लिखते हैं, तीसरा साल सबसे मुश्किल था। बहुत कोशिश की, लेकिन कुछ काम नहीं कर रहा था। फिर भी मैंने टिके रहने का फैसला किया।

## ज्योतिष

ज्योतिष - बाबा गुलशन बंगाली, प्रेम विवाह, वशीकरण, प्यार में धोखा, सौतन दुश्मन छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, गृहक्लेश, रूठो को मनाना, संतान प्राप्ति, गड़ाधन, सभी समस्याओं का समाधान- 8535014597 (रायपुर/16/जन. 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** – पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयेग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** – आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** – मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती

## चांदी ने फिर तोड़ा रिकॉर्ड कीमत 2.70 लाख रुपए के पार

# चांदी की 'महा-छलांग', जनवरी में ही 3 लाख तक जा सकती है कीमत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

निवेश की दुनिया में इस समय सफेद धातु यानी चांदी 'सुपरसोनिक' रफ्तार से दौड़ रही है। चांदी ने सर्राफा बाजार ने एक ऐसा इतिहास रचा, जिसकी कल्पना कुछ समय पहले तक नामुमकिन थी। मंगलवार को कारोबार शुरू होते ही मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी ने 1,920 की जबरदस्त बढ़त के साथ 2,70,890 प्रति किलोग्राम खुली और 2,72,202 रुपए प्रति किलो का हाई रिकॉर्ड बनाया है।

### जनवरी खत्म होने से पहले ही चांदी कर सकती है जादुई आंकड़ा पार





बाजार जानकार आनंद सोनी के अनुसार यदि यही ट्रेंड जारी रहा, तो जनवरी खत्म होने से पहले ही चांदी 3 लाख रुपए प्रति किलो का जादुई आंकड़ा पार कर सकती है। हालांकि विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि बाजार में जोखिम भी अधिक है। इसलिए, आम निवेशकों को एक साथ सारा पैसा लगाने के बजाय 'सिस्टमैटिक' तरीके (टुकड़ों में) से खरीदारी करने की सलाह दी गई है।

### चांदी की कीमतों में 'विस्फोट' के पीछे पांच कारण

बाजार जानकारों के अनुसार चांदी में इस 'विस्फोटक' तेजी के पीछे के पांच कारण है। पहला कारण चीन की 'घेराबंदी' दुनिया के प्रमुख उत्पादक चीन ने चांदी के निर्यात पर कड़े लाइसेंसिंग नियम लागू कर दिए हैं। बाजार में सप्लाई अचानक घटने से हड़कंप मचा हुआ है। दूसरा कारण ग्रीन एनर्जी की भूख- सोलर पैनल और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के निर्माण में चांदी अनिवार्य है। एक अकेले सोलर पैनल में करीब 20 ग्राम चांदी लगती है। बढ़ती मांग ने कीमतों को हवा दे दी है। तीसरा कारण ईरान संकट और युद्ध का डर- मध्य-पूर्व (मिडल ईस्ट) में बढ़ता तनाव और ईरान की अस्थिरता के कारण निवेशक सुरक्षित निवेश के लिए सोने-चांदी की शरण ले रहे हैं। चौथा कारण टूटता डॉलर- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिकी डॉलर की कमजोरी ने विदेशी खरीदारों के लिए चांदी को और अधिक लुभावना बना दिया है। जबकि पांचवां कारण ब्याज दरों का गणित है- अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा भविष्य में ब्याज दरों में कटौती के संकेतों ने बुलियन मार्केट में जोश भर दिया है। यहीं पांच वैश्विक कारण हैं जिसने चांदी की कीमतों को रॉकेट बनाने में बड़ी भूमिका निभा रहे है।

## शब्द पहेली - 6108



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.बीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

**शब्द पहेली-6107 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | श | ह | ज | नी | | फि | श | ल | ना | |
| अ | | क | हा | र | | त | न | य | | बु |
| ह | क | | न | व | | र | म | | फ | न |
| म | म | ता | | ता | क | त | | वा | त | क |
| क | र | त | ब | | म | | त | ल | वा | र |
| | | | ल | ह | र | दा | र | | | |
| ला | व | ज | मा | | वं | | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | | म | द | द | | म | ज | न |
| वा | न | | क | न | | ह | म | | न | म |
| ब | | त | म | श | | ली | ट | र | | त |
| | मे | ह | श | ब | | ज | र | ब | फ्त | |

## सूडोकु नवताल- 6118

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6117 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |



# पीवीसी होशियार सिंह दहिया की पत्नी और बेटे से मुलाकात

**मुंबई।** वरुण धवन फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे। यह फिल्म 23 जनवरी को रिलीज होगी। आज वरुण ने सोशल मीडिया हैंडल पर पीवीसी होशियार सिंह दहिया के परिवार से हुई मुलाकात की कुछ खास तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। वरुण धवन ने फिल्म बॉर्डर 2 में कर्नल होशियार सिंह दहिया की भूमिका निभाई है। वरुण ने पीवीसी होशियार सिंह दहिया की पत्नी श्रीमती धनो देवी और उनके बेटे कर्नल सुशील कुमाल दहिया से हुई मुलाकात की। जिसकी कुछ खास तस्वीरें वरुण ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। इसके साथ ही वरुण ने एक इमोशनल नोट भी लिखा है।

**लाइफ Style**



# श्रिया

## साझा की शूटिंग से बीटीएस तस्वीरें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्राइम वीडियो की सुपरहिट वेब सीरीज मिर्जापुर अब फिल्म के रूप में सामने आएगी। मिर्जापुर द फिल्म की शूटिंग इन दिनों चल रही है। शूटिंग से कई तस्वीरें और वीडियोज भी सामने आ चुके हैं।

अब सीरीज का हिस्सा रहीं अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर ने शूटिंग से कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इनमें पहली तस्वीर में क्लैप बोर्ड नजर आ रहा है, जिस पर फिल्म का नाम 'मिर्जापुर द फिल्म' लिखा हुआ है। साथ ही स्क्रिप्ट रखी हुई है, जिस पर स्वास्तिक बना हुआ है और क्लैप बोर्ड व स्क्रिप्ट पर फूल चढ़े हुए हैं। इससे पता चलता है कि यह मुहूर्त शॉट की तस्वीर हो सकती है। इसके साथ ही श्रिया ने एक और तस्वीर भी साझा की है। इसमें पूजन हो रहा है और फिल्म की पूरी कास्ट व क्रू मौजूद है।

इसके साथ ही श्रिया ने कैप्शन में लिखा है, 'आठ साल बाद अंदाजा लगाइए कौन मौत के मुंह से वापस लौट आया है? श्रिया के कैप्शन के बाद अब ये साफ हो गया है कि मिर्जापुर के दूसरे सीजन में मर चुके मुन्ना भैया यानी दिव्येंदु शर्मा, 'मिर्जापुर द फिल्म' में वापसी कर रहे हैं। श्रिया ने जो फिल्म की कास्ट की तस्वीर साझा की है, उसमें दिव्येंदु शर्मा भी नजर आ रहे हैं। अब श्रिया के कैप्शन और इस तस्वीर से फैंस को ये कंफर्मेशन मिल गई है कि मुन्ना भैया का किरदार 'मिर्जापुर द फिल्म' में वापस आ रहा है। जाहिर है कि मुन्ना भैया शो का सबसे लोकप्रिय किरदार है।

**हॉलीवुड मसाला**



# द ब्लफ में बनीं समुद्री डाकू

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा अमेरिकी एक्शन थ्रिलर फिल्म 'द ब्लफ' में एक समुद्री डाकू के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म का टीजर प्राइम वीडियो पर रिलीज किया गया, जिसमें 'ब्लडी मैरी' के दमदार लुक में प्रियंका को देखकर उनके फैंस बेहद खुश हैं और फिल्म की रिलीज के लिए काफी उत्साहित हैं। फिल्म के कुछ सेकंड की झलक में प्रियंका ने एर्सेल ब्लडी मैरी के किरदार में सभी को चौंका दिया है। 'द ब्लफ' के टीजर में प्रियंका को एक खतरनाक समुद्री डाकू के किरदार में दिखाया गया है।



# पहनी भारतीय डिजाइनर सब्यसाची की ज्वेलरी

**लॉस एंजिल्स।** जेनिफर लोपेज ने लॉस एंजिल्स में वैनिटी फेयर और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज द्वारा आयोजित सेलिब्रेट अवार्ड्स सीजन 2026 और गोल्डन ग्लोब में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। खास बात यह है कि इस इवेंट में जेनिफर ने भारतीय ज्वेलरी डिजाइनर सब्यसाची की ज्वेलरी पहनीं। जेनिफर लोपेज ने लॉस एंजिल्स में वैनिटी फेयर और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज की ओर से आयोजित अवार्ड्स सीजन 2026 की पार्टी में बहुत शानदार लुक में हिस्सा लिया। उन्होंने 'शीयर एंड स्पार्कल' थीम के साथ जुहैर मुराद के काउचर गाउन और सब्यसाची की हाई ज्वैलरी पहनी। इसके अलावा उन्होंने गोल्डन ग्लोब्स 2026 की शुरुआत भी सब्यसाची की ज्वेलरी पहनकर की। गोल्डन ग्लोब्स से पहले की पार्टी में जेनिफर ने सब्यसाची की खूबसूरत ज्वैलरी पहनी।



# मर्दानी-3 में दिखा रानी का दबंग अंदाज

**मुंबई।** सोमवार को रानी मुखर्जी की अपकमिंग फिल्म 'मर्दानी 3' का ट्रेलर रिलीज हुआ। एक बार फिर वह दबंग पुलिस ऑफिसर के रोल में दिख रही हैं। इस बार उनका किरदार जिस केस को वह हैंडल करेगा, वह काफी खतरनाक होने वाला है। फिल्म 'मर्दानी 3' के ट्रेलर में रानी मुखर्जी के एंट्री अपने पुराने किरदार शिवानी शिवाजी रॉय के तौर पर होती है। शिवानी को इस बार एक नया केस सॉल्व करने को दिया जाता है। इस बार वह लापता लड़कियों को बचाने और खोजने के मिशन पर हैं। एक बार इस फिल्म में महिलाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों को उठाया गया है। फिल्म शैतान फेम जानकी बोड़ीवाला ने भी एक अहम किरदार इसमें निभाया है। फिल्म 'मर्दानी 3' के ट्रेलर में इस बार विलेन के तौर पर एक महिला नजर आती हैं।



# बॉर्डर-2 का तीसरा गाना जाते हुए लम्हों...

**मुंबई।** अपनी रिलीज से पहले ही सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की फिल्म 'बॉर्डर 2' चर्चाओं में बनी हुई है। 'घर कब आओगे' गाने की सफलता के बाद अब मेकर्स फिल्म का एक और नया गाना लेकर आए हैं। खास बात ये है कि यह गाना भी 'बॉर्डर' फिल्म के ही गाने का री-क्रिएटेड वर्जन है। मेकर्स ने सोमवार को 'जाते हुए लम्हों' गाना रिलीज किया है। जाते हुए लम्हों' के इस री-क्रिएटेड वर्जन को विशाल मिश्रा ने गाया है। साथ में गाने में ओरिजनल सॉन्ग के सिंगर रूप कुमार राठौड़ की आवाज भी सुनाई देती है। 'घर कब आओगे' गाने की तरह ही इस गाने को भी मिथुन ने ही कंपोज किया है। जबकि 'बॉर्डर फिल्म में इस गाने को जावेद अख्तर ने लिखा था और अनु मलिक ने कंपोज किया था।

**टीवी मसाला**



# क्योंकि सास भी कभी बहू थी ने बनाया रिकॉर्ड, पूरे किए 2000 एपिसोड

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने नया रिकॉर्ड बनाया है। इसके 2000 एपिसोड पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर एकता कपूर ने खुशी जाहिर की है। लोकप्रिय सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का दूसरा सीजन दर्शकों के बीच काफी पसंद किया जा रहा है। इस बीच इसके नाम नया रिकॉर्ड दर्ज हुआ है। मूल रूप से साल 2000 में शुरू हुए इस शो के दो हजार एपिसोड पूरे हो चुके हैं। पूरी टीम ने इसका जश्न मनाया है। साथ ही शो की प्रोड्यूसर एकता कपूर ने भी खुशी जाहिर करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। एकता कपूर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो साझा किया है। उन्होंने शो के शुरुआत से लेकर अब दूसरे सीजन तक की यात्रा के पलों को इस वीडियो में दिखाया है। इसके साथ लिखा है, 'हमें 2000 एपिसोड पूरे करने में 25 साल लग गए! सिर्फ इस माइलस्टोन को पूरा करने के लिए, हमने 25 साल पुराने शो को वापस लाने का फैसला किया। आप सभी का आभार। खासकर मां का, अमर उपाध्याय, स्मृति ईरानी, राजुभाई, तनु, अनंतिका, सिद्धार्थ, वरुण, प्रभजोत, श्वेता, धीरज और बालाजी का। इसके अलावा 'क्योंकि...' की पूरी टीम का आभार'। एकता कपूर ने आगे लिखा है, 'मैं स्टार परिवार में सभी को धन्यवाद देना चाहती हूं। उदय सर केविन सर सुमंतो दीपक अजय और पूरी स्टार टीम को। यह शो के लिए एक छोटी यात्रा है... हम ऐसा ही चाहते थे, लेकिन... हमने इस 2000 को और आगे बढ़ाया है। कुछ और एपिसोड के लिए। प्यार के लिए धन्यवाद। मैं आप सभी की हमेशा आभारी रहूंगी। जय माता दी। जय श्री कृष्णा, जय बालाजी'।

## प्रशांत की आखिरी फिल्म बैटल ऑफ गलवान

**नई दिल्ली।** 'इंडियन आइडल 3' के विनर प्रशांत तमांग अब इस दुनिया में नहीं हैं। स्ट्रोक ने उनकी जान ले ली। वो अपने पीछे तमाम यादें छोड़कर गए हैं। उन्होंने सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान' में काम किया है। अब उनके गुजरने के बाद ये उनकी आखिरी फिल्म होगी, जो 17 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज होगी। प्रशांत तमांग दिल्ली के जनकपुरी में अपने घर पर थे। परिवार का कहना है कि वो रात में अच्छी तरह से सोए थे, लेकिन सुबह उठ नहीं पाए। फैमिली ने किसी भी तरह की गड़बड़ी से भी इनकार किया है। उनकी पत्नी गीता थापा उन्हें द्वारका के हॉस्पिटल लेकर गईं, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वो अपने पीछे 4 साल की बेटी आरिया को भी छोड़कर गए हैं। प्रशांत 'इंडियन आइडल' में आने से पहले कोलकाता पुलिस में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। उनके पिता की मौत के बाद उन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़कर ये पद संभाला था। फिर दोस्तों के कहने पर उन्होंने सिंगिंग रिएलिटी शो में पार्टिसिपेट किया।



# आमिर को सुनील समझ उनके ही ऑफिस से निकाला...

**मुंबई।** आमिर खान और वीर दास की फिल्म 'हैप्पी पटेल' 16 जनवरी को थिएटर्स में रिलीज होने जा रही है। इस मूवी का एक प्रमोशनल वीडियो सामने आया है, जहां पर एक्टर को सुनील ग्रोवर समझकर उनके ही ऑफिस से बाहर निकाल दिया गया। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के बीते एपिसोड में जब कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे आए थे, तब सुनील ग्रोवर ने आमिर खान का गेटअप लिया था और एकदम उनके जैसे ही एक्ट करके सबको चौंका दिया था। उनकी खूब तारीफ हुई थी और लोगों ने उन्हें असली एक्टर से बेहतर बताया था। साथ ही फैंस इंतजार कर रहे थे कि सुनील और आमिर का आमना-सामना हो। लोगों की चाहत पूरी हुई और दोनों को एक साथ देखा गया। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। दरअसल, आमिर खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'हैप्पी पटेल' का प्रमोशन कर रहे हैं। इसी के प्रमोशनल वीडियो में उन्हें सुनील ग्रोवर के साथ देखा गया, जो 'दंगल' एक्टर की मिमिक्री करते नजर आए। लेकिन इस दौरान कॉमेडियन ने एक्टर को उनके ही ऑफिस से बाहर निकलवा दिया, जिसे देख हर कोई हंसी से लोटपोट हो रहा है। आमिर खान के सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में सुनील ग्रोवर एक कमरे में बैठे कुछ लिख रहे होते हैं। और वह एकदम एक्टर के लुक में नजर आते हैं। तभी वीर दास आते हैं और वह उन्हें देखकर चौंक जाते हैं। कहते हैं कि वह आमिर नहीं। थोड़ा अलग लग रहे हैं। इसके बाद वह दोनों बैठते हैं और बात करते हैं और सुनील उन्हें बोनस चेक भी दे देते हैं।




# सिंगर कुमार सानू ने प्रेमानंद जी महाराज को सुनाया 'तुम देना साथ' गाना...

**मुंबई।** एक तरफ सिंगर कुमार सानू की पत्नी के साथ कानूनी लड़ाई चल रही है, और दूसरी तरफ वो प्रेमानंद जी महाराज की शरण में जा पहुंचे हैं। उन्होंने पहले तो महाराज जी को अपना गाना 'तुम देना साथ मेरा ओ हमनवा' सुनाया। फिर उनका आशीर्वाद भी लिया। सिंगर कुमार सानू पत्नी के साथ कानूनी लड़ाई के बीच वृंदावन जा पहुंचे हैं और उन्होंने प्रेमानंद जी महाराज से मुलाकात की है। पहले तो कुमार सानू ने उन्हें गाना 'तुम देना साथ मेरा ओ हमनवा' सुनाया। प्रेमानंद जी भी उनके गाने को ध्यान से सुन रहे थे और वो भी मंत्रमुग्ध हो गए। बाद में महाराज जी ने उनकी खूब तारीफ की। प्रेमानंद जी ने उनसे कहा, 'हमारी सांसें बहुत कीमती हैं। आपने 50 साल में जो ऐश्वर्या कमाया, ऐसी कीमती सांसों में हम भगवान का नाम लें तो हमारा जीवन सफल हो जाएगा। शिव की चाह है तो उनका नाम लेते रहिए।' लोगों ने वीडियो पर राधे-राधे लिखकर प्यार जताया है। कुमार सानू ने पत्नी के खिलाफ जो याचिका दायर की, उसमें दावा किया गया है कि रीटा भट्टाचार्या ने विरल भयानी और फिल्म विंडो जैसे प्लेटफॉर्म पर इंटरव्यू दिए, जिनमें उन्होंने कुमार सानू पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कथित तौर पर दावा किया कि गर्भावस्था के दौरान उन्होंने उन्हें भूखा रखा, रसोई को बंद कर दिया, दूध और चिकित्सा देखभाल से वंचित रखा और प्रेग्नेंसी के दौरान अदालती कार्यवाही की। कुमार सानू ने दो बार शादी की है। उनकी पहली शादी 1986 में रीटा भट्टाचार्या से हुई थी, जिनके साथ उनका तलाक में हो गया। उनके दो बेटे हैं, जिनमें एक का नाम जान कुमार सानू है। कुमार सानू फिलहाल सलोनी भट्टाचार्य से शादीशुदा हैं, जिनसे उन्होंने 2001 में शादी की थी। इस कपल की दो बेटियां हैं।



## मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन और एक्ट्रेस निक्की ग्लेजर ने किया होस्ट

# वन बैटल आफ्टर अनदर बनी बेस्ट फिल्म, एडोलसेंस का दिखा जलवा

*लॉस एंजिल्स। 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 2026 का ऐलान हो गया है। हालांकि, इस बार किसी भी भारतीय फिलम या टीवी सीरीज को कोई नॉमिनेशन नहीं मिला, लेकिन इस इवेंट में देश की मौजूदगी जरूर थी। बॉलीवुड की देसी गर्ल और ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा बतौर अवॉर्ड प्रेजेंटर इस प्रतिष्ठित समारोह का हिस्सा बनीं। भारतीय समय के अनुसार, 12 जनवरी को सुबह 6.30 बजे अवॉर्ड शो शुरू हुआ। इसमें साल 2025 में फिल्म और अमेरिकन टेलीविजन शो को सम्मानित किया। सेरेमनी में पॉल थॉमस एंडरसन की फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर और जैक थॉर्न-स्टीफन ग्राहम की वेब सीरीज 'एडोलेसेंस ने सबसे अधिक 4-4 अवॉर्ड अपने नाम किए। डायरेक्टर क्लो झाओ की बायोग्राफिकल हिस्टोरिकल ड्रामा हैमनेट को बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा का अवॉर्ड मिला, जबकि लियोनार्डो डिकैप्रियो स्टारर वन बैटल आफ्टर अनदर ने बेस्ट मोशन पिक्चर – म्यूजिकल या कॉमेडी के लिए गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड जीता।*

*गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 2026 को मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन और एक्ट्रेस निक्की ग्लेजर ने होस्ट किया। यह इस अवॉर्ड शो की उनकी लगातार दूसरी होस्टिंग थी। सेरेमनी में ब्राजील के हिस्टोरिकल पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म द सीक्रेट एजेंट ने बेस्ट मोशन पिक्चरः नॉन-इंग्लिश लैंग्वेज और बेस्ट एक्टर इन ए मोशन पिक्चरः ड्रामा (वैगनर मौरा), जैसे 2 बड़े अवॉर्ड जीते। जबकि बेस्ट पिक्चर के अलावा, हैमनेट के लिए जेसी बकले को बेस्ट एक्ट्रेस इन ए मोशन पिक्चर – ड्रामा का गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड भी मिला।*




## डॉन चेडले और जॉर्ज क्लूनी की मस्ती

एक्टर डॉन चेडले मंच पर 64 साल के जॉर्ज क्लूनी के साथ पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने इवेंट में मौजूद टिमोथी चालमेट से उनकी उम्र पूछी। टिमोथी ने बताया कि वो 30 साल के हैं। इस पर डॉन, साथ खड़े जॉर्ज क्लूनी से बोले- 'आखिरी बार जब तुमने गोल्डन ग्लोब जीता था तब टिमोथी मात्र 3 साल का था।'

## बेबी बंप के साथ स्टेज पर अवॉर्ड देने पहुंचीं हैली स्टैनफेल्ड

अमेरिकन एक्ट्रेस और सिंगर हैली स्टैनफेल्ड रेड कारपेट पर बेबी बंप के साथ नजर आईं। वे स्टेज प्रेजेंटर भी बनीं। उन्होंने बेस्ट लिमिटेज सीरीज, एंथोलॉजी सीरीज और मोशन पिक्चर का अवॉर्ड अनाउंस किया।

***'वन बैटल आफ्टर अनदर' बनी बेस्ट पिक्चर - म्यूजिकल/ कॉमेडी*** : 83वें गोल्डन ग्लोब्स अवॉर्ड्स में लियोनार्डो डिकैप्रियो स्टारर 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का जलवा, बेस्ट पिक्चर - म्यूजिकल/कॉमेडी।

## टिमोथी और रोज़ को बेस्ट एक्टर-बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

समारोह के दूसरे बड़े विजेताओं में 'मार्टी सुप्रीम' के लिए टिमोथी चालमेट (बेस्ट एक्टर इन ए मोशन पिक्चर – म्यूजिकल या कॉमेडी), 'इफ आई हैड लेग्स आई वुड किक यू' के लिए रोज़ बर्न (बेस्ट एक्ट्रेस इन ए मोशन पिक्चर – म्यूजिकल या कॉमेडी) को अवॉर्ड मिला। 'द पिट' को बेस्ट टेलीविजन सीरीज – ड्रामा का अवॉर्ड दिया गया, और 'द स्टूडियो' को बेस्ट टीवी सीरीज – म्यूजिकल या कॉमेडी का पुरस्कार मिला।

## सर्वश्रेष्ठ फिल्म मोशन पिक्चर- ड्रामा : हैमनेट

सर्वश्रेष्ठ फिल्म मोशन पिक्चर – म्यूजिकल/कॉमेडीः वन बैटल आफ्टर अनदर
सर्वश्रेष्ठ निर्देशकः पॉल थॉमस एंडरसन (वन बैटल आफ्टर अनदर)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता मोशन पिक्चर – ड्रामाः वैगनर मौरा (द सीक्रेट एजेंट)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री मोशन पिक्चर – ड्रामाः जेसी बकले (हैमनेट)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता मोशन पिक्चर – म्यूजिकल/कॉमेडीः टिमोथी चालमेट (मार्टी सुप्रीम)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री मोशन पिक्चर – म्यूजिकल/कॉमेडीः रोज बायरन (इफ आई हैड लेग्स आई'ड किक यू)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता मोशन पिक्चरः स्टेलन स्कार्सगार्ड (सेंटीमेंटल वैल्यू)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री मोशन पिक्चरः टेयाना टेलर (वन बैटल आफ्टर अनदर)
सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फिल्मः के-पॉप डेमन हंटर्स
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता टेलीविजन सीरीज/म्यूजिकल/कॉमेडीः सेठ रोजन (द स्टूडियो)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री टेलीविजन- एरिन डोहर्टी (एडोलसेंस)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता टेलीविजन- ओवेन कूपर (एडोलसेंस)
बेस्ट परफॉर्मेंस इन स्टैंड-अप कॉमेडी- रिकी गेरवाइस
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री टेलीविजन लिमिटेड सीरीज, एंथोलॉदी सीरीज या टेलीविजन मोशन पिक्चर - मिशेल विलियम्स (डाइंग फॉर...)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता टेलीविजन लिमिटेड सीरीज, एंथोलॉदी सीरीज या टेलीविजन मोशन पिक्चर- स्टीफन ग्राहम (एडोलसेंस)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता टेलीविजन सीरीज/ड्रामा- नोआ वाइल (द पिट)

# वनडे सीरीज पर कब्जे के लक्ष्य के साथ न्यूजीलैंड से भिड़ेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶ राजकोट

विराट कोहली की शानदार फॉर्म ने भारत की कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों को लेकर बढ़ती चिंताओं को कुछ हद तक कम कर दिया है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ 14 जनवरी को होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके तीन मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा।

भारत ने वडोदरा में खेले गए पहले मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया था। वाशिंगटन सुंदर उस मैच में चोटिल हो गए थे और वह वनडे श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। चयनकर्ताओं ने दिल्ली के आयुष बडोनी को टीम में शामिल किया है, लेकिन भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर की ऑलराउंडर को प्राथमिकता देने की रणनीति को देखते हुए नीतीश कुमार रेड्डी के रूप में एक और ऑलराउंडर को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है।

ऋषभ पंत पहले वनडे से पूर्व चोटिल होने के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए थे। चयनकर्ताओं ने उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल करने का फैसला किया, जो टीम प्रबंधन के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में एक और विकल्प हो सकते हैं।



### कीवी टीम का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर

कीवी टीम का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत नहीं है और भारतीय बल्लेबाज इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। पहले मैच में कप्तान शुभमन गिल ने सधी हुई अर्धशतकीय पारी खेली जबकि उप कप्तान श्रेयस अय्यर एक रन से अर्धशतक बनाने से चूक गए। रोहित शर्मा फिर से भारत को अच्छी शुरुआत दिलाने की कोशिश करेंगे।

### भारत के पास कई विकल्प

भारतीय टीम के पास कई विकल्प हैं लेकिन अगले महीने से शुरू होने वाले टीम टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए वह किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहेगी। टी20 टीम में वनडे टीम से बिल्कुल अलग बल्लेबाजी क्रम होगा। लेकिन कुछ नाम दोनों टीमों में समान हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण नाम ऑलराउंडर तिलक वर्मा का है, जो ग्रोइन की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ कम से कम पहले तीन टी20 मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

### निगाह कोहली-रोहित पर

भारतीय टीम की इन चिंताओं के बीच सभी की निगाह कोहली और रोहित शर्मा पर टिकी रहेगी जो अब अपने करियर के अंतिम पड़ाव में हैं। पहले मैच में कोहली वनडे में अपने 54वें शतक से चूक गए, लेकिन उनकी 91 गेंदों पर खेली गई 93 रन की पारी ने भारत की जीत की नींव रखी।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, नितीश कुमार रेड्डी, आयुष बडोनी, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड :** माइकल ब्रैसवेल (कप्तान), डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), मिशेल हे (विकेटकीपर), निक केली, हेनरी निकोल्स, विल यंग, जोश क्लार्कसन, जैक फाउल्स, डैरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, आदित्य अशोक, क्रिस्टियन क्लार्क, काइल जैमीसन, जेडन लेनोक्स, माइकल रे।

संन्यास की घोषणा

# एक युग का अंत, भारत सीरीज के बाद एलिसा छोड़ेंगीं बल्ला




एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटरों में से एक एलिसा हीली मार्च में भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। यह 35 वर्षीय खिलाड़ी भारत के खिलाफ पर्थ में होने वाली तीन वनडे और एकमात्र महिला टेस्ट मैच की श्रृंखला में आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगी। हीली भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला में नहीं खेलेंगी क्योंकि वह इस साल ब्रिटेन में होने वाले टी20 विश्व कप में हिस्सा नहीं लेंगी।

### प्रतिस्पर्धात्मक भावना हुई कम

महिला क्रिकेट की सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक हीली ने बयान में कहा, 'भारत के खिलाफ आगामी श्रृंखला ऑस्ट्रेलिया के लिए मेरी आखिरी श्रृंखला होगी। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने का मेरा जुनून अभी भी बरकरार है, लेकिन मेरे अंदर वह प्रतिस्पर्धात्मक भावना कुछ हद तक कम हो गई है, जिसने मुझे शुरुआत से ही प्रेरित किया है, इसलिए यह संन्यास लेने का सही समय लगता है।' उन्होंने कहा, 'यह जानते हुए कि मैं इस साल टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाऊंगी और टीम के पास तैयारी के लिए सीमित समय है, मैं भारत के खिलाफ टी20 मैचों का हिस्सा नहीं रहूंगी। लेकिन मुझे घरेलू मैदान पर अपना करियर समाप्त करने और भारत के खिलाफ वनडे और टेस्ट टीम की कप्तानी का अवसर मिलने से बहुत खुशी है।

### ऑस्ट्रेलिया के दबदबे में हीली की अहम भूमिका

पिछले एक दशक में ऑस्ट्रेलिया के दबदबे में हीली ने अहम भूमिका निभाई है। उनकी मौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया ने आठ विश्व खिताब जीते हैं, जिनमें से छह टी20 प्रारुप में और दो एक दिवसीय क्रिकेट में हैं। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 10 टेस्ट, 123 वनडे और 162 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने अब तक 30.56 के औसत से 489 टेस्ट रन, 35.98 के औसत से 3563 वनडे रन (सात शतक सहित) और 25.45 के औसत से 3054 टी20 अंतरराष्ट्रीय रन (एक शतक सहित) बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क से शादी करने वाली इस क्रिकेटर ने कहा, 'मुझे कुछ चोटों से भी जूझना पड़ा। मुझे कई बार डाइव लगानी पड़ी लेकिन अब मुझे लगता है कि हम मुश्किल होता जा रहा है।'

## खबर संक्षेप



### राओनिच ने छोड़ा कोर्ट टेनिस से लिया संन्यास

**ओटावा।** विंबलडन के पूर्व फाइनलिस्ट मिलोस राओनिच ने टेनिस से संन्यास ले लिया है। राओनिच 2016 में विंबलडन में ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले कनाडा के पहले पुरुष खिलाड़ी बने थे। उन्होंने सेमीफाइनल में रोजर फेडरर को 6-3, 6-7, 4-6, 7-5, 6-3 से हराया था लेकिन फाइनल में एंडी मरे से हार गए थे। उस वर्ष उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी। वह उस वर्ष अपनी करियर की सर्वोच्च रैंकिंग तीन पर भी पहुंचे थे। राओनिच ने एक्स पर लिखा, 'अपने सपनों को साकार करने और उन्हें पूरा करने का मौका पाकर मैं खुद को सबसे भाग्यशाली व्यक्ति मानता हूं। लेकिन अब अलविदा कहने का समय आ गया है। मैं टेनिस से संन्यास ले रहा हूं।' अपनी तीखी सर्विस के कारण 'मिसाइल' नाम पाने वाले राओनिच ने 2011 में पेशेवर बनने के बाद आठ एटीपी एकल खिताब जीते। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी के नाम पर तीन सेट के मैच में सबसे अधिक ऐस (47) लगाने का रिकॉर्ड है, जो उन्होंने 2024 में क्वींस क्लब टूर्नामेंट में बनाया था। उन्होंने अपने करियर का अंतिम मैच पेरिस ओलंपिक में खेला था, जिसमें उन्हें पहले दौर में डोमिनिक कोएफ़र से 7-6, 6-7, 6-7 से हार का सामना करना पड़ा था।

### नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता में खेलेंगे कार्लसन



**नई दिल्ली।** शतरंज के दिग्गज मैग्नस कार्लसन ने आगामी नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अपनी भागीदारी को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा है कि वह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जो इस बार स्टावेंजर की जगह ओस्लो में खेली जाएगी। कार्लसन पिछले 13 वर्षों में अपनी घरेलू धरती पर होने वाले टूर्नामेंट में हमेशा खेलते रहे हैं लेकिन हाल में उन्होंने क्लासिकल शतरंज से दूरी बढ़ाने का फैसला किया था, जिससे उनका इस प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर संदेह पैदा हो गया था। नॉर्वे शतरंज क्लासिकल प्रारुप का टूर्नामेंट है और कार्लसन इसे सात बार जीत चुके हैं। आयोजकों ने कहा, 'मैग्नस कार्लसन नॉर्वे शतरंज 2026 में अपनी भागीदारी की सार्वजनिक रूप से पुष्टि करने वाले पहले खिलाड़ी हैं। शेष प्रतिभागियों की घोषणा आने वाले सप्ताहों में की जाएगी। इसके साथ ही नॉर्वे शतरंज में भाग लेने वाली महिला खिलाड़ियों की सूची भी जारी की जाएगी।' नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता 25 मई से पांच जून तक ओस्लो में खेली जाएगी।

विजय हजारे ट्रॉफी : पंजाब के 4 बल्लेबाजों ने जड़े अर्धशतक, मध्यप्रदेश टीम 162 रन पर सिमटी

# पंजाब ने बनाया 345 का विशाल स्कोर, मप्र को 183 रन से हराया, सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

अपने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर पंजाब ने मध्यप्रदेश को 183 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर पंजाब ने कप्तान प्रभसिमरन सिंह के 86 गेंद में 88 रन, अनमोलप्रीत सिंह के 62 गेंद में 70, नेहाल वढेरा के 38 गेंद में 56 और हरनूर सिंह के 71 गेंद में 51 रन की मदद से छह विकेट पर 345 रन बनाए। रमनदीप सिंह ने 15 गेंद में 24 रन बनाए । मध्यप्रदेश के लिए त्रिपुरेश सिंह और कप्तान वेंकटेश अय्यर ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में मध्यप्रदेश की टीम 31.2 ओवर में 162 रन पर आउट हो गई।



### प्रभसिमरन और हरनूर ने जोड़े 166 रन

पहले गेंदबाजी का अय्यर का फैसला सफल नहीं रहा और पंजाब को शानदार शुरुआत देते हुए प्रभसिमरन और हरनूर ने पहले विकेट के लिए 21 ओवर में 166 रन जोड़े। आर्यन पांडे नू 22वें ओवर में हरनूर को आउट करके मध्यप्रदेश को पहली सफलता दिलाई। लेकिन इसके बाद अनमोलप्रीत ने आकर तेजी से रन बनाना जारी रखा। प्रभसिमरन हालांकि शतक से चूक गए और कुलदीप सेन की गेंद पर 30वें ओवर में सारांश जैन को कैच दे बैठे। नमन धीर भी 23 रन बनाकर आउट हो गए और एस समय पंजाब का स्कोर तीन विकेट पर 199 रन था। वढेरा ने चौथे विकेट के लिए अनमोलप्रीत के साथ 76 रन की ताबड़तोड़ साझेदारी की।

### मध्यप्रदेश की शुरुआत खराब

जवाब में मध्यप्रदेश की शुरुआत खराब रही और 17वें ओवर में उसके पांच विकेट 66 रन पर गिर गए थे । रजत पाटीदार 40 गेंद में 38 रन बनाकर आउट हुए तब स्कोर सात विकेट पर 132 रन था। पाटीदार के अलावा त्रिपुरेश सिंह ने 31 रन बनाए। पंजाब के लिए सनवीर सिंह ने छह ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिए।

### क्वार्टर फाइनल में विदर्भ ने दिल्ली को 76 रन से हराया

पिछले सत्र के उपविजेता विदर्भ ने अनुशासित और ऑलराउंड खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली को 76 रन से हराकर विजय हजारे एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विदर्भ सेमीफाइनल में कर्नाटक का सामना करेगा। पिछले सत्र में इन दोनों टीमों के बीच फाइनल खेला गया था। सौराष्ट्र शुक्रवार को होने वाले एक अन्य सेमीफाइनल में पंजाब का सामना करेगा।

### विदर्भ ने बनाए 300/9 रन

विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 300 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर बनाया। उसकी तरफ से यश राठौड़ ने 86 और सलामी बल्लेबाज अथर्व तायडे ने 62 रन का योगदान दिया। इसके जवाब में दिल्ली की टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर आउट हो गई। विदर्भ की तरफ से तेज गेंदबाज नचिकेत भूटे ने 7.1 ओवर में 51 रन देकर चार विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर और कप्तान हर्ष दुबे ने भी नौ ओवरों में 36 रन देकर तीन विकेट लेकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जबकि नई गेंद के गेंदबाज प्रफुल हिंगे ने 54 रन देकर दो विकेट लेकर उपयोगी योगदान दिया।

### रावत ने दिल्ली के लिए किया संघर्ष

विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत ने दिल्ली के लिए अकेले संघर्ष करते हुए 98 गेंदों पर 66 रन बनाए, लेकिन यह टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए पर्याप्त नहीं था। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए रावत ने शीर्ष और मध्य क्रम के लड़खड़ाने के बाद पारी को संभालने की कोशिश की और मयंक गुसांई (18), हर्ष त्यागी (27) और ऋतिक शोकीन (21) के साथ उपयोगी रन जोड़े।

एसए20

# प्रिटोरिया कैपिटल्स ने मुंबई केपटाउन को दी शिकस्त

## रदरफोर्ड ने खेली विस्फोटक पारी




एजेंसी ▶▶ सेंचुरियन

साउथ अफ्रीका टी20 लीग में प्रिटोरिया कैपिटल्स और मुंबई केपटाउन के बीच सुपरस्पोर्ट पार्क क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में शेरफेन रदरफोर्ड की विस्फोटक शतकीय पारी की बदौलत प्रिटोरिया कैपिटल्स ने 53 रन से जीत दर्ज की। प्रिटोरिया कैपिटल्स ने टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 185 रन बनाए थे। प्रिटोरिया को शुरुआत अच्छी नहीं मिली थी और सलामी बल्लेबाज शाई होप मात्र 7 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद आने वाले बल्लेबाजों ने छोटी-छोटी पारियां खेलते हुए और अहम साझेदारियां करते हुए स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया। कॉनर एस्टरहुइजन ने 20 गेंद पर 24, विहान लुबे ने 19 गेंद पर 21, जॉर्डन कॉक्स ने 25 गेंद पर 24 रन बनाए।

### ब्रेविस-रदरफोर्ड ने की पांचवें विकेट के लिए तेज साझेदारी

12.4 ओवर में 89 पर 4 विकेट खो चुकी प्रिटोरिया के लिए डेवाल्ड ब्रेविस और शेरफेन रदरफोर्ड ने पांचवें विकेट के लिए 34 गेंद पर 69 रन की तेज साझेदारी की। इस साझेदारी ने प्रिटोरिया की पारी को गति दी। ब्रेविस 19 गेंद पर 3 छक्के और 1 चौके की मदद से 34 रन बनाकर आउट हुए। रदरफोर्ड नहीं रुके और 27 गेंद पर 5 छक्कों और 3 चौकों की मदद से 53 रन की पारी खेल टीम का स्कोर 185 तक पहुंचाया। वह पारी की आखिरी गेंद पर आउट हुए। रसेल 5 गेंद पर 11 रन बनाकर नाबाद रहे। 186 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी मुंबई केपटाउन 20 ओवर में 7 विकेट पर 132 रन बना सकी और 53 रन के बड़े अंतर से मैच हार गई। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए रिजा हेंड्रिक्स 50 गेंद पर 4 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 68 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चला। प्रिटोरिया के लिए गिडोन पीटर्स ने 4 ओवर में 32 रन देकर 3 विकेट लिए।

# ऑकलैंड एटीपी टेनिस से बाहर हुए मोनफिल्स



**ऑकलैंड।** मौजूदा चैंपियन गेल मोनफिल्स अपनी पत्नी एलिना स्वितोलिना की तरह करिश्मा दिखाने में नाकाम रहे और ऑकलैंड एटीपी टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार कर बाहर हो गए। मोनफिल्स की पत्नी स्वितोलिना ने तीन दिन पहले इसी कोर्ट पर अपना 19वां डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता था। फ्रांस का यह 39 वर्षीय खिलाड़ी एएसबी क्लासिक टूर्नामेंट में हंगरी के 26 वर्षीय खिलाड़ी फैबियन मारोज़सन से 5-7, 6-3, 6-4 से हार गया। मोनफिल्स ने 2025 में ऑकलैंड में खिताब जीता था। उन्होंने महिला एकल के फाइनल से पहले अपनी पत्नी एलिना से कहा था, 'अगर तुम इस साल नहीं जीत पाती हो तो मुझे नहीं पता कि मैं तुम्हें क्या कहूंगा।' स्वितोलिना और मोनफिल्स पति-पत्नी की उन गिनी चुनी जोड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने एक ही टूर्नामेंट में एक ही समय में एटीपी और डब्ल्यूटीए एकल खिताब जीते हैं।

# होबार्ट में पहले दौर से बाहर हुईं वीनस

एजेंसी ▶▶ होबार्ट



वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन को शुरू होने में अब जबकि एक सप्ताह से भी कम समय बचा है तब 45 वर्षीय वीनस विलियम्स फॉर्म हासिल करने के लिए जूझ रही है। वीनस होबार्ट इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में तात्याना मारिया से 6-4, 6-3 से हार गईं।

वीनस को साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए वाइल्डकार्ड से प्रवेश दिया गया है। उन्हें होबार्ट में खेलने के लिए भी वाइल्डकार्ड मिला था, जहां वह लगभग डेढ़ घंटे तक चले मैच में छठी वरीयता प्राप्त मारिया से हार गईं। विश्व रैंकिंग में 576वें स्थान पर काबिज सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस पिछले सप्ताह न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थीं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन रविवार से शुरू होगा। होबार्ट में पहले दौर के एक अन्य मुकाबले में दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन बारबोरा क्रेज्सिकोवा को पेटन स्टर्न्स से 6-4, 1-6, 7-6 (4) से हार का सामना करना पड़ा।

इंडिया ओपन : लक्ष्य अगले दौर में जापान के केंता निशिमोतो से भिड़ेंगे

# लक्ष्य ने आयुष को 36 मिनट में हराया, दूसरे दौर में एंट्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने हमवतन आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर योनेक्स सनराइज इंडिया ओपन 2026 सुपर 750 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। वर्ष 2022 के चैंपियन लक्ष्य ने आईजी स्टेडियम में खेले जा रहे इस 9,50,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट के पहले दौर में आयुष को सिर्फ 36 मिनट में 21-12, 21-15 से हराया। आयुष पहली बार इंडिया ओपन में खेल रहे थे। चौबीस साल के लक्ष्य अगले दौर में जापान के केंता निशिमोतो से भिड़ेंगे, जिन्होंने 21-6, 7-5 के स्कोर पर अपने सातवें वरीय हमवतन प्रतिद्वंद्वी कोडाई नारोका के मुकाबले से हटने पर दूसरे दौर में प्रवेश किया।




### लक्ष्य ने दिखाया बेहतर खेल

लक्ष्य ने बेहतर खेल दिखाया और परिस्थितियों से बेहतर ढंग से सामंजस्य बैठाने में सफल रहे। आयुष ने कुछ मौकों पर अच्छी टक्कर दी लेकिन लक्ष्य का बड़े मुकाबलों में खेलने का अनुभव उनके काम आया।

### दूसरे दौर में लेई - वरदानी

कनाडा के विक्टर लेई ने तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए योनेक्स सनराइज इंडिया ओपन 2026 सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि उनके हमवतन ब्रायन यांग ने उलटफेर करते हुए चौथे वरीय चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन को सीधे गेम में हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। महिला एकल में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वरदानी तथा थाईलैंड की अनुभवी सातवीं वरीय रतचानोक इंतानोन जीत दर्ज करने में सफल रहीं। इक्कीस साल के विक्टर ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 21-12, 16-21, 21-8 से हराया जबकि यांग ने टिएन चेन को सीधे गेम में 21-19, 21-11 से शिकस्त दी।

### त्रीसा-गायत्री की जोड़ी ने मारी दूसरे दौर में एंट्री

त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारत की शीर्ष महिला युगल जोड़ी ने सीधे गेम में जीत के साथ इंडिया ओपन 2026 सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। त्रीसा और गायत्री की जोड़ी ने ओर्निचा जोंगसथापोनपार्न और सुकिता सुवाचाई की थाईलैंड की जोड़ी को 42 मिनट में 21-15, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। त्रीसा और गायत्री ने पूरे मैच के दौरान दमदार खेल दिखाया। भारतीय जोड़ी ने नेट पर शानदार खेल दिखाने के अलावा स्मैश से भी काफी अंक जुटाए। थाईलैंड की जोड़ी ने दूसरे गेम में बेहतर शुरुआत की थी लेकिन त्रीसा और गायत्री वापसी करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रहीं।




हाईकोर्ट का अहम फैसला

# इन-सर्विस डॉक्टरों को पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स के बाद ग्रामीण सेवा के लिए बॉन्ड भरने की जरूरत नहीं

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने व्यवस्था दी है कि राज्य सरकार की सेवा में कार्यरत (इन-सर्विस) डॉक्टरों को मेडिकल पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स पूरा करने के बाद ग्रामीण सेवा के लिए बॉन्ड भरने की आवश्यकता नहीं है। जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने कहा कि मध्य प्रदेश स्वायत्त मेडिकल एवं दंत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (डिग्री/डिप्लोमा) प्रवेश नियम, 2017 का नियम 11 इन-सर्विस डॉक्टरों पर लागू नहीं होता। नियम 11 की व्याख्या करते हुए हाइकोर्ट ने कहा कि यह प्रावधान चयनित अभ्यर्थियों पर लागू होता है, लेकिन उन पर नहीं जो पहले से सरकारी सेवा में हैं।



दरअसल, डॉ. दीपाली बैरवा ने याचिका दायर कर बताया कि उन्होंने भोपाल के डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन के समक्ष ग्रामीण सेवा से जुड़े बॉन्ड से मुक्त किए जाने और उनके मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र लौटाने की मांग की थी। याचिकाकर्ता ने मार्च 2017 में एनेस्थीसिया में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पूरा किया था। इसके बाद उन्हें मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी, जबलपुर द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया गया। जुलाई 2017 में उन्होंने मेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन कराया। याचिकाकर्ता का तर्क था कि पीजी डिप्लोमा का परिणाम घोषित होने के तीन महीने के भीतर उन्हें ग्रामीण पदस्थापना का कोई आदेश जारी नहीं किया गया, इसलिए नियमों के अनुसार उन्हें बॉन्ड की शर्तों से मुक्त किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी दलील दी गई कि प्री-पीजी नियम, 2014 के तहत यदि तीन महीने की अवधि में ग्रामीण सेवा का नियुक्ति आदेश जारी नहीं होता है तो बॉन्ड स्वतः निरस्त माना जाता है।

वहीं राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता के मूल प्रमाण पत्र पहले ही अगस्त 2017 में एक अंतरिम आदेश के अनुपालन में लौटा दिए गए। इसके साथ ही यह भी कहा गया कि याचिकाकर्ता को जो अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दिया गया, उसमें स्पष्ट शर्त थी कि सुपर स्पेशियलिटी/पीजी पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद उन्हें एक वर्ष की अनिवार्य ग्रामीण सेवा करनी होगी। याचिकाकर्ता को दिसंबर 2016 में रतलाम में मेडिकल ऑफिसर के रूप में नियुक्त किया गया और पीजी डिप्लोमा के दौरान वह पहले से ही सरकारी सेवा में थीं। आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति मिलने से पहले ही याचिकाकर्ता बिना स्वीकृति के अवकाश पर चली गईं। एमजी मेडिकल कॉलेज, इंदौर द्वारा जारी एनओसी में मूल प्रमाण पत्र लौटाते समय यह शर्त रखी गई कि याचिकाकर्ता एक वर्ष की ग्रामीण सेवा पूरी करेंगी। साथ ही कोर्ट ने यह भी पाया कि याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में यह महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया कि वह पहले से ही रतलाम में मेडिकल ऑफिसर के रूप में नियुक्त थीं। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता ने तथ्य छिपाकर याचिका दायर की है। इस मत के साथ याचिका खारिज कर दी।

हाईकोर्ट का फैसला

## पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए कोर्ट की एनओसी जरूरी नहीं

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि यदि किसी व्यक्ति के विरुद्ध अदालत में कोई प्रकरण लंबित है, तो महज इस आधार पर उसके पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए संबंधित न्यायालय से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेना अनिवार्य नहीं है। जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने अपने एक फैसले में यह महत्वपूर्ण टिप्पणी की। याचिकाकर्ता जिनेंद्र जैन की ओर से अधिवक्ता आकाश सिंघई ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि पासपोर्ट अधिनियम व संबंधित नियमों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जो प्रत्येक लंबित प्रकरण में न्यायालय से एनओसी प्राप्त करना आवश्यक बनाता हो। लिहाजा, पासपोर्ट प्राधिकरण द्वारा पासपोर्ट नवीनीकरण से इंकार नहीं किया जा सकता। दरअसल, इसीलिए रीजनल पासपोर्ट आफिस, भोपाल द्वारा आवेदन दरकिनार किए जाने की सूरत में याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट आना पड़ा। उसके विरुद्ध कोर्ट में प्रकरण लंबित होने के आधार पर कोर्ट की एनओसी मांगी जा रही थी। कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर याचिकाकर्ता के हक में आदेश सुना दिया। यह निर्णय उन नागरिकों के लिए बड़ी राहत है, जिनके विरुद्ध लंबित मामलों के कारण पासपोर्ट नवीनीकरण में अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न की जा रही थीं। इस आदेश से नागरिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित होगी।

## ग्राम रोजगार सहायक को नियुक्ति देने हाई कोर्ट के आदेश

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने ग्राम रोजगार सहायक को राहत प्रदान कर दी। इसके अंतर्गत पुनः नियुक्ति दिए जाने का आदेश सुनाया गया। साथ ही क्षतिपूर्ति बतौर 25 प्रतिशत राशि देने के निर्देश दिए गए। याचिकाकर्ता सिवनी निवासी सुनील डेहरिया की ओर से अधिवक्ता सुनंदा केशरवानी, रक्षा श्रीवास्तव, भरत दुबे व जी दीपक ने दलील दी कि याचिकाकर्ता 2018 में स्वास्थ्य खराब होने के कारण अधिकारी को सूचित कर अवकाश पर था। इसके बावजूद उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया। लिहाजा, कलेक्टर सिवनी व संभागायुक्त जबलपुर के समक्ष अपील की गई। लेकिन कोई राहत नहीं मिली। जिसके बाद हाई कोर्ट की शरण ली गई है।

रीवा-मुंबई-रीवा स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़े

# जबलपुर होकर अब फरवरी के अंत तक चलेगी

हरिभूमि जबलपुर।

पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल के रीवा से मुंबई (सीएसएमटी) के बीच चलने वाली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की समय सीमा बढ़ा दी है। यात्रियों की भीड़ और मांग को देखते हुए रेलवे ने इस ट्रेन को अब फरवरी 2026 के अंत तक चलाने का फैसला किया है। यह स्पेशल ट्रेन पहले 16 जनवरी 2026 तक के लिए ही प्रस्तावित थी। नए आदेश के अनुसार, अब यह रीवा से हर गुरुवार को 26 फरवरी तक और मुंबई (सीएसएमटी) से हर शुक्रवार को 27 फरवरी तक चलेगी। इस विस्तार से दोनों दिशाओं में यात्रियों को 7-7 अतिरिक्त फेरों की सुविधा मिलेगी।




### ट्रेन की समय-सारणी और रूट

- गाड़ी संख्या 02187 (रीवा-मुंबई): हर गुरुवार दोपहर 3:50 बजे रीवा से चलकर रात 11:20 बजे इटारसी पहुंचेगी और अगले दिन दोपहर 12:20 बजे मुंबई पहुंचेगी।
- गाड़ी संख्या 02188 (मुंबई-रीवा): हर शुक्रवार दोपहर 1:30 बजे मुंबई से रवाना होकर रात 1:15 बजे इटारसी पहुंचेगी और शनिवार सुबह 9:45 बजे रीवा पहुंचेगी।

### इन स्टेशनों पर हॉल्ट

यह ट्रेन अपनी यात्रा के दौरान सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, मनमाड, नासिक, इगतपुरी, कल्याण और दादर स्टेशनों पर रुकेगी. इस फैसले से विंध्य और महाकौशल क्षेत्र के यात्रियों को मुंबई आने-जाने में काफी राहत मिलेगी।

### कोच संरचना

इस ट्रेन में 1 वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी, 1 वातानुकूलित टू टियर, 4 वातानुकूलित-थ्री टियर, 12 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 2 द्वितीय श्रेणी-सह-गार्ड की ब्रेक वैन सहित कुल 24 कोच होंगे।

## रेल-वन ऐप से डिजिटल भुगतान पर छूट आज से

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों के यात्रियों के लिए रेलवे द्वारा संचालित रेलवन ऐप के माध्यम से अनारक्षित रेल टिकट खरीदने पर मिलने वाली 3 प्रतिशत बोनस छूट की सुविधा का दायरा बढ़ाया गया है। यह व्यवस्था प्रायोगिक आधार पर दिनांक 14 जनवरी 2026 से 14 जुलाई 2026 तक लागू की जा रही है। अब तक रेलवन ऐप पर अनारक्षित टिकट बुक करते समय केवल आर-वॉलेट के माध्यम से भुगतान करने पर ही 3 प्रतिशत बोनस कैशबैक की सुविधा उपलब्ध थी। रेलवे की यह पहल कैशलेस लेन-देन को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ डिजिटल इंडिया अभियान को मजबूती प्रदान करेगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240